

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 20 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


श्रद्धा और संस्कृति में भी विभाजन खोजने वालों को जनता का जवाब

## यमुना पर नकारात्मक राजनीति



छठ पर्व लोकआस्था, शुद्धता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व उस जीवन-दर्शन का हिस्सा है जिसमें जल, सूर्य और धरती को देवत्व का रूप दिया गया है लेकिन इस पर्व को भी नकारात्मक राजनीति ने नहीं बख्शा। आस्था का सम्मान न कर यमुना को जिस तरह से राजनीति का जरिया बनया गया उससे सवाल उठना लाजिमी है कि श्रद्धा और संस्कृति में भी विभाजन खोजने वालों की कोई सीमा है?

हाल ही में दिल्ली में छठ पर्व के अवसर पर जो दृश्य देखने को मिला उसने वर्षों पुराने दृश्य को पलट दिया। पहले जहां श्रद्धालु झागदार और गंदे पानी में पूजा, स्नान करने को मजबूर थे, वहीं इस बार दिल्ली में सरकार ने स्वच्छ जल की व्यवस्था, साफ घाटों, रोशनी और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। श्रद्धालुओं ने निश्चिंत होकर आस्था का पर्व मनाया। यह परिवर्तन प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ लोकपरंपरा के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण था।

इस सकारात्मक पहल पर भी राजनीति हावी हो गई। विपक्षी दलों ने इस प्रयास को जनसहभागिता और आस्था का उत्सव मानने के बजाय 'राजनीतिक दिखावा' बताने का प्रयास किया। प्रश्न यह है कि क्या स्वच्छ यमुना और स्वच्छ पर्व की पहल को भी राजनीतिक नजरिए से देखा जाना चाहिए? क्या हर कार्य का मूल्यांकन अब केवल दलगत दृष्टि से ही होगा?

### राजनीति और आस्था के बीच की रेखा धुंधली क्यों?

दिल्ली में यमुना का शुद्धिकरण केवल प्रशासनिक कार्य नहीं बल्कि सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। वर्षों तक प्रदूषण की मार झेलने के बाद जब श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल में छठ मनाने का अवसर मिला तो यह केवल सरकार की सफलता नहीं बल्कि सामूहिक आस्था की जीत थी। इसके बावजूद जब विपक्ष इस प्रयास की आलोचना करता है तो वह न केवल सरकार बल्कि समाज की भावनाओं को भी आहत करता है।

छठ पर्व बिहार और पूर्वांचल की अस्मिता से जुड़ा लोकपर्व है। करोड़ों लोगों की श्रद्धा इस पर्व से बंधी है। यह त्योहार स्वच्छता, संयम और परिवार-समर्पण का प्रतीक है लेकिन हाल के दिनों में विपक्ष के नेताओं द्वारा दिए गए बयान ने इस पर्व की गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगा दिया। राहुल गांधी ने जिस तरह से छठ और उससे जुड़ी परंपराओं पर टिप्पणी की वह केवल राजनीतिक आलोचना नहीं बल्कि सांस्कृतिक असंवेदनशीलता है।

लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं पर लोकआस्था का अपमान कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता। जब कोई नेता लोकपर्वों को राजनीति की भाषा में अपमानित करता है तो वह केवल किसी सरकार को नहीं बल्कि उस संस्कृति को नीचा दिखाता है जिसने भारत को 'वसुधैव कुटुंबकम' का भाव दिया।

### विकास और धर्म का संतुलन

इसमें कोई दोराय नहीं कि बीते एक दशक में 'विकास' और 'धर्म' के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण और अब दिल्ली में यमुना तटों का सौंदर्यीकरण ये सब उस सोच का हिस्सा है जिसमें आस्था को प्रशासनिक प्राथमिकता दी गई है। यह केवल राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रक्रिया है।

छठ के दौरान दिल्ली में हुए सुधार इसी विचारधारा का विस्तार हैं। स्वच्छ घाट, बेहतर व्यवस्थाएं और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा यह दिखाता है कि सरकार ने केवल औपचारिकता नहीं निभाई बल्कि लोकभावना को केंद्र में रखकर कार्य किया।

### आस्था का अपमान क्यों?

राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब भावनाओं से नहीं परिणामों से जुड़ती है।

# भारत ने रचा इतिहास: ग्रीन एनर्जी की हिस्सेदारी 51% पहुंची, जीवाश्म ईंधन से आगे निकला देश

## पहली बार रिन्यूएबल, हाइड्रो और न्यूक्लियर से उत्पन्न बिजली की हिस्सेदारी 51% तक पहुंची, सीओपी26 लक्ष्य 2030 से पहले हासिल।



### "ग्रीन एनर्जी में भारत की रफ्तार"

- कुल उत्पादन क्षमताः 500.89 GW
- रिन्यूएबल + हाइड्रो + न्यूक्लियरः 256.09
- GW (51%)
- जीवाश्म ईंधन आधारितः 244.80 ग्ह (49%)
- सोलरः 127.33 GW
- विंडः 53.12 GW
- 2025 की पहली छमाही में 28 GW की वृद्धि

### "2030 से पहले लक्ष्य हासिल"

"भारत ने यह सफलता बिजली ग्रिड को स्थिर रखते हुए प्राप्त की है। इससे ऊर्जा क्षेत्र में नए रोजगार और अवसर पैदा हो रहे हैं।"

— विद्युत मंत्रालय का बयान

## भारत ने रचा इतिहास: ग्रीन एनर्जी की हिस्सेदारी 51% पहुंची

नई दिल्ली। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 30 सितंबर 2025 तक देश की कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 500.89 गीगावाट पहुंच चुकी है, जिसमें ग्रीन एनर्जी (रिन्यूएबल, हाइड्रो और न्यूक्लियर) की हिस्सेदारी बढ़कर 256.09 गीगावाट या 51 प्रतिशत हो गई है। यह पहली बार है जब भारत की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता, जीवाश्म ईंधन स्रोतों की क्षमता से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने बताया कि जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन अब कुल क्षमता का 49% यानी 244.80 गीगावाट रह गया है। यह दर्शाता है कि देश का एनर्जी मिक्स अब तेजी से स्वच्छ और सतत दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### सोलर और विंड एनर्जी में बड़ी छलांग

रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में सोलर पावर 127.33 गीगावाट और विंड पावर 53.12 गीगावाट तक पहुंच चुकी है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में 28 गीगावाट की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि जीवाश्म ईंधन में सिर्फ 5.1 गीगावाट की बढ़ोतरी हुई।

### रोजगार और नवाचार के नए अवसर

सरकार ने कहा कि ग्रीन एनर्जी पर बढ़ते फोकस से देश में मैन्युफैक्चरिंग, इंस्टॉलेशन, रखरखाव और इनोवेशन के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हुआ है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को अवसर मिल रहे हैं।

### सीओपी26 लक्ष्य 2030 से पहले हासिल

भारत ने अपने सीओपी26 पंचामृत लक्ष्यों में से एक – स्थापित बिजली क्षमता का 50% गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त करना – 2030 की समय सीमा से पाँच साल पहले ही हासिल कर लिया। यह भारत को वैश्विक स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी देशों की सूची में शामिल करता है।

# शेयर बाजार में तेजी का दौर जारी, निफ्टी रिकॉर्ड 26,000 के पार

समाज जागरण



भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 368.97 अंक या 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 84,997.13 और निफ्टी 117.70 अंक या 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,053.90 पर बंद हुआ।

### बाजार में तेजी का नेतृत्व एनर्जी और मेटल शेयरों ने किया

बाजार में तेजी का नेतृत्व एनर्जी और मेटल शेयरों ने किया। निफ्टी एनर्जी 1.93 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 1.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी आईटी 0.64 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.49 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 0.62 प्रतिशत, निफ्टी इन्फ्रा 1.22 प्रतिशत और निफ्टी पीएसई 1.68 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।

### केवल निफ्टी ऑटो 0.73 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ

केवल निफ्टी ऑटो 0.73 प्रतिशत और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, सन फार्मा, ट्रेंट, एशियन पेंट्स, एसबीआई, आईटीसी, टाइटन, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट गेनर्स थे। बीईएल, इटरनल (जोमैटो), एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल और बजाज फिनसर्व लूजर्स थे।

### लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बढ़त दर्ज की गई

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 383.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,149.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 79.95 अंक या 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,487.55 पर था।

### अमेरिका-भारत में ट्रेड डील को लेकर ट्रंप के सकारात्मक बयान ने सेंटीमेंट को बूस्ट करने का काम किया है

जानकारों के मुताबिक, एशियाई बाजारों से सकारात्मक संकेत और वैश्विक बाजार से स्पष्ट रुझान के कारण घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुए। अमेरिका-भारत में ट्रेड डील को लेकर ट्रंप के सकारात्मक बयान ने सेंटीमेंट को बूस्ट करने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि ब्याज दरों को लेकर आने वाले फेड के फैसले पर निवेशकों की निगाहें हैं। माना जा रहा है कि इस बार फेड ब्याज दरों में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है।

### भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत सुबह में तेजी के साथ हुई थी

भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह करीब 9 बजकर 27 मिनट पर सेंसेक्स 202 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 84,830.28 पर कारोबार कर रहा था। वहीं, निफ्टी 70.75 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,006.95 स्तर पर बना हुआ था। (इनपुट-आईएएनएस)

# संतरे जैसा गठबंधन, छिलका उतरते ही बिखर जाएंगे

पटनाः बिहार विधानसभा चुनाव के बीच सियासी बयानबाजी लगातार तेज होती जा रही है. न्यूज 18 इंडिया के विशेष कार्यक्रम 'सबसे बड़ा दंगल' में नेटवर्क 18 के ग्रुप एडिटर इन चीफ राहुल जोशी से बात करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर विपक्ष, खासकर लालू प्रसाद यादव और राजद पर करारा हमला बोला. शाह ने कहा कि लालू जी की मन की इच्छा है कि उनका बेटा मुख्यमंत्री बन जाए, लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है. राज्य में एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेगा.



### पांचों पार्टियां पांडवों की तरह एकजुट

एनडीए की पांचों पार्टियां पांडवों की तरह एकजुट होकर चुनाव लड़ रही हैं. जबकि महागठबंधन (RJD-कांग्रेस आदि) पूरी तरह बिखरा हुआ है. शाह ने कहा, हमारे एनडीए में सब एक हैं मोदी जी का नेतृत्व, नीतीश जी का अनुभव, चिराग पासवान का जोश, मांझी जी की तपस्या और उपेंद्र कुशवाहा जी का अनुभव ये पांचों मिलकर बिहार को आगे बढ़ाने वाले पांच पांडव हैं.

### महागठबंधन संतरे जैसा गठबंधन

वहीं विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, महागठबंधन संतरे जैसा गठबंधन है, छिलका उतरते ही बिखर जाएगा. शाह ने आरोप लगाया कि महागठबंधन के नेता सिर्फ कुर्सी के लिए साथ आए हैं, लेकिन उनके बीच कोई एकता या नीति नहीं है. अमित शाह ने साफ किया कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है और किसी भी तरह की अंदरूनी खींचतान की गुंजाइश नहीं है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ही हमारे मुख्यमंत्री चेहरे हैं, इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और नीतीश जी का अनुभव यही बिहार के विकास की असली ताकत है.

# आजादी के 75 वर्षों के बाद भी रोड के अभाव में जा रही जान

शहडोलः शहडोल जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने इन दावों की हकीकत उजागर कर दी। सड़क के अभाव में एक 29 वर्षीय महिला की जान चली गई।



जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी ने बताया कि जनपद पंचायत ब्यौहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढवा के धरी नंबर 2 में रहने वाली गुड़िया साकेत अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही थी। बारिश के कारण सड़क पर गहरा कीचड़ जमा था। इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह बुरी तरह गिर पड़ी। गंभीर चोट लगने के कारण कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पडा

### कीचड़ भरे रास्ते से गांव तक पहुंचाया

सड़क नहीं होने के कारण शव को एंबुलेंस तक ले जाना भी नामुमकिन था। मजबूरी में परिजनों ने दो डंडों के सहारे महिला का शव कंधे पर रखकर उसी कीचड़ भरे रास्ते से गांव तक पहुंचाया। यह दृश्य हर किसी की आंखें नम कर गया। जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

# श्रीजी गौसदन सेक्टर-94 में गोपाष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय रहे उपस्थित, लव-कुश कांड पर सुंदर नाटिका की प्रस्तुति

समाज जागरण संवाददाता, नोएडा।

नोएडा, 29 अक्टूबर 2025। सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में गोपाष्टमी का भव्य उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय गौ रक्षा प्रमुख श्री दिनेश उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में यजमान श्री गौरव वार्ष्णेय, नोएडा विधायक पंकज सिंह तथा जिला अध्यक्ष महेश चौहान सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए। उत्सव में ब्रह्म स्वरूप कला निकेतन द्वारा "लव-कुश कांड" पर आधारित आकर्षक



नाटिका का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। धार्मिक वातावरण में गोसेवा और गौसंरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। आयोजन में



शहर के गणमान्य नागरिकों, गौभक्तों एवं श्रीजी गौसदन की समस्त कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य गौसंरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और भारतीय संस्कृति में गोपाष्टमी के महत्व को पुनः स्थापित करना बताया गया।

# अक्षय नवमी: सनातन आस्था और अक्षय पुण्य का पर्व

सनातन धर्म में कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला अक्षय नवमी का पर्व, जिसे लोकप्रिय रूप से आंवला नवमी भी कहते हैं, अत्यधिक शुभ और पुण्य फलदायी माना जाता है। इस पावन तिथि का नाम ही इसके महत्व को स्पष्ट करता है, जहां 'अक्षय' शब्द का अर्थ है 'जिसका कभी क्षय न हो' या जो अविनाशी हो। यह मान्यता है कि इस दिन किए गए सभी शुभ कार्यों, पूजा-पाठ, जप, तप और दान का फल अनंत काल तक बना रहता है, जिसके कारण यह तिथि अक्षय तृतीया के समान ही महत्वपूर्ण हो जाती है।

अक्षय नवमी की तिथि हिन्दू पंचांग के अनुसार निर्धारित होती है। यह प्रतिवर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। वर्ष 2025 में यह पर्व 31 अक्टूबर (शुक्रवार) को मनाया जाएगा। पंचांग के नियमों के अनुसार, चूंकि 31 अक्टूबर को नवमी तिथि सूर्योदय के समय व्याप्त है, इसलिए उदयातिथि के सिद्धांत के अनुसार इसी दिन व्रत और पूजन का विधान मान्य होगा। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पवित्र नदियों में स्नान करने या गंगाजल मिश्रित जल से स्नान करने का विशेष महत्व है, जिसके बाद आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय नवमी के दिन द्वापर युग का आरम्भ हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु ने कुशमांड दैत्य का वध कर धरती पर धर्म की स्थापना की थी और भगवान श्रीकृष्ण ने कंस वध से पहले वृंदावन की परिक्रमा भी इसी दिन की थी। कुछ स्रोतों के अनुसार, अक्षय नवमी से ही सतयुग का आरम्भ हुआ था, लेकिन सबसे प्रचलित मान्यता द्वापर युग के आरंभ की है।

कहा जाता है कि एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर आईं और उन्हें यह ज्ञात हुआ कि आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और भगवान शिव दोनों का वास है। तब उन्होंने आंवले के वृक्ष की पूजा की और उसके नीचे भोजन ग्रहण किया। माता लक्ष्मी के इस कार्य से प्रसन्न होकर त्रिदेवों (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) ने उन्हें अक्षय फल का आशीर्वाद दिया। इसी कथा के आधार पर, आज भी भक्तजन इस दिन आंवले के वृक्ष की पूजा कर उसके नीचे बैठकर भोजन करते हैं और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं, ताकि उन पर माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहे।

एक अन्य लोक कथा 'आंवलया राजा' की है, जो यह प्रण लेकर चलते थे कि वे प्रतिदिन सवा मन आंवले का दान करने के बाद ही भोजन ग्रहण करेंगे। उनके बेटे और बहू ने लोभवश उन्हें दान करने से मना किया, जिसके बाद राजा वन चले गए और वहाँ भी उन्होंने आंवले के वृक्ष की पूजा और दान की अपनी परंपरा को जारी रखा। उनके पुण्य प्रताप से वन में भी उन्हें राजसी सुख प्राप्त हुआ, जो दशार्ता है कि निःस्वार्थ भाव से किया गया दान सदैव अक्षय फल देता है और किसी भी परिस्थिति में व्यक्ति का साथ नहीं छोड़ता।

पर्व का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति के गहन मूल्यों को भी दशार्ता है। यह तिथि विशेष रूप से आंवले के वृक्ष की पूजा के लिए समर्पित है। आंवला, जिसे भारतीय संस्कृति में अमृतफल के समान माना गया है, न केवल औषधीय गुणों से भरपूर है, बल्कि यह वृक्ष पूज्यनीय भी है। आंवले के वृक्ष की परिक्रमा करना और उसकी पूजा करना वास्तव में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति आभार व्यक्त करने का एक सुंदर तरीका है। इस प्रकार यह पर्व हमें आधुनिक युग में पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व को समझने का संदेश देता है।

वर्तमान संदर्भ में अक्षय नवमी का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें भौतिकतावादी जीवन से परे जाकर निस्वार्थ कर्म और परोपकार की ओर प्रेरित करता है। आज के दौर में जहां हर कार्य किसी प्रतिफल की अपेक्षा से किया जाता है, वहीं 'अक्षय' फल की अवधारणा हमें यह सिखाती है कि सच्चा सुख और समृद्धि भौतिक संपदा में नहीं, बल्कि उन नेक कार्यों में निहित है जिनका पुण्यफल कभी समाप्त नहीं होता। दान-पुण्य, सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देकर यह पर्व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। मथुरा-वृंदावन में इस दिन की जाने वाली परिक्रमा भी हमें आत्मिक शुद्धि और प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलने का संकेत देती है।

संक्षेप में, अक्षय नवमी केवल एक तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह भारतीय जीवन पद्धति का वह शाश्वत प्रतीक है जो हमें अच्छे कर्मों के माध्यम से एक ऐसा 'अक्षय' कोष बनाने का अवसर देता है, जिसका लाभ हमें इस लोक में ही नहीं, बल्कि परलोक में भी प्राप्त होता है। यह पर्व सनातन आस्था, प्रकृति के प्रति सम्मान और परोपकार के सिद्धांतों को एक साथ समाहित करता है, जो इसे आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनाए हुए हैं।



महेन्द्र तिवारी

# अपना-अपना दुख...!

आज भूखे के पास नहीं है रोटी,
रोटी वाले के पास नहीं है भूख।
जिंदगी ले रहीं हैं कैसे-कैसे मोड़,
हर एक का अपना-अपना दुख।

खुद पर न कर कोई ऐसा गुमान,
यूं सुना ना दे अनचाहा फरमान।
पास में न पैसा खरीदना सामान?
जाने कैसे होंगे सभी के अरमान।

सभी को है खबर जीना हैं दुभर,
फिर भी सांस ले रहें पहर-पहर।
अब यह जिंदगी हो रहीं हैं धुआँ,
ढूंढ रहे हैं पानी कहां पे है कुआं।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

# "बिहार की राजनीति में"भानुमती का पिटारा"



प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

गजब बिहार की राजनीति और नेतागण हैं!! यहां की राजनीति में इमानदारी,सेवा,त्याग, संवैधानिक मान मयार्दा का कोई महत्व हीं नहीं है। राजनीति और जनता दोनों सिर्फ और सिर्फ जाति और धर्म का मानदंड बनाती दिख रही है।--उमाकाका बैठते हीं मुंह बनाये।

काकाजी, महत्व तब होता न,जब किया। राज्य चुनाव में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और पंजाब में केजरीवाल की आप पार्टी के वादे !बरसों बीतने के बावजूद चुनावी वादें बस वादें हीं रह गये हैं और जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है। लेकिन हमारे लोकतंत्र की खुबसूरती देखिये कि ये झूठे वादे कानून की निगाह में और नैतिकता की दृष्टि से,ठगी या अपराध की श्रेणी में नहीं आते है और न हीं सुप्रीम कोर्ट को इसमें "संवैधानिक खतरा" नजर आता है। सुप्रीम कोर्ट को, भारत के लोकतांत्रिक चुनाव को साफ सुथरा और मजबूती के लिए,चुनाव आयोग द्वारा एसआ-ईआर कराने के विरुद्ध दायर याचिकाओं को निरस्त करने में संविधान खतरे में नजर आने लगता है।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।




जनता को भी अच्छे-बुरे, इमानदार-बेईमान, चरित्रवान-चरित्रहीन, सदाचारी-भ्रष्ट, मूर्ख और ज्ञानी का महत्व और परखने की क्षमता हो। जब लोकतंत्र के नाम पर अशिक्षित, अज्ञानी और बुद्धिजीवियों को भी एमएलए,एमपी के चुनाव में अशिक्षित,अपराधी,भ्रष्ट और सनातन द्रोही, राष्ट्रद्रोही में हीं किसी एक का चुनाव करने का हीं ऑप्शन हो, तो वैसे लोकतंत्र का क्या स्तर होगा!! ये सोचने की बात है। हमारे बिहार पर तो ये सौ प्रतिशत लागू होता है।--मास्टर साहब हाथ चमकाये।

हमारे देश में लोकतंत्र के स्वरूप को देखना है तो चुनाव के समय राजनीतिक दलों द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा कर लिजिये! झूठी और फर्जी घोषणा, बेहिचक करने की स्वतंत्रता है ताकि जनता को लालच में फंसाकर सत्ता हासिल किया जा सके। ऐसा किया भी गया जैसे विगत लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का महिलाओं को खटाखट 8500 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा। जिसने कांग्रेस को 52 सीटों से बढ़ाकर 99 सीटों पर ला खड़ा

सरजी, बिहार में तो विपक्षी गठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है और नाम दिया गया है--"तेजस्वी प्रण"। मतलब इंडी गठबंधन के बाकी सहयोगी,नेपथ्य में चले गये, खासकर कांग्रेस। भले हीं राहुल गांधी और तेजस्वी कल बिहार में एक साथ सभा किये लेकिन विपक्षी गठबंधन के नाम पर पेबंद साटने की तरह हीं लगा।--सुरेंद्र भाई बोल पड़े।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में........

छोड़ीं, पहिले इ बतायीं जा जे इंडी गठबंधन के घोषणापत्र "तेजस्वी प्रण" में का का प्रण,लिहल बा!!--मुखियाजी खैनी मलते हुए।

मुखियाजी,इंडी गठबंधन ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि सरकार बनने के 20 दिनों के भीतर कानून बनायेंगे और हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे। हर परिवार को 200 यूनिट,फ्री बिजली देंगे। हर व्यक्ति को 25 लाख का फ्री हेल्थ




इंश्योरेंस देंगे।राज्य की हर महिला को दिसम्बर से 2500 रुपये देंगे। जीविका दीदीयों को स्थायी कर देंगे। कांट्रैक्ट और आउट सोर्सिंग के कर्मचारियों को स्थायी कर देंगे। विधवा और बुजुर्गो का पेंशन बढ़ाकर 1500 रुपये कर देंगे जिसमें हर साल 200 रुपयों की वृद्धि होती रहेगी। राज्य के भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल जमीन का मालिकाना हक दिया जायेगा। स्नातकों और स्नातकोत्तरों को हर महिने क्रमशः




2 हजार और 3 हजार बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जायेगा। वक्फ संशोधन कानून को बिहार में लागू नहीं किया जायेगा।उसे फाड़कर फेंक दिया जायेगा। किसानों को एमएसपी पर गारंटी दी जायेगी। बिहार में मंडी सिस्टम को फिर से लागू कर दिया जायेगा। आरक्षण के 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने का कानून पास किया जायेगा, जिसे लागू करने के लिए केंद्र के पास भेजा जायेगा। पंचायत और नगर परिषद में पिछड़े वर्ग को मिलने वाले 20 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया जायेगा।
इस तरह इंडी गठबंधन ने अपने मेनिफेस्टो में 25 बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर दी है।--डा.पिंटु ने विवरण हीं रख दिया।

गजब! गजब! ये तो "लालू सन तेजस्वी, एण्ड हिज एलायंस" ने भानुमती का पिटारा हीं खोल दिया है। लेकिन डा. साहब कोई उससे पुछने वाला नहीं है क्या कि बेटा, पिटारा तो खोल दिया लेकिन इन घोषणाओं को पुरा करने को रुपये कहां से लाओगे!! पेड़ पर तोड़ोगे क्या!! अगर ऐसा पेड़ तुम्हारे पास था हीं तो क्या जरूरत थी तुम्हारे बाप को घोटाला दर घोटाला करने की!!--उमाकाका बुरा सा मुंह बनाये।

एगो बात ना बुझाइल !जब हर परिवार के सरकारी नौकरी मिलिये जायी त बेरोजगारी भत्ता कइसन! बेरोजगारे कहां रही जइहें!! एकरा माने इ घोषणापत्र में खाली झोल भरल बा।--मुखियाजी सही कहे।

मुखियाजी, तेजस्वी से पत्रकार से लेकर एनडीए के नेता लोग भी पुछ रहे हैं कि जब बिहार का वर्तमान बजट हीं कुल करीब 3 लाख 17 हजार करोड़ का है तो इंडी गठबंधन के घोषणापत्र में किये गये वादे के अनुसार करीब 13-14 लाख करोड़ कहां से आयेगा!! जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। तो तेजस्वी बोला कि सब अध्ययन कर लिया गया है,ब्लू प्रिंट तैयार है लेकिन अभी नहीं बतायेंगे!!--डा. पिंटू मुंह बनाये।

डा. साहब, तेजस्वी के ऐसा कहने का मतलब बहुत गुढ़ है। पैसा कहां से आयेगा!! तेजस्वी यादव बता भी नहीं सकता, मजबूरी है। इसे सिर्फ मैं जानता हूँ।--मास्टर साहब बोले।

तनी हमनियो के बतायीं मास्टर साहब!--मुखियाजी उत्सुक लगे।

मतलब बहुत गुप्त है जिसे समय से पहले नहीं बताया जा सकता। वैसे मैं बता देता हूँ--हिंदूओं में यादव वंश गौ पालक और गौ सेवक माने जाते हैं। तो देवताओं के राजा इन्द्र भगवान की, इंडी गठबंधन की ओर से तेजस्वी




यादव से बात हो चूकी है। इन्द्र भगवान ने तेजस्वी को आश्वासन दे दिया है कि चुनाव जीतने के उपरांत देवताओं की गाय "कामधेनु" तेजस्वी यादव को सौंप दी जायेगी जिससे बिहारी जनता से किये गये अपने सारे वादों को सरलता से इंडी गठबंधन पुरा कर देगा।--कहकर मास्टर साहब हंस दिये।

मुखियाजी, मुझे तो डर है कि इंडी गठबंधन के बिहार में सत्ता में आने के साथ हीं बिहार, भारत से अलग हो जायेगा।--उमाकाका हाथ चमकाये।




इ बेकार के बात काहे कहतानी!--मुखियाजी पुछ बैठे।

तभी तो तेजस्वी अपने भाषण में कहा रहा है कि केंद्र सरकार द्वारा "वक्फ संशोधन बिल" को बिहार में लागू नहीं होने देंगे।उसे फाड़कर कचरे के डब्बे में फेंक देंगे।
भला बताइये! संवैधानिक कानून को कचरे में तभी न फेंका जा सकता है !जब वो देश से अलग हस्ती रखता हो!! मुस्लिम तुष्टीकरण का ऐसा नमुना और कहीं नहीं दिखेगा जो बिहार में दिख रहा है। इस बात का उल्लेख ओवैसी ने भी अपने रैलियों में मुसलमानों को संबोधित करते हुए कहा है।--उमाकाका मुंह बनाये।

कल दरभंगा और मुजफ्फरपुर की रेलियों में राहुल गांधी भी महिनों बाद बिहार पधारे और हमेशा की तरह वोट चोरी,मोदी, अंबानी,अडानी पर निशाना साधा।इसी क्रम में हमेशा की तरह, हिंदू विरोधी मानसिकता से भरा राहुल,हिंदुओं के छठ पर्व को लेकर भी कॉमेंट किया जिसको लेकर उनकी काफी आलोचना हो रही है।--कुंवरजी अखबार रखते हुए।

कुछ भी कहिये! बिहार के चुनाव को भले हीं विकास और फ्री फ्री की राजनीति कुछ प्रभावित करे लेकिन सच्चाई है कि बिहार का चुनाव पूर्णतः जातिवादी एवं तुष्टीकरण की राजनीति पर आधारित रहा है और रहेगी। बिहार में इंडी गठबंधन के कोर वोटर 18 प्रतिशत मुस्लिम और 14 प्रतिशत यादव रहे हैं। पिछड़ों और मुस्लिम वोटरों को ध्यान में रखते हुए हीं इंडी गठबंधन ने उम्मीदवारों का चयन किया है। यही स्थिति एनडीए के उम्मीदवार चयन में भी दिखता है। इसमें अपराधिक पृष्ठभूमि के दबंग उम्मीदवारों को भी अनदेखा नहीं किया गया है।
खैर देखिये, आने वाले समय में बिहारी जनता मोदी,योगी, नितीश के विकास के मॉडल पर विश्वास करती है या इंडी गठबंधन के भानुमती के पिटारे पर!! अच्छा अब चला जाय।--कहकर डा.साहब उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!
प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# जुगल जोड़ी परिक्रमा, मथुरा

मथुरा उत्तर प्रदेश राज्य का एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगर है जो पर्यटन स्थल के रूप में भी बहुत प्रसिद्ध है। मथुरा, भगवान कृष्ण की जन्मस्थली और भारत की परम प्राचीन तथा जगद्-विख्यात नगरी है। शूरसेन देश की यहाँ राजधानी थी। पौराणिक साहित्य में मथुरा को अनेक नामों से संबोधित किया गया है जैसे- शूरसेन नगरी, मधुपुरी, मधुनगरी, मधुरा आदि।

**भौगोलिक स्थिति**

मथुरा यमुना नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। समुद्र तल से ऊँचाई 187 मीटर है। जलवायु-ग्रीष्म 22ट से 45ट सेल्सियस, शीत 40ट से 32ट सेल्सियस औसत वर्षा 66 से.मी. जून से सितंबर तक होती है। मथुरा जनपद उत्तर प्रदेश की पश्चिमी सीमा पर स्थित है। इसके पूर्व में जनपद एटा, उत्तर में जनपद अलीगढ़, दक्षिण - पूर्व में जनपद आगरा, दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान एवं पश्चिम-उत्तर में हरियाणा राज्य स्थित हैं। मथुरा, आगरा मण्डल का उत्तर-पश्चिमी ज़िला है। यह अक्षांश 27ट 41' उत्तर और देशान्तर 77ट 41' पूर्व के मध्य स्थित है। मथुरा जनपद में चार तहसीलें- माँट, छाता, महावन और मथुरा तथा 10 विकास खण्ड हैं- नन्दगाँव, छाता, चौमुहाँ, गोवर्धन, मथुरा, फरह, नौहझील, मांट, राया और बल्देव हैं। जनपद का भौगोलिक क्षेत्रफल 3329.4 वर्ग किमी है।

**कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा**

जनपद की प्रमुख नदी यमुना है, जो



उत्तर से दक्षिण की ओर बहती हुई जनपद की कुल चार तहसीलों मांट, मथुरा, महावन और छाता में से होकर बहती है। यमुना का पूर्वी भाग पर्याप्त उपजाऊ है तथा पश्चिमी भाग अपेक्षाकृत कम उपजाऊ है। इस जनपद की प्रमुख नदी यमुना है। इसकी दो सहायक नदियाँ 'करवन' तथा 'पथवाहा' हैं। यमुना नदी वर्ष भर बहती है तथा जनपद की प्रत्येक तहसील को छूती हुई बहती है। यह प्रत्येक वर्ष अपना मार्ग बदलती रहती है, जिसके परिणामस्वरूप हजारों हैक्टेयर क्षेत्रफल बाढ़ से प्रभावित हो जाता है। यमुना नदी के किनारे की भूमि खादर है। जनपद की वायु शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक है। गर्मियों में अधिक गर्मी और सर्दियों में अधिक सर्दी पड़ना यहाँ की विशेषता है। वर्षा के अलावा वर्ष भर शेष समय मौसम सामान्यतः शुष्क रहता है। मई व जून के महीनों में तेज गर्म पश्चिमी हवायें (लू) चलती हैं। जनपद में अधिकांश वर्षा जुलाई व अगस्त माह में होती है। जनपद के पश्चिमी भाग में आजकल बाढ़ का आना सामान्य हो गया है, जिससे काफी क्षेत्र जलमग्न हो जाता है।

**मथुरा संदर्भ**

शूरसेन देश की मुख्य नगरी मथुरा के विषय में आज तक कोई वैदिक संकेत नहीं प्राप्त हो सका है। किन्तु ई.पू. पाँचवीं शताब्दी से इसका अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। अंगुत्तरनिकाय[एवं मज्झिम. में आया है कि बुद्ध के एक महान् शिष्य महाकाच्चायन ने मथुरा में अपने गुरु के सिद्धान्तों की शिक्षा दी। मैगस्थनीज सम्भवतः मथुरा को जानता था और इसके साथ हरेक्लीज के सम्बन्ध से भी परिचित था। 'माथुर' शब्द जैमिनि के पूर्व मीमांसासूत्र में भी आया है। यद्यपि पाणिनि के सूत्रों में स्पष्ट रूप से 'मथुरा' शब्द नहीं आया है, किन्तु वरणादि-गण में इसका प्रयोग मिलता है। किन्तु पाणिनि को वासुदेव, अर्जुन, यादवों के अन्धक-वृष्णि लोग, सम्भवतः गोविन्द भी ज्ञात थे। पतंजलि के महाभाष्य में मथुरा शब्द कई बार आया है। कई स्थानों पर वासुदेव द्वारा कंस के नाश का उल्लेख नाटकीय संकेतों, चित्रों एवं गाथाओं के रूप में आया है। उत्तराध्ययनसूत्र में मथुरा को 'सौर्यपुर' कहा गया है, किन्तु महाभाष्य में उल्लिखित सौर्य नगर मथुरा ही है, ऐसा कहना सन्देहात्मक है। आदिपर्व में आया है कि मथुरा अति सुन्दर गायों के लिए उन दिनों प्रसिद्ध थी। जब जरासन्ध के वीर सेनापति हंस एवं डिम्भक यमुना में डूब गये, और जब जरासन्ध दुःखित होकर मगध चला गया तो कृष्ण कहते हैं, 'अब हम पुनः प्रसन्न होकर मथुरा में रह सकेंगे।' अन्त में जरासन्ध के लगातार आक्रमणों से तंग आकर कृष्ण ने यादवों को द्वारका में ले जाकर बसाया।

# जिंदगी एक जंग है

ज़िन्दगी एक जंग है इस जंग में,
हार कर भी हौसला खोना नहीं।
मुशिबतें सैकड़ो आएगी जीवन मे,
जिसे देखकर कभी घबराना नही।
जख़्म तुम्हारे तन पर हो या मन पर,
जंग-ए-मैदान से पीछे मुड़ना नहीं।
हार कर भी जंग में जो जूझता है,
जीत उसके ही चरण को चूमता है।
इतिहास गवाह है वीर शहीदों की,
प्राण गवाएं पर पीठ दिखलाया नही।
आज नमन करते है उनको सभी,
जिसने कभी रणभूमि से भागा नही।
जिंदगी एक जंग है इस जंग में,
सर कटा देना पर झुकने देना नही।
गिर जाते है ताज झुकी हुई सर से,
उस ताज को सर से गिरने देना नही।
भाग जाते है मैदाने जंग से जो कभी,
कायर कहते है उन्हें आजीवन सभी।
जीवन संघर्ष है हार कभी जाना नही,
एक दिन टूटेगी मजबूत दीवारें सभी।
जिंदगी एक जंग है जीत जरूर होगी,
बेड़ियां टूटेगी जब इंकलाब तेज होगी।
जिंदगी की जंग में पीठ दिखलाना नही,
हार कर भी तुम कभी हार मान जाना नही।
हौसले बुलंद कर खुद पर विश्वास करो,
जीत जरूर होगी वक्त का इंतजार करो।

लेखकः- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड और विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न



समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 29 अक्टूबर। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों, सीएमआईएस पोर्टल, विकसित उत्तर प्रदेश तथा फैमिली आईडी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यों की अद्यतन प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

**डैशबोर्ड रैंकिंग सुधारने के निर्देश**

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग संतोषजनक नहीं है, वे तत्काल सुधार करें और अपनी सभी योजनाओं की प्रगति नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग सीधे शासन स्तर से होती है, इसलिए सभी अधिकारी शुद्ध, त्रुटिरहित और सत्यापित आंकड़े ही अपलोड करें।

**विकास परियोजनाएं तय समय में पूरी करने पर जोर**

बैठक में ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सिंचाई, पूर्ति, पशुपालन और समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई।

सीडीओ ने कहा कि सभी निर्माण परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं, ताकि विकास योजनाओं का लाभ जनता तक समय पर पहुंचे।

**फैमिली आईडी योजना पर विशेष फोकस**

फैमिली आईडी योजना की समीक्षा के दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि यह योजना हर परिवार को एकीकृत पहचान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जा सकेगा।

उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि डेटा प्रविष्टि, सत्यापन और आधार एकीकरण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें।

**विकसित उत्तर प्रदेश अभियान पर असंतोष**

सीडीओ ने 'विकसित उत्तर प्रदेश पोर्टल' पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अपेक्षित संख्या में विभागों द्वारा सुझाव अपलोड नहीं किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सुझाव अपलोड करने की समय सीमा अब 15 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि जनसहभागिता बढ़ाएं और समयसीमा के भीतर अधिकतम सुझाव अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**बैठक में उपस्थित अधिकारी**

बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार, डीआईओएस राजेश कुमार सिंह, बीएसए राहुल पवार, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कुमुद चौधरी, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 03 व 04 नवम्बर को होगी सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 29 अक्टूबर। जनपद में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा" का आयोजन आगामी 03 नवम्बर को ग्राम सभा रबूपुरा (जेवर) तथा 04 नवम्बर को मिहिर भोज बालिका इंटर कॉलेज, दादरी में किया जाएगा। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी महिपाल सिंह ने दी।

**एथलेटिक्स से लेकर फुटबॉल तक होंगी प्रतियोगिताएं**

अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल सहित विभिन्न खेल विधाओं के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इनमें सब-जूनियर (पुरुष), जूनियर (पुरुष), सीनियर (पुरुष), जूनियर (महिला) तथा सीनियर (महिला) वर्गों में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य**

प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी माननीय विधायक खेल स्पर्धा हेतु युवा साथी पोर्टल पर तथा माननीय सांसद खेल स्पर्धा हेतु www.sansadkhelmahotsav.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और सभी वर्गों के प्रतिभागियों के लिए अनिवार्य है।

**खेल भावना और अनुशासन को मिलेगी बढ़ावा**

महिपाल सिंह ने बताया कि इन स्पधाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, अनुशासन एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी और युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का संचार होगा।

**सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर**

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# 3 व 4 नवम्बर को दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क उपकरण मापन शिविर

गौतमबुद्धनगर, 29 अक्टूबर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को सहायता और सहयोग देने के उद्देश्य से निःशुल्क उपकरण मापन शिविरों का आयोजन आगामी 3 एवं 4 नवम्बर को किया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने दी।

**एलिम्को, कानपुर के सहयोग से होंगे शिविर**

अधिकारी ने बताया कि यह शिविर एलिम्को (कानपुर) के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं।

इनका उद्देश्य 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के अस्थि दिव्यांग, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदित तथा श्रवण दिव्यांग (मूक-बधिर) बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे सुगमता से शिक्षा प्राप्त कर सकें।

**शिविर स्थल व तिथि**

3 नवम्बर 2025, सुबह 10:00 बजे से – बीआरसी सलारपुर बिसरख
संबंधित उपकरण वितरण: 29 दिसम्बर 2025

4 नवम्बर 2025, सुबह 10:00 बजे से – बीआरसी जेवर
संबंधित उपकरण वितरण: 30 दिसम्बर 2025

**आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को निम्नलिखित दस्तावेज साथ लाने होंगे –

दिव्यांगता प्रमाण पत्र
आधार कार्ड
आय प्रमाण पत्र
दिव्यांगता दशार्ते हुए चार पासपोर्ट साइज फोटो
अभिभावक का पहचान पत्र (एक प्रति)

**इन सभी दस्तावेजों की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।**

**शिक्षा को सुलभ बनाने की पहल**

राहुल पंवार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य है कि दिव्यांग बच्चे भी मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ सकें। समग्र शिक्षा अभियान के तहत ऐसे आयोजन समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) को प्रोत्साहित करते हैं और बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं।

# 1 से 30 नवम्बर तक चलेगा पेंशनरों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान

गौतमबुद्धनगर, 29 अक्टूबर। राज्य सरकार के पेंशनरों की सुविधा के लिए 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवित प्रमाण पत्र) अभियान संचालित किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने दी।

**अब पेंशनर घर बैठे भेज सकेंगे जीवित प्रमाण पत्र**

शिखा गुप्ता ने बताया कि अब पेंशनरों को कोषागार कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है।

वे अपना जीवित प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यम से घर बैठे भी भेज सकते हैं। पेंशनर इसके लिए – अपनी बैंक शाखा के माध्यम से, या जीवन प्रमाण पोर्टल (https://jeevanpramaan.gov.in) का उपयोग करते हुए मोबाइल फोन से आधार फेस आर.डी. ऐप व जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करके प्रमाण पत्र भेज सकते हैं।

**प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष तक**

उन्होंने बताया कि पेंशनरों को वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण पत्र जमा कराना होता है, जो एक वर्ष तक मान्य रहता है।

जिन पेंशनरों के प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो रही है, वे शीघ्र डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अपलोड करें, ताकि उनकी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रहे।

**सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक प्रक्रिया**

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि यह प्रणाली सरल, सुरक्षित एवं अत्यंत सुविधाजनक है। पेंशनर आधार फेस रिकग्निशन के माध्यम से अपनी पहचान की पुष्टि कर सकते हैं, जिससे प्रमाण पत्र की प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है।

**बैंक शाखा प्रबंधकों से अपील**

शिखा गुप्ता ने जनपद की सभी बैंक शाखा प्रबंधकों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर पर पेंशनरों के प्रमाण पत्र समय से कोषागार कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि पेंशन वितरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या असुविधा न हो। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

## राजनीतिक दलों को दी गई विस्तृत जानकारी, बीएलए की नियुक्ति पर दिया जोर

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर, 29 अक्टूबर 2025। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में एन.आई.सी. सभागार में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यप्रणाली एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित इस विशेष अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल हों तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट अनिवार्य रूप से नियुक्त करें, ताकि वे बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बना सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलए और बीएलओ के बीच समन्वय इस कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है।




बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने पुनरीक्षण कार्यक्रम की समयसारिणी से अवगत कराते हुए बताया कि

**28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2025 तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं प्रिंटिंग का कार्य किया जाएगा।**

**4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे एवं आवश्यक मार्गदर्शन देंगे।**

**5 से 8 दिसम्बर 2025 तक कंट्रोल टेबल की तैयारी होगी।**

**9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी।**

**9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्ति अवधि निर्धारित है।**

**31 जनवरी 2026 तक सभी दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।**

आयोग की अनुमति के पश्चात 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी।

बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा मतदाता जागरूकता अभियान को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नीरज लोहिया, सपा जिला अध्यक्ष सुधीर भाटी, अनूप तिवारी, बसपा जिला प्रभारी ओमप्रकाश सिंह, जिला महासचिव एडवोकेट राजकुमार गुर्जर, एडवोकेट मुकेश सेठी, एडवोकेट रामबल सिंह, सीपीआई(एम) प्रतिनिधि अरुण प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार जेवर ओमप्रकाश पासवान, तहसीलदार दादरी प्रीति बालियान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर।

# जिला मजिस्ट्रेट मेधा रूपम ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्थाएं पाई संतोषजनक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर, 29 अक्टूबर 2025। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने आज कलेक्ट्रेट सुरजपुर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयरहाउस के ताले पर लगी सील की जांच की, जो पूरी तरह सही और सुरक्षित पाई गई। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का गहन अवलोकन किया – सभी कैमरे सक्रिय एवं कार्यशील पाए गए। साथ ही, खिड़कियों और रोशनदानों की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया, जो संतोषजनक मिली। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस अवसर पर वेयरहाउस की सुरक्षा में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम/वीवीपैट का सुरक्षित रख-रखाव चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता से सीधे जुड़ा है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



निरीक्षण के दौरान ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्ध नगर।

# चौधरी हंसराज भाटी की पुण्यतिथि पर ऐच्छर गांव में हुआ भव्य श्रद्धांजलि समारोह गरीब व विकलांगों को दी गई ट्राइसाइकिल, प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

समाज जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा।

ग्रेटर नोएडा, 29 अक्टूबर 2025। ग्रेटर नोएडा के ऐच्छर गांव में ऐच्छर मार्केट की नींव रखने वाले स्वर्गीय चौधरी हंसराज भाटी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में चौधरी हंसराज भाटी के पुत्र संदीप भाटी ने बताया कि उनके पिता के आदर्शों और समाजसेवा की भावना को जीवित रखने के उद्देश्य से हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर गरीबों, विकलांगों और प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष 21 विकलांगजन को ट्राइसाइकिल वितरित की गई और कई छात्रों को चौक (पुरस्कार) देकर प्रोत्साहित किया गया। सहदेव चोटीवाला ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष कार्यक्रम की शुरूआत हवन से की जाती है, जिसके बाद सामाजिक और जनहित कार्य किए जाते हैं। कार्यक्रम में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक व किसान संगठनों के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों ने चौधरी हंसराज भाटी के सामाजिक योगदान और विकास कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।



# पुलिस ने साइबर क्राइम और महिला अपराध के लिए किया जागरूक

समाज जागरण

लोनी, 29 अक्टूबरः बुधवार को ग्राम मंडोला में स्थित सेठ राधेलाल मैमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रांगण में साइबर क्राइम अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन हुआ. मिशन शक्ति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से विद्यार्थियों को साइबर क्राइम एवं महिला अपराध के संदर्भ में जागरूक किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी देते हुए बाताया कि साइबर क्राइम और महिला अपराध से बचाव के लिए, जागरूक रहें, ऑनलाइन सुरक्षा के उपाय अपनाएं और किसी भी अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों और पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं. इसके लिए, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, और सोशल मीडिया सेटिंग्स को सुरक्षित रखें. उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि किसी भी अनजान ईमेल, मैसेज या सोशल मीडिया लिंक/फाइलों पर क्लिक न करें। अपने सभी अकाउंट के लिए मजबूत और अलग-अलग पासवर्ड का उपयोग करें तथा टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्षम करें. अपनी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे क्रेडिट/डेबिट कार्ड या बैंक विवरण, किसी अनजान को साझा न करें।



महिला उप निरीक्षक ललिता रानी ने उपस्थित विद्यार्थियों को जानकारी दी कि वह अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में कहां और कैसे शिकायत दर्ज करा सकती हैं.

उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी जिनमें 1090 (वुमेन पावर लाइन), 1930 महिलाओं के लिए तथा किशोर संतान के लिए- 1095 नंबर शामिल थे.

उन्होंने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी डर या संकोच के किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस या उक्त हेल्पलाइन नंबरों पर दें।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक हिमांशु पटेल, महिला उपनिरीक्षक ललित रानी तथा अन्य पुलिस कर्मियों के अलावा कॉलेज के प्रधानाचार्य समून त्यागी, प्रबंधक मंगल सेन सिंगल, प्रदीप कौशिक, अमजद अली, संजय कुमार, मानवी त्यागी, व रीना रानी आदि उपस्थित रहे।

# लक्ष्य पूर्ण न करने वाले सचिवों पर होगी कार्रवाई : देवेंद्र कुमार सिंह

## सदस्यो को ही होगा उर्वरक वितरण तथा धान खरीद

वाराणसी। सदस्यता महाअभियान बीतने मे अब केवल तीन दिन बाकी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने लक्ष्य से पीछे रहने वाले सचिवो को चेतावनी देते हुए कहा है कि शिथिल और लापरवाह कर्मचारियो का प्रभार हटाते हुए कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी।



सहायक आयुक्त ने अपील की सभी ग्रामीण परिवार अपने क्षेत्र की सहकारी समिति के सचिव से संपर्क करके स्वयं सदस्य बने।

सहायक आयुक्त ने कहा कि वर्तमान मे उर्वरक वितरण और धान खरीद समेत समितियो की सभी योजनाओ से केवल उन्हीं किसानो को लाभान्वित किया जाएगा जो समिति के सदस्य होंगे। सहायक आयुक्त ने इस संबंध मे कार्यालय मे बैठक करके सदस्यता प्रगति की समीक्षा की जिसमें एडीसीओ सदर अवधेशसिंह, एडीसीओ घोरावल डाक्टर सुरेश, एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार सहायक सांख्यिकीय अधिकारी आलोक कुमार शेखर, तथा महेश मौर्य उपस्थित रहे।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# लोनी तहसील में खतौनी वितरण की अनियमिताओ के चलते आम नागरिक परेशान

समाज जागरण

लोनी, 29 अक्टूबरः लोनी तहसील परिसर में स्थित कक्ष संख्या 8, जो उद्धरण खतौनी वितरण के लिए जाना जाता है, में अनियमितताओं का आलम बना हुआ है. यह कक्ष सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहता है, यहां खतौनी की नकल का शुल्क पांच पृष्ठ तक 15 रुपए प्रति पृष्ठ और छह पृष्ठ से अधिक होने पर प्रति पृष्ठ एक रुपए निर्धारित है.



हालांकि, काउंटर की खिड़की अधिकांशतः खाली दिखाई देती है. इसका कारण यह बताया जा रहा है कि किसानों और आम जनता को खतौनी की नकल काउंटर से नहीं दी जाती, बल्कि कक्ष के अंदर ही उपलब्ध कराई जाती है. लोगों का आरोप है कि इस काम के लिए कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से व्यक्तिगत जान-पहचान होना जरूरी है. इसके चलते अधिकतर कार्य अंदर से ही हो रहा है।

सूत्रों की माने तो आम आदमी अगर कमरे में आकर सहयोग राशि का भुगतान करता है, तभी वह अपनी खतौनी प्राप्त कर सकता है. इस कारण, कक्ष संख्या 8 के अंदर लगातार भीड़ लगी रहती है. बावजूद इसके, वहां कार्यरत किसी भी कर्मचारी को अंदर आई भीड़ से कोई आपत्ति नहीं है. लोगों का कहना है कि इस अव्यवस्था के पीछे कर्मचारियों की आपसी सांठगांठ व अवैध वसूली का होना प्रमुख कारण है. स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि अधिकारियों तक इस अव्यवस्था की पहुंच नहीं हो पाई या इस पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है. ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या यह अव्यवस्था कभी समाप्त होगी और आम आदमी को राहत मिल पाएगी.! या यह अव्यवस्था इसी तरह चलती रहेगी।

# अवैध गैस रिफिलिंग का खुलासा, 28 अवैध कॉमर्शियल सिलेंडर बरामद

समाज जागरण

लोनी, 29 अक्टूबर 2025। ट्रोनिका सिटी पुलिस व आपूर्ति विभाग टीम ने अवैध एलपीजी गैस रिफिलिंग के धंधे का खुलासा कर एलजी कैप्सूल वाहन में लदे 28 कमर्शियल सिलेंडर बरामद करने का दावा किया है.



मिली जानकारी के अनुसार विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में एक एलपीजी कैप्सूल वाहन और मैजिक गाड़ी में रखे कॉमर्शियल सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य हो रहा है.

सूचना मिलते ही सप्लाई इंस्पेक्टर आपूर्ति विभाग लोनी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे. जांच पड़ताल के दौरान उन्होंने देखा कि एक युवक द्वारा अवैध रूप से एलपीजी कैप्सूल की सील तोड़कर छोटे सिलेंडरों में गैस भरने का कार्य किया जा रहा था.

आपूर्ति विभाग टीम ने एलपीजी कैप्सूल वाहन, मैजिक गाड़ी और कुल 28 कॉमर्शियल सिलेंडर अपने कब्जे में लेकर सील कर दिए और मामले की जानकारी तुरंत विभाग के उच्चाधिकारियों को दी, जिनके निर्देशअनुसार टीम ने जप्त किए गए वहांन और गैस सिलेंडरों को ट्रोनिका सिटी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7, तथा एलपीजी (नियंत्रण) आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत कैप्सूल चालक सुखदेव, व मैजिक के फरार चालक अज्ञात और हेल्पर शिवा और सुंदर निवासी खोडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया.

जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी के अनुसार एलपीजी नियंत्रण आदेश का उल्लंघन एक गंभीर अपराध है और यह न केवल कानूनन दंडनीय है, बल्कि जन सुरक्षा के लिए भी घातक है. यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था इस प्रकार की अवैध गतिविधि में लिप्त पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अगरोला गांव में आयोजित हुई जनचौपाल

समाज जागरण

लोनी, 29 अक्टूबरः अगरोला गांव के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार के दिन एक जनचौपाल का आयोजन हुआ. इस मौके पर ग्रामीणों ने चौपाल में उपस्थित रहे उपजिलाधिकारी, लेखपाल व अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत की।

ग्रामीणों ने जन चौपाल के दौरान अधिकारियों को अपनी मुख्य समस्याओं से अवगत कराया. जिनमें खड़ंजा निर्माण कार्य में देरी होना, परिवार रजिस्टर, पेंशन और राशनकार्ड संबंधित शिकायतें के अलावा गांव में पर्यावरण प्रदूषण फैलाने वाली अजंता औद्योगिक इकाई शामिल थी.

उपजिलाधिकारी ने जन चौपाल में उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि जल और वायु प्रदूषण के लिए कंपनी की जांच कराई जाएगी, यदि उसका संचालन मानकों के विपरीत पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी. जबकि अन्य सभी शिकायतों को संबंधित अधीनस्थ विभागीय अधिकारियो को देते हुए उन्होंने उनका शीघ्र निस्तारण करने संबंधी निर्देश दिए हैं.



इस अवसर पर गंजी प्रधान, सभासद गगन, सतेन्द्र कुमार, प्रवीण बंसल, सुमित बंसल, ललित बंसल, अमित, पुनीत वी अनुराग सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**उठी समस्याएँ और आलोचनाः**

1. सूचना का अभावः
अधिकांश ग्रामीण जनचौपाल के आयोजन के बारे में नहीं जान पाए, जिससे उनकी भागीदारी सीमित रही।
2. अधिकारी उपस्थित नहींः
सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं थे। केवल लेखपाल और उपजिलाधिकारी आए, जिससे तत्काल समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया।
3. सरकारी मंशा के अनुरूप नहींः
अधिकांश अधिकारी दूरी बनाए रखते दिखे।
अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती।
कई बार जनचौपाल केवल औपचारिकता के लिए आयोजित होती है, जिससे वास्तविक समाधान नहीं निकल पाता।

# बाजरा निकालते समय ग्रामीण कटर में समाया गई जान मचा कोहराम

**समाज जागरण**



गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव झुकेरा में बुधवार की दोपहर एक किसान कटर से बाजरा निकालते समय हादसे का शिकार हो गया। फंसने के बाद वह कटर मशीन में ही समा गया जिससे मौत हो गई। क्षत-विक्षत शव बमुश्किल कटर से बाहर निकाला जा सका। इस घटना से हर कोई आहत दिखा।

गांच झुकेरा निवासी प्रताप सिंह पुत्र रामनिवास उम्र 42 खेतीबाड़ी करते थे। दो भाइयों में सबसे छोटे प्रताप सिंह ने इस बार बाजरे की फसल की थी। बुधवार को दोपहर में स्वजनों के साथ ट्रैक्टर और कटर से बाजरे की फसल निकाल रहे थे। स्वजनों ने बताया कि बाजरा निकालने के दौरान कटर की चपेट में आ गए। उनका लगभग पूरा शरीर कटर में चला गया। इसकी जानकारी पर सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। कटर से शव को निकालने में काफी मुश्किल हो रही थी। इसके बाद गांव वालों ने इलेक्ट्रिक कटर मंगाकर फसल के कटर को काटा। कई घंटे की मशक्कत के बाद क्षत-विक्षत शव बाहर निकाला जा सका। इस हृदय विदारक घटना के बारे में जिसने भी सुना, वह गांव की तरफ दौड़ लिया।

सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

किसान की मौत से पत्नी दानवती, पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

वही प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार प्रधान ने बताया कि ग्रामीण प्रताप सिंह बाजरा निकालते समय कटर में आया गया जिसकी मौके पर मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

# पाठकपुर जुनावई हाईवे गांव गढ़ी विचोला में सड़क के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पडा मिला.

**समाज जागरण**

संभल में एक व्यक्ति का शव सड़क के किनारे मिलने की घटना सामने आई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जनपद संभल के थाना धनारी क्षेत्र के पाठकपुर जुनावई हाईवे गांव गढ़ी विचोला में सड़क के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पडा दिखाई दिया गांव में दहशत का माहोल हो गया सूचना पर पहुंची थाना धनारी पुलिस ने मौके पर और जांच शुरू कर दी शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया मृतक की की पहचान रामऔतार पुत्र अमरसिंह गाव हिम्मतपुर के रूप में की गई गाव वालो ने बताया कि यह कल घर वालो से कहकर हयातनगर सम्भल गया था और वह लौट कर वापस नहीं आया घर वालो का आरोप है कि किसी ने घटना को अन्जाम देकर इसे मौत के घाट उतारा है मृतक की उम्र करीब 35 बरस बताई जा रही है मृतक रामौतार के चार छोटे छोटे बच्चे हैं पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# नजीबाबाद तहसील मे अधिवक्ताओ ने चुनाव को लेकर धरना प्रदर्शन किया

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील परिसर में नजीबाबाद के अधिवक्ताओं ने एक धरना प्रदर्शन चुनाव को लेकर किया , इस प्रदर्शन का उद्देश्य बार संघ नजीबाबाद का वार्षिक चुनाव है मिली जानकारी अनुसार पिछला चुनाव 19 जुलाई 2024 को सम्पन्न हुआ था जिसमें कसीम एडवोकेट और सर्वेश गहलौत एडवोकेट को बराबर बराबर मत मिले थे इसलिये 6 माह का कार्यकाल कसीम एडवोकेट को मिला और बाद में लगभग 6 माह से सर्वेश गहलोत अध्यक्ष पद पर है।

लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी दोनो पदाधिकारी चुनाव कराने को तैयार नही हैं ।

जबकि बार काऊसिल उत्तरप्रदेश के दिशा निदेर्शानुसार 15 नम्बर से पहले चुनाव होने हैं अन्यथा उसके बाद 15 फरवरी के बाद चुनाव होंगे , इस बीच में कोई चुनाव नही हो पापगे क्योंकि बार काउंसिल उत्तरप्रदेश के चुनाव चल रहे हैं।

इस बात को लेकर वकीलों में बहुत रोष है , धरने में मौजूद तमाम अधिवक्ताओं ने कहा कि चुनाव 15 नवंबर से पहले कराये जायें , अन्यथा तमाम वकील सम्पूर्ण रूप से धरना प्रदर्शन करेंगे ।

प्रदर्शन करने वालों में आजम एडवोकेट ,अनीस अहमद,जावेद कमर सिद्दीकी , अबुल वफा , इकराम एडवोकेट, आरिफ कफील एडवोकेट , हाशिम एडवोकेट ,नदीम एडवोकेट , धीरेंद्र एडवोकेट ,नदीम एडवोकेट, जितेंद्र एडवोकेट, मोहम्मद इकराम एडवोकेट ,इरफान अहमद एडवोकेट , हनीफ एडवोकेट, अनीस अहमद एडवोकेट , जितेंद्र कुमार राजपूत एडवोकेट, विजेंद्र सिंह एडवोकेट , रोहिताश सिंह एडवोकेट ,नरेश कुमार एडवोकेट ,रामकुमार एडवोकेट , फहीम अहमद एडवोकेट, हनीफ अहमद एडवोकेट, लखविंदर सिंह एडवोकेट ,जगदीश कुमार एडवोकेट ,महबूब अहमद एडवोकेट, विजय शर्मा एडवोकेट, मौजूद रहे ।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर शेरकोट जिले के शेरकोट में बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे थाना शेरकोट क्षेत्र में अफजलगढ़ रोड पर मुबारकपुर कुंडे के पास हुई। एक अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी 52 वर्षीय सुरेश के रूप में हुई है। उनका 40 वर्षीय साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी धामपुर ले जाया गया और बाद में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सुरेश अविवाहित थे और किराना की दुकान चलाते थे। वे अपने साथी सुभाष के साथ सामान लेने गए थे। घर लौटते समय हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण बाइक ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे ट्रक का पहिया सुरेश के सिर पर चढ़ गया।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

# हरा गीला सूखा नीला के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नगर पालिका परिषद नजीबाबाद, बिजनौर उ.प्र.* में निदेशालय द्वारा प्रदत्त निदेर्शानुसार उछऊहट के अंतर्गत नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के निदेर्शानुसार क्ळउ से अर्बन कोऑर्डिनेटर के सहयोग से क्ए्उ रस्त्री सोसाइटी की टीम द्वारा शहर के प्रत्येक क्षेत्र में जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। टीम न केवल नागरिकों को कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में बता रही है, बल्कि उन्हें सही तरीके से गीला, सूखा और हानिकारक कचरा अलग करने के व्यावहारिक तरीके भी सीखा रही है। साथ ही, डोर टू डोर, कमर्शियल क्षेत्र और मोहल्ला समितियों में विशेष सत्र आयोजित कर नगरवासियों और युवाओं को भी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाया जा रहा है।

इस पहल से न केवल साफ और सुंदर नजीबाबाद बनेगा, बल्कि स्वस्थ जीवन और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में भी कदम बढ़ेंगे। नागरिकों की सहभागिता इस मिशन की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

नगर पालिका परिषद नजीबाबाद में अध्यक्ष महोदय एवं अधिशासी अधिकारी महोदया के आदेश अनुसार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी के नेतृत्व में मदन भारती निदेशक परियोजना (स्पेस सोसाइटी) द्वारा वार्डों में सोर्स सेग्रीगेशन अभियान के अंतर्गत गीला कूड़ा हरे डस्टबिन, सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन एवं सेनेटरी हजार्डस वेस्ट को लाल डस्टबिन के द्वारा वार्ड वासियों को जागरूक किया गया। आई ई सी का प्रशिक्षण करवाते हुए मदन भारती ने बताया कि हमें घर-घर जाकर लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करने के विषय में जागरूक करना है टीएलएम का प्रयोग करते हुए उन्होंने आईईसी टीम को अलग-अलग डस्टबिन में अलग-अलग कचरा रखने के विषय में भी गहनता से अवगत करवाया प्रशिक्षण सत्र का समापन करते हुए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी ने कहां की सभी लोगों से प्यार से बात करते हुए खासकर महिलाओं एवं बच्चों को इस अभियान में शामिल करना है जिसमे मुख्य रूप से स्पेस सोसाइटी की फील्ड कोऑर्डिनेटर स्वाति नौटियाल, आईटीसी से अर्बन कोऑर्डिनेटर रजनीश लाम्बा एवं नगर पालिका परिषद नजीबाबाद की समस्त टीम शामिल रही

# ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ ने बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक

**समाज जागरण**



गुन्नौर विकासखंड परिसर में बुधवार को क्षेत्र में विकास कार्यो को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ब्लॉक प्रमुख आषीश उर्फ हनी यादव व खंड विकास अधिकारी कमलकांत ने बैठक की।

जिसमें करीब 50 से अधिक क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया तथा अपने क्षेत्र में होने वाले कार्य योजना में शामिल कराएं।

बैठक में पहुंचे वर्तमान ब्लाक प्रमुख के पिता पूर्व ब्लॉक प्रमुख पप्पू यादव भी शामिल रहे ब्लाक प्रमुख ने सदस्यों से विकास कार्यो के बारे में जानकारी हासिल की जिनमें से अनेकों सदस्यों ने गांव में होने वाले विकास कार्य योजना में शामिल कराए। ब्लाक प्रमुख हनी यादव ने कहा कि सभी की कार्य योजना तैयार कराकर अधिकारियों के पास भेजी जाएगी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारीकमलकांत, उमेश यादव, प्रमोद कुमार , उमेश यादव , पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक कुमार और पप्पू यादव समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# एक लगाओ 80 पाओ, सट्टेबाजी गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार।

**- ऑनलाइन गूगल क्रोम के माध्यम से अक्की हिसार ग्रुप से जुड़कर करते थे सट्टेबाजी।**

**- संभल में एएसपी अनुकृति शर्मा की बीमा माफियाओं के बाद सट्टेबाजों पर नजर।**

**- मोबाइल से ऑनलाइन सट्टेबाजी कर हड़पते थे लोगों की रकम।**

**- गाजियाबाद, फरीदाबाद सहित कई जगहों के सट्टेबाजी के नंबर मोबाइल में मिले।**

**समाज जागरण**

संभल में बीमा माफियाओं के बाद अब सट्टेबाजी गैंग का खुलासा शुरू हो गया है। जो कि ऑनलाइन माध्यम से सट्टेबाजी करते हुए लोगों की रकम हड़पते हैं। एक लगाओ 80 पाओ और किस्मत चमकाओ की जोर से आवाज लगाते हुए ऑनलाइन सट्टेबाजी की खाई बाड़ी कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर धनारी थाना पुलिस ने सट्टेबाजी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

संभल में जहां एएसपी अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न जगह बीमा माफिया के खिलाफ धर-पकड़ करते हुए अभियान चलाया गया और सैकड़ों बीमा माफिया गिरफ्तार किए गए वहीं अब बीमा माफियाओं के बाद सट्टेबाजों पर अनुकृति शर्मा ने अपनी पकड़ बनाई है और खुलासा करने के लिए संभल में पुलिस की टीम भी लगी हुई हैं।

इसी क्रम में धनारी थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के ही खलीलपुर तिराहे के पास तीन व्यक्ति खड़े हुए हैं जो ऑनलाइन सट्टे की खाई बाड़ी कर रहे हैं।

धनारी थाने से उप निरीक्षक राजवीर सिंह टीम के साथ मुखबिर को लेकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि तीनों व्यक्ति खड़े हैं और ऑनलाइन मोबाइल से सट्टेबाजी करने का काम कर रहे हैं जो कि एक लगाओ 80 पाओ और अपनी किस्मत चमकाओ, की जोर से आवाज लगा रहे थे। जहां पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम धनारी थाना क्षेत्र के खलीलपुर गांव निवासी नितिन पुत्र वेदपाल, दूसरा थाना क्षेत्र के ही पीपलवाड़ा रुस्तमपुर गांव निवासी रवि पुत्र प्रेमपाल, तीसरे खलीलपुर के ही सतीश पुत्र सत्यपाल बताया।

जिनमें से गाजियाबाद तथा फरीदाबाद नाम के सट्टे नंबर, बरामद हुए। रवि के पास से भी गाजियाबाद नाम के सट्टे के नंबर और मोबाइल बरामद हुआ। सतीश के मोबाइल में भी ऑनलाइन सट्टा लगाने के कई नंबर सामने आए जिसमें गाजियाबाद के नंबर भी थे।

जिन्होंने पूछताछ में बताया कि वह गूगल क्रोम के माध्यम से अक्की हिसार ग्रुप से जुड़कर सट्टेबाजी करते हैं।

जिनका नाम और पता नहीं जानते हैं तथा ऑनलाइन नंबर और रुपए भेजते हैं। ऑनलाइन ही पेमेंट करते हैं।

उनके तीनों के मोबाइल देखने पर पुलिस को सट्टेबाजी के स्क्रीनशॉट बरामद हुए हैं।

# गंगा स्नान मेले की तैयारियों का सीओ नजीबाबाद नीतिश कुमार प्रताप सिंह ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनता बिजनौर नजीबाबाद आगामी गंगा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद नीतिश कुमार प्रताप सिंह ने थाना नांगल क्षेत्रान्तर्गत स्थित मेला स्थल का विस्तृत निरीक्षण एवं भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ थाना प्रभारी नांगल, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा पुलिस बल मौजूद रहा। क्षेत्राधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं चिकित्सा सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। सीओ नीतिश कुमार प्रताप सिंह ने कहा कि गंगा स्नान मेले में प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दूर-दराज से आते हैं, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। मेला क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त तैनाती, महिला पुलिस बल की मौजूदगी, और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग और पार्किंग की स्पष्ट व्यवस्था समय रहते पूर्ण कर ली जाए। साथ ही, लाउडस्पीकरों के माध्यम से दिशा-निर्देश और सार्वजनिक अनाउंसमेंट की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सीओ नीतिश कुमार प्रताप सिंह ने सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नगर पंचायत और संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा दल, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड हर समय मुस्तैद रहें। सीओ ने यह भी कहा कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा बनाए गए सुरक्षा नियमों और दिशा-निदेर्शों का पालन करें, ताकि गंगा स्नान मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में संपन्न हो सके। गंगा स्नान मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय और सतर्क है। सभी विभागों को आवश्यक कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस बार का गंगा स्नान मेला बेहतर सुरक्षा और सुविधाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# सिवान में बोले सीएम योगी- बिहार में फिर से जंगलराज की वापसी न होने दें

**- सीएम योगी ने सिवान के रघुनाथपुर और दरौली विधानसभा के एनडीए प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट**

**- सीएम योगी ने भोजपुरी में शुरू किया संबोधन, 'जय श्री राम' और 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से गूंजा सिवान**

**- यह चुनाव सत्ता का नहीं बल्कि पहचान के संकट के खिलाफ लड़ाई है, बिहार को विकास और जनराज की राह पर आगे बढ़ाना है- सीएम योगी**

**- आरजेडी प्रत्याशी अपनी खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए केवल बिहार नहीं, बल्कि देश-दुनिया में कुख्यात है- सीएम**

**- विपक्ष पर योगी का तीखा हमला, बोले- ये लोग बाबर-औरंगजेब की मजार पर सजदा करते हैं, लेकिन राम भक्तों पर गोलियां चलवाते हैं**

**500 वर्षों के कलंक को मिटाते हुए अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण कराया- सीएम**

**- अपराधियों और माफियाओं की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबों के लिए घर बनाना डबल इंजन सरकार की पहचान है- सीएम योगी**

**- हमने अपराधियों की प्रॉपर्टी पर न सिर्फ बुलडोजर चलाया, बल्कि गरीबों को घर की चाबी भी दी- सीएम योगी**

**- मार्च 2026 तक नक्सलवाद-माओवाद पूरी तरह खत्म हो जाएंगे, इसके लिए डबल इंजन जरूरी- मुख्यमंत्री योगी**

**- विरासत और विकास के लिए, नौजवानों के रोजगार, किसानों की खुशहाली, बहू-बेटियों की सुरक्षा, व्यापारियों के लिए एनडीए सरकार जरूरी- सीएम योगी**

सिवान, 29 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इंट्री ने बिहार विधानसभा चुनाव को रोचक बना दिया है। बुधवार को सिवान के रघुनाथपुर विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी विकास कुमार सिंह और दरौली से विष्णुदेव पासवान के समर्थन में बोलते हुए सीएम ने कहा कि अब बिहार को जंगलराज की ओर नहीं जाने देना है, बल्कि इसे विकास और जनराज की राह पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने आरजेडी प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जैसा नाम, वैसा काम। जनसभा में हजारों की भीड़ ने 'जय श्री राम' और 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से हवा गुंजायमान कर दिया।

**यह चुनाव केवल सत्ता का नहीं बल्कि पहचान के संकट के खिलाफ लड़ाई है- योगी**

भोजपुरी में संबोधन शुरू करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बाबा महेन्दर नाथ और भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के गौरवशाली धरती पर रउआ सब के हम हिरदय से अभिनन्दन करत बानी। बिहार को ज्ञान, भक्ति, शक्ति, शांति और क्रांति की धरती बताते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध, नालंदा विश्वविद्यालय, भगवान महावीर, चाणक्य, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और कपूरी ठाकुर जैसे महानुभावों का की गौरवशाली धरा को पहचान के संकट में धकेलने वाले कौन हैं यह सबको पता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता का नहीं बल्कि पहचान के संकट के खिलाफ लड़ाई है। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार पहचान खोने के दौर से गुजर रहा था।

**उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है-योगी**

आरजेडी पर तीखा हमला करते हुए योगी ने कहा कि रघुनाथपुर में आरजेडी ने जिस प्रत्याशी को उतारा है, वह अपनी खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए केवल बिहार नहीं, बल्कि देश-दुनिया में कुख्यात है।

# रजपुरा डीएसएम शुगर मिल पर इनकम टैक्स का छापा हड़कंप

**समाज जागरण**

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के थाना रजपुरा के बबराला -गंवा मार्ग पर स्थित गन्ना डी एस एम शुगर मिल पर सुबह 6 बजे के करीब इनकम टैक्स विभाग की टीमें करीब 8 से 10 गाड़ियों के साथ पहुंच गई। और मिल परिसर को चारों ओर से घेर लिया।



सूत्रों के अनुसार, टीम दस्तावेजों और खातों की गहन जांच-पड़ताल में जुटी है।

मिल परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है ।

वहीं पुलिस बल भी मौके पर तैनात है ताकि किसी तरह की अफरा तफरी न फैले हालांकि देर शाम तक इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी रही।

# गुलदार ने पशुशाला में बंधी बछिया को बनाया निवाला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नांगल सोती ग्राम निवासी एक व्यक्ति की पशुशाला में बीती रात लगभग एक गुलदार घुस आया। उसने यहां पर बंधी हुई एक बछिया को अपना निवाला बना लिया। गांव के नजदीक गुलदार आने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। उन्होंने वन विभाग के अफसरों से गुलदार को पकड़वाकर वन क्षेत्र में छोड़े जाने की मांग की है।



बीती रात गांव नांगल सोती मोहल्ला सुनारो वाला निवासी चौधरी हेमेंद्र सिंह की पशुशाला में उनके पशु बंधे हुए थे बताया जाता है है कि इस बीच 8 से 9 बजे के लगभग वन क्षेत्र से निकल कर आए एक गुलदार ने उसकी पशुशाला में घुसकर एक 6-7 माह की बछिया को मार डाला और उसको उठाकर पशुशाला से थोड़ी दूर ले गया और अपना निवाला बना डाला। पशु स्वामी को जब उसी वक्त घटना का पता लगा। पशु स्वामी हेमेंद्र चौधरी ने इसकी जानकारी वनकर्मियों को दी। सूचना मिलने पर राजगढ़ वन क्षेत्र नांगल कें बीट प्रभारी इरफान अहमद, चौकीदार बबलू ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। वही पशुस्वामी चौधरी हेमेंद्र सिंह व ग्रामीणों नोबाहर सिंह, शोभित कुमार, ने बताया कि क्षेत्र में गुलदार अपने बच्चों संग दिखाई दी है और पहले भी गुलदार द्वारा कई पशुओं को अपना निवाला बनाया जा चुका है। जिससे ग्रामीणों में भय व्यक्त है और वन अधिकारियों से इनको पड़कर वन क्षेत्र में छोड़े जाने की मांग की है*

नांगल सोती। राजगढ़ वन क्षेत्राधिकारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुलदार द्वारा एक बछिया को मारे जाने की सूचना प्राप्त हो चुकी है। जल्द ही घटना वाली जगह पर पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़े जाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि रात में वन क्षेत्र जाने से बचे और अगर वन क्षेत्र में इसलिए जब भी जाए सावधानी से जाए।

# दबंग युवकों ने फौजी के घर हमला कर उत्पात मचाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नगर के नगीना बुंदकी मार्ग पर स्थित न्यू लक्ष्मी नगर कालोनी में कुछ दबंग युवकों ने युवती पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए युवती के घर पर हमला कर दिया। घटना की विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। पीड़िता ने तहरीर देकर दबंग युवकों पर कार्यवाही की मांग की।



नगर में नगीना बुंदकी मार्ग पर स्थित न्यू लक्ष्मी नगर कालोनी में दबंगों की दबंगई की विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें युवक पीड़िता के घर पर लात घूसों की बरसात करता दिखाई दे रहा है और बैल्ट के साथ मारपीट करने पर उतारू है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर में बताया गया कि शाम के समय बच्चे घर के बाहर धूम रहे थे कि अचानक कुछ दबंग युवकों ने बाहर खड़ी युवती पर अभद्र भाषा का व्यवहार करते हुए परिजनों से मारपीट करने लगे। मारपीट एवं दबंगई की विडियो घर पर लगें कैमरे में रिकार्ड हो गई जो कि अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। दबंग किस्म के कुछ युवक कालोनी के रास्ते पर आए दिन शराब आदि का सेवन कर कालोनी वासियों को परेशान करते हैं।दबंग युवकों का सरगना गुलशन बताया जा रहा है। बताते चलें कि युवती के पिता सीमा सुरक्षा बल बंगाल में तैनात हैं और कुछ समय के लिए छुट्टियों पर अपने घर पहुंचे थे। अपने बच्चों को सुरक्षित महसूस ना होते हुए देख पुलिस को तहरीर देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है

# गो - वंश संरक्षण और संवर्धन पर परिचर्चा के साथ आज कानपुर में गोपाष्टमी मनाएगी गौशाला सोसायटी

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। आज 30 अक्टूबर को यहां कानपुर गोशाला सोसाइटी की ओर से एक्सप्रेस रोड स्थित अन्नपूर्णा भवन भोजनालय में गोपाष्टमी महोत्सव मनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

सोसायटी के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने यहां बताया कि कार्यक्रम का शुरूआत सुबह 11 बजे गो पूजन के साथ होगी। कार्यक्रम में गोवंश संरक्षण और




संवर्धन पर परिचर्चा भी आयोजित किए जाने की जानकारी देते हुए उन्होंने यह भी बताया कि इसमें संस्था के नवाचारों की जानकारी साझा की जाएगी। इसी संदर्भ में अन्य जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री पुरुषोत्तम लाल तोषनीवाला ने बताया कि गोशाला समिति ने गो-ग्रास दान योजना के तहत मासिक 15 सौ और वार्षिक 51 हजार की योजना शुरू की है जो एक नवंबर से प्रभावशील होगी। इसका संचालन कृष्णा बब्बू को सौंपा गया है। जबकि कोषाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के बाद सोसाइटी अपनी सभी शाखाओं में देसी गीर और हरियाणवी नस्ल की गायों को शामिल करेगी ताकि शहरवासियों को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त दूध मिल सके। इस अवसर पर विजय पांडेय, विश्वनाथ कनोडिया, शेषनारायण त्रिवेदी, श्यामकृष्ण कनोडिया, रमेश मिश्रा, रामगोपाल तुलस्यान, विजय पांडेय आदि रहे।

# नगरपालिका में भ्रष्टाचार की जांच को पहुंची टीम

– विकास कार्यों से संबंधित फाइलों की जांच–पड़ताल

– शिकायतकर्ता ने लीपापोती के लगाए आरोप



**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)नगरपालिका कैराना में भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता और भेदभाव के आरोपों पर शासन के संज्ञान लेने के बाद तहसीलदार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम जांच के लिए पहुंची। टीम ने निर्माण विभाग आदि से संबंधित फाइलों की जांच–पड़ताल की। वहीं, शिकायतकर्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल मित्तल जांच प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने जांच के नाम पर लीपापोती करने के आरोप लगाए। पिछले दिनों भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल मित्तल ने नगरपालिका कैराना के कार्यों में भ्रष्टाचार, भेदभाव और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए शासन को शिकायत की थी। शिकायत पर शासन ने जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद डीएम ने तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम गठित की गई थी। बुधवार को टीम नगरपालिका पहुंची और शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुलाया गया। टीम निर्माण विभाग की फाइलों की जांच कर रही थी। इस दौरान अतुल मित्तल ने सभी संबंधित फाइलों की जानकारी मांगी, लेकिन सभी दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने पर वे नाराज हो गए। अतुल मित्तल ने आरोप लगाया कि जांच में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और लीपापोती की जा रही है। नाराजगी जताते हुए वह जांच के बीच ही पालिका से चले गए। बाद में टीम ने दोपहर करीब दो बजे तक जांच जारी रखी और जानकारी जुटाकर चली गई। उधर, शिकायकर्ता ने यह भी कहा कि वह उक्त जांच टीम से संतुष्ट नहीं है। इस संबंध में वह पुनः शिकायत करेंगे। तहसीलदार अर्जुन सिंह ने बताया कि एक दिन में सभी फाइलों की जांच संभव नहीं थी।

**इन बिंदुओं पर की गई है शिकायत**

भाजपा नगर अध्यक्ष अतुल मित्तल ने पालिका द्वारा बिजली कार्य संबंधी खरीद बिल व भुगतान, कांवड़ यात्रा 2025 की सभी फाइलों की जांच, चेयरमैन के कार्यकाल में वाटर टैंकों की खरीद, कार्यों की जांच, नगरपालिका की दुकान नंबर 9 व 12 सहित अन्य दुकानों की पत्रावली, बदलूगढ़ में पाइपलाइन के टेंडर, नाला सफाई के टेंडर एवं पत्रावली तथा चेयरमैन के कार्यकाल में निर्माण पत्रावली, टेंडरों की जांच व गुणवत्ता की जांच कराए जाने की मांग की थी।

**इन्होंने कहा–**

नगरपालिका पर लगाए गए आरोपों की जांच प्रक्रिया चल रही है। जांच पूरी होने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# छात्र छात्राओं ने वीरों के बनाए चित्र, लिखे निबन्ध



**समाज जागरण**

शामली। शहर के श्री सत्यनारायण इटर कॉलेज में वीरगाथा प्रोजेक्ट 5.0 प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात बलिदान हुए और वीरता पुरस्कार प्राप्त वीरों के चित्र बनाये तथा निबन्ध व कविता आदि लिखे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि भारत वीरों और वीरांगनाओं का देश है। यहां की भूमि वीर प्रसूता कहलाती है। स्वतंत्रता प्राप्ति संग्राम के समय के वीरों के नाम सबको ज्ञात है किन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात बलिदान हुए वीरों के नाम अधिकतर लोगों को ज्ञात नहीं है। वीरगाथा प्रोजेक्ट 5.0 में भारत सरकार ने ऐसे वीरों की ओर ध्यान दिया है, यह एक अच्छी बात है। उनसे सम्बन्धित निबन्ध तथा चित्र आदि बनवाये हैं। देश की सीमाओं की रक्षा करना वास्तव में एक कठिन कार्य हैं, किन्तु हमारे देश के वीर सैनिक वीरता पूर्वक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं। वास्तव में वें ही हमारे सच्चे आदर्श और नायक हैं। आज की प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं में कविता लेखन में बानी, पेन्टिंग में सना तथा निबन्ध लेखन में वंशु बंसल रहे। इस अवसर पर अनिल कुमार कश्यप, सारिका गर्ग, सीमा शर्मा, उमा रानी, हेमलता जैन, साकेत निर्वाल, अश्विनी कुमार, पंकज पाल, लोकेन्द्र कुमार, आशु बंसल आदि मौजूद रहे।

# दूसरा निकाह कर पहली पत्नी को दिया तलाक

**समाज जागरण**

कैराना। एक युवक ने दूसरा निकाह कर अपनी पहली पत्नी को तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मलकपुर निवासी साईमा ने एसपी के माध्यम से कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका निकाह 15 फरवरी 2022 को अरमान निवासी कच्ची सड़क मल्हपुरा थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर के साथ हुआ था। वह दो बच्चों की मां है और गर्भवती है। गत 27 अगस्त की रात वह अपने घर पर सो रही थी। रात्रि करीब एक बजे उसका पति अरमान तथा भोप्पा निवासी मुस्कान चुपचाप घर में आए और एक कमरे में चले गए। जब वह कमरे में पहुंची तो देखा कि उसका पति उसकी सोने की हसली, सोने की मोहरी तथा अंगूठी मुस्कान को पहना रहा है। उसने जब अपने पति से जेवर पहनाने के बारे में पूछा, तो उसने दूसरा निकाह करने की बात कही। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की तथा कानों से एक तोले सोने की झुमकी निकाल ली। अगले दिन सुबह उसके पिता और मेहरबान उसकी ससुराल आए। उसके पिता ने अरमान से ऐसा करने को मना किया, तो पति ने उसे तीन तलाक देते हुए चले जाने को कहा। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

**होमगार्ड की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज**

कैराना। सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया।

गांव बुच्चखेड़ी निवासी प्रदीप कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका भाई कुलदीप कैराना में होमगार्ड के पद पर तैनात था। गत 17 अक्टूबर को उसका भाई ड्यूटी पूरी कर बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहा था। तभी तितरवाड़ा रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे पानीपत से दिल्ली रेफर कर दिया था। मंगलवार को दिल्ली हॉस्पिटल में उपचार के दौरान उसके भाई की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**अभद्रता और धमकी देने में रिपोर्ट दर्ज**

कैराना। अभद्रता करने और धमकी देने के मामले में युवक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। गांव पावटीकलां निवासी वेशर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार शाम करीब पांच बजे वह अपने साथी सलमान के साथ बाइक द्वारा गांव वापस जा रहा था। गांव में ही चौराहे के पास गांव निवासी तौसीफ उर्फ तौसा ने उसे रोक लिया था बाइक की चाबी निकाल ली। यही नहीं, उसके साथ गाली–गलौज करते हुए हाथापाई की और धमकी दी। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# शिवगंज मंडी मोहल्ला में स्वच्छता पर हुई बैठक



**समाज जागरण**

शामली। नगर पालिका परिषद शामली के जिला प्रोग्राम मैनेजर रमेश चंद शुक्ला के दिशा-निर्देशन में बुधवार को शिवगंज मंडी मोहल्ला स्वच्छता समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोर्स सेग्रीगेशन, होम कंपोस्टिंग, कम्युनिटी कंपोस्टिंग एवं 3आर (रीयूज, रिड्यूस, रीसायकल) सेंटर से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ-साथ टीम द्वारा मोहल्ले में घर-घर जाकर होम कंपोस्टिंग की जानकारी भी दी गई तथा लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वीना अग्रवाल, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार तथा सोर्स सेग्रीगेशन जन जागरूकता टीम मौजूद रही। इस अवसर पर रेखा जैन, पूनम संगल, वीना अग्रवाल, सुनील कुमार सहित सोर्स सेग्रीगेशन की पूरी टीम उपस्थित रही।

## श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन हुआ अग्नि मंथन व नवग्रह पूजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सती मंदिर गौशाला रोड स्थित श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर एवं ओम श्री बाबा श्याम परिवार, शामली के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन धार्मिक अनुष्ठानों की पावन श्रृंखला संपन्न हुई। इस अवसर पर अग्नि मंथन कर अग्निदेव का आह्वान किया गया तथा विद्वान पंडितों द्वारा नवग्रह पूजन, हवन, कर्म कुटी



संस्कार आदि विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराए गए। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूजा-अर्चना आचार्य मुकेश भारद्वाज के सान्निध्य में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर काशी एवं देवभूमि से पधारे विद्वान पंडित विनोद दत्त नागर, देवानंद शास्त्री, आचार्य विक्रम मिश्रा काशी, पवन मालवीय, दिनेश पांडे, मनोज व्यास, चंदन पांडे, अनुपम दीक्षित आदि उपस्थित रहे। यजमान परिवार में मनीष तायल, सचिन तायल, नितिन तायल, डॉ. मनोज शर्मा, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, नितिन जिंदल, नीतीश जिंदल, प्रियंक गोयल, आलोक गुप्ता, नीरज तायल, अंकित गोयल, लवी गर्ग, राजकुमार संगल, सरवन गोयल, विजय गुप्ता, प्रणव गुप्ता, अनुराग गोयल, प्रदीप संगल, सचिन अरोरा, सतीश गर्ग आदि शामिल रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से पुनीत द्विवेदी, सलिल द्विवेदी, प्रमोद नामदेव आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा को किया सम्मानित



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बुधवार को सुभाष चौक स्थित शिव मूर्ति प्रांतीय मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा को माला, पटका पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल की परंपरा रही है कि नगर एवं जनपद में तैनात प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों का संगठन सदैव शिष्टाचार के अनुसार सम्मान करता आया है और आगे भी करता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में नगर के धीमानपुरा एवं बुढ़ाना रोड स्थित प्रमुख बाजारों में व्यापारियों के यहां हुई चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष था। इस संबंध में व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह से मुलाकात कर चोरी की घटनाओं के शीघ्र खुलासे की मांग की थी।कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटनाओं का खुलासा किया, अभियुक्तों को गिरफ्तार किया तथा चोरी गया माल बरामद किया। इसी उत्कृष्ट कार्य के लिए व्यापार मंडल ने कोतवाली प्रभारी का सम्मान किया।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, रवि संगल, महेश धीमान, विनोद शास्त्री, यशस्वी गौतम, ऋषभ जैन आदि मौजूद रहे।

# बीएसएम विद्यालय में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न, इनोवेटर हाउस रहा विजेता



**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस अवेंजर्स, वॉरियर, इनोवेटर और एक्सप्लोरर हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मैदान में छात्रों ने जोश, अनुशासन और टीम भावना की मिसाल पेश की। खेल के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य रहा। शिक्षकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया। प्रथम कैटेगरी कक्षा 3 से 5 फाइनल मैच में इनोवेटर हाउस ने अवेंजर्स हाउस को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय कैटेगरी कक्षा 6 से 8 फाइनल मुकाबले में इनोवेटर हाउस विजेता और अवेंजर्स हाउस उपविजेता रहा। तृतीय कैटेगरी कक्षा 9 से 12 फाइनल में भी इनोवेटर हाउस ने बाजी मारी, जबकि अवेंजर्स हाउस दूसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि खेल केवल जीत या हार का नाम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का प्रतीक है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी समान रुचि रखनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मानव जीवन दुर्लभ, पूजा और दान से ही होता है आत्मकल्याण, जैन मुनि



**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में बुधवार को आयोजित धर्मसभा में श्री 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन जैन दर्शन में अत्यंत दुर्लभ और महान अवसर माना गया है, क्योंकि इसी जन्म में आत्मा अपने कल्याण की दिशा में अग्रसर हो सकती है।

मुनि श्री ने कहा कि जब हमें मनुष्य जीवन प्राप्त हो चुका है, तो इसकी दुर्लभता पर विचार करने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए, बल्कि अब लक्ष्य होना चाहिए आत्मकल्याण। इसे प्राप्त करने के लिए पूजा और दान दो ऐसे साधन हैं जिन्हें श्रावक के जीवन से कभी अलग नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि पूजा हमारे अंतःकरण को शुद्ध करती है, वहीं दान समाज में संतुलन और सहयोग की भावना उत्पन्न करता है। पूजा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है, जो अहंकार, क्रोध और लोभ जैसे कषायों को शांत करती है। देव-पूजा से श्रद्धा जागृत होती है, और श्रद्धा ही मोक्ष मार्ग की प्रथम सीढ़ी है। मुनि श्री ने कहा कि चाहे समय कम हो या मन विचलित हो, पूजा को कभी न छोड़ें, क्योंकि जो पूजा में टिक गया, वही आत्मा में टिक गया। दान के विषय में उन्होंने कहा कि दान केवल धन देना नहीं, बल्कि लोभ का त्याग है। जो धन दान में नहीं लगता, वह टैक्स, बीमारी या विपत्ति में नष्ट हो जाता है, जबकि दान में लगाया गया धन पुण्य में परिवर्तित होकर आत्मा को हल्का करता है। इस अवसर पर चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन का कार्य अरविंद जैन और मुकेश जैन द्वारा किया गया।पाद प्रक्षालन का सौभाग्य राजीव जैन, उषा जैन और सम्यक जैन को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट मोहित जैन, सुनीता जैन एवं परिवार द्वारा की गई।

## चोरी की घटना का खुलासा न होने पर दो घंटे बंद रही ओपीडी, मरीज परेशान

**समाज जागरण**

शामली। चोरी की घटना के खुलासा की मांग को लेकर चिकित्सकों के धरना प्रदर्शन के चलते सीएचसी शामली में करीब दो घंटे ओपीडी कार्य बंद रहा।



चिकित्सा अधीक्षक डा. दीपक चौधरी के कैंप कार्यालय से हुई लाखों रुपए की नकदी चोरी के मामले में सीएचसी स्टाफ व चिकित्सकों ने करीब साढे 10 बजे ओपीडी कार्य बंद कर दिया था, जो करीब साढे 12 बजे तक बंद रहा। इस दौरान हॉसिपटल पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। मरीज रेखा देवी, सकुंतला, बाला, नसीमा, सलमा आदि ने बताया कि वह सवेरे दवाई लेने के लिए आई थी, चिकित्सक के पास नंबर आया तो चिकित्सक ओपीडी छोडकर चले गए। उनको बिना दवा के लिए घर लौटना पडा। वही सीएचसी में इमरजेंसी कार्य चलता रहा।

## चिकित्सकों व स्टाफ ने कोतवाली पुलिस पर लगाया अनुचित व्यवहार का आरोप

**समाज जागरण शामली**

जनता से बदसलूकी और अनुचित व्यवहार के चलते शामली पुलिस पर आये दिन सवाल उठते रहते है। बुधवार को भी सीएचसी के चिकित्सकों व स्टाफ ने शामली कोतवाली पुलिस पर अनुचित व्यवहार करने और पीडित से अपराधियों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। उन्होने पुलिस के आला अधिकारियों से जनता से अभद्रता करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## विवाहिता डेंगू पॉजिटिव स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप, मेरठ रेफर

**समाज जागरण शामली**

कांधला क्षेत्र के गांव मतनावली निवासी 27 वर्षीय विवाहिता को खून जांच के बाद डेंगू पॉजीटिव पाए जाने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप बच गया। है, शामली सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद विवाहिता को मेरठ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। कांधला क्षेत्र के गांव मतनावली अजय मलिक की 27 वर्षीय पत्नी अनीता को विगत 4 दिन से बुखार आ रहा है। कहीं चिकित्सकों को दिखाने के बावजूद बुखार में आराम ना आने पर पति अजय मलिक बुधवार को अपनी पत्नी को लेकर सीएचसी शामली पहुंचा। चिकित्सक द्वारा महिला की खून की जांच की गई, तो डेंगू पॉजीटिव पाए जाने पर हड़कंप मच गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को उपचार के लिए गंभीर हालत में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया है, चिकित्सकों का मानना है कि डेंगू की बीमारी मच्छरों के काटने के कारण होती है।

# चोरी का खुलासा न होने पर चिकित्सकों ने की ओपीडी बंद, हंगामा प्रदर्शन



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) करीब दस दिन पूर्व सीएचसी अधीक्षक व राकेश टिकैत के दामाद के कैंप कार्यालय से हुई लाखों रुपए की नकदी चोरी की घटना का खुलासा न होने पर चिकित्सकों ने सीएचसी में ओपीडी कार्य बंद कर शामली कोतवाली पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे बंद रहे ओपीडी कार्य से जहां मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा वही कुछ मरीज बिना दवा लिए ही लौट गए। चिकित्सकों व स्टाफ के धरने प्रदर्शन को भाकियू नेताओं का भी समर्थन मिला है। शामली सीएचसी अधीक्षक व भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के दामाद डा. दीपक चौधरी गत दीपावली पर्व के अवसर पर बुढाना थाना क्षेत्र के गांव कुंडा खेडा में देवता पूजन के लिए गए थे। जब वह परिवार के साथ वापस लौटे तो सीएचसी परिसर में बने कैंप कार्यालय से अलमारी का ताला तोडकर चोरों ने करीब साढे 5 लाख रुपए की नकदी चोरी की थी। घटना को करीब 10 दिन बीत चुके है, लेकिन कोतवाली पुलिस अभी तक घटना का खुलासा नही कर सही है। बुधवार को सीएचसी अधीक्षक डा. दीपक चौधरी सहित सीएचसी के समस्त चिकित्सकों, स्टाफ व कर्मचारियों ने पुलिस पर अभद्रता करने और घटना का खुलासा न करने का आरोप लगाते हुए ओपीडी कार्य बंद कर दिया। इस दौरान सीएचसी शामली का समस्त स्टाफ हॉस्पिटल बंद कर कोतवाली पहुंचा और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान डा. दीपक चौधरी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया। सूचना पाकर भाकियू नेता कुलदीप पंवार, कपिल खाटियान, मोहित शर्मा, अमरदीप लाठियान आदि पहुंचे और धरने प्रदर्शन को अपना समर्थन किया। उन्होने पुलिस पर चोरों को पकडे जाने का आरोप लगाया साथ ही पुलिस की व्यावहार पर सवालिया निशान लगाए। धरने प्रदर्शन की सूचना पाकर सीओ सिटी अमरदीप व कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों व भाकियू नेताओं को समझा बुझाकर शांत किया। सीओ ने आगामी सात दिनों में घटना का खुलासा कर चोर को जेल भेजने का आश्वासन दिया। जिसके बाद धरना प्रदर्शन खत्म कर दिया गया।

# किसान के दो पशु चोरी पुलिस तलाश में जुटी



**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी एक किसान की एक दुधारू भैंस व एक भैंसा अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने रात में चोरों की तलाश की मगर कहीं भी सुराग नहीं लगा पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस भैंस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी किसान रामकुमार ने बताया कि उसने अपनी भैंस व एक भैंसा घर के बाहर बांध रखे थे। तभी चोरों ने मौका पाकर पीड़ित की लाखों रुपए की भैंस व भैंसा चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान के पशु नहीं मिलने पर किसान ने अपने परिवार के लोगों को चोरी होने की जानकारी दी। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रात के अंधेरे में चोरों की जंगलों में तलाश की। मगर चोरों का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित किसान का कहना है किसान का कहना है कि उसका लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि जानकारी प्राप्त हुई है जल्दी चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराई, एक की मौत,दूसरा घायल

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी बाइक सवार दो लोगों की बाइक कैराना मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गई मौके पर एक बाइक सवार की मौत हो गई।दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। कस्बे मोहल्ला खेल निवासी 60 वर्षिय यशपाल अपने पड़ोस के ही रिषपाल के साथ बाइक पर सवार होकर कैराना क्षेत्र के गांव झाड खेड़ी से अपने खेत में लगाने के लिए प्याज का बीज लेने के लिए विगत मंगलवार को गया हुआ था। देर शाम दोनों बाइक सवार बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे। जैसे ही दोनों बाइक सवार कैराना क्षेत्र के ऊंचा गांव के समीप पहुंचे तो आगे जा रहे ट्रैक्टर से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। बाइक से गिरकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यशपाल की मौके पर ही मौत हो गई और रिषपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को मृतक का शव पोस्टमार्टम होने के बाद उसके आवास पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

# अन्नदाता देश की आर्थिक रीढ़: चौ नीरपाल

**समाज जागरण बागपत।**



राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य 30 रुपए बढ़ाकर किसानों की थोड़ी मिठास बढ़ाई है। चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाताओं को उम्मीद थी कि इस पेराई सत्र में गन्ने का समर्थन मूल्य योगी सरकार कम से कम 50 रुपए कुंतल बढ़ाएगी लेकिन मात्र 30 रुपए बढ़ाकर कुछ मिठास बढ़ाई है। सरकार को अन्नदाताओं का ख्याल रखना चाहिए,किसान देश की आर्थिक रीढ़ है, जिसके बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हम योगी सरकार का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने 30 रुपये कुंतल मूल्य बढ़ाया,साथ साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध है कि कम से कम 50 रुपए बढ़ाये जाने चाहिए। बैठक में खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष चौ अरविन्द मलिक, यासीन मलिक, मनोज कुमार,आरिफ मलिक,राजीव चौधरी उपस्थित रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी ने नगर की प्रमुख समस्याओं पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

--अवैध निर्माण अतिक्रमण और मीट की दुकानों पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण बागपत।**



हिंदू युवा वाहिनी बागपत के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बड़ौत तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बड़ौत को नगर की प्रमुख समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में अवैध निर्माण, अतिक्रमण और अवैध मीट की दुकानों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने बताया कि अमीनगर सराय रोड पर पीर का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा अवैध घोषित किए जाने के बावजूद जारी है। इसी तरह बड़का रोड तिराहा से वीर स्मारक इंटर कॉलेज तक कई मीट की दुकानें अतिक्रमण कर संचालित हैं, जिससे नगर का धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा छपरौली चुंगी पर नाले पर टायर की दुकान बनाकर कब्जा किया गया है, जिससे जल प्रवाह बाधित होने की आशंका है। संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता पैदल मार्च निकालकर तहसील पहुंचे और नगर की समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए नारे लगाए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने किया। इस दौरान योगेंद्र वैदिक, राकेश चौहान, अरविंद खोखर, सत्येंद्र सरोहा, मोहित उपाध्याय, दीपांशु गुप्ता, अमित सरोहा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जोहड़ी में घायल बुजुर्ग की मौत, डेढ़ माह रुपये के लेनदेन में हुई थी मारपीट, अचानक तबीयत बिगड़ने पर दम तोड़ा

**समाज जागरण बागपत।**

बिनौली क्षेत्र के जौहड़ी गांव में डेढ़ माह पूर्व हुए संघर्ष में घायल बुजुर्ग जोगराम (78) की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह विवाद रुपयों के लेनदेन को लेकर हुआ था। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल गांव पहुंचा और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह घटना डेढ़ माह पहले जौहड़ी में मास्टर जयबीर कश्यप और पप्पू कश्यप के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर हुई थी। दोनों पक्षों के लोगों में पहले गाली-गलौज हुई, जिसके बाद धारदार हथियारों से संघर्ष और पथराव भी हुआ था। संघर्ष में एक पक्ष से रामभरोसे, सोनू, राजेंद्र, रमेश, जोगराम, बिट्टू, सौरभ, प्रमिला और दूसरे पक्ष से अंजय, राजीव, पप्पू, संजय घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार, घायल जोगराम 10 दिन पहले ही अस्पताल से घर लौटे थे। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। बुजुर्ग की मौत की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल गांव पहुंचा। अस्पताल की सूचना पर मेरठ पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम गमगीन माहौल में बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बिनौली राकेश शर्मा ने बताया कि इस घटनाक्रम में नामजद लोगों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# तीन भाइयों की हरकत से मोहल्ले के लोग परेशान

**समाज जागरण कांधला।**



कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने दर्जनों लोगों के साथ थाने पर पहुंचकर मोहल्ले के तीन लोगों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने एवं महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने सहित आदि कई गंभीर आरोप लगाकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भूरा ने बताया कि उसके मोहल्ले के तीन भाई आए दिन शराब पीकर मोहल्ले में हुड़दंग मचाते हैं। जब कोई मोहल्ले का व्यक्ति विरोध करता है तो आरोपी उनके साथ गाली गलौज करते हुए उन्हें झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं। इतना ही नहीं आरोपी शराब पीकर उनकी दीवार पर आए दिन शौच करते हैं। बुधवार को पीड़ित ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दी है। पीड़ित ने दर्जनों लोगों के साथ थाने पर पहुंचकर आरोपी तीनों भाइयों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन – नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में समन्वय एवं सतर्कता पर बल

**समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के पुलिस, पीएसी, अभिसूचना इकाई तथा अन्य विभागों एवं सीमावर्ती जनपदों से आए अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान नक्सली संचरण की गतिविधियों के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने, नियमित कॉम्बिंग एवं एरिया डॉमिनेशन संचालित करने तथा सभी एजेंसियों के मध्य समन्वय एवं संवाद को निरंतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। गोष्ठी में यह भी निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए, उनका हरसंभव निराकरण कराया जाए, एवं ग्रामीणों को यह जागरूक किया जाए कि वे किसी के बहकावे में न आएं तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को दें।

# योगी सरकार ने किसानों को दिया गन्ना मूल्य वृद्धि का बड़ा तोहफा: नितिन चौधरी

--गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

--भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी के निर्णय पर जताया आभार

--चीनी मिलों को दोबारा चालू कर उत्तर प्रदेश एथेनॉल उत्पादन में बना अग्रणी राज्य

**समाज जागरण बागपत।**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश के गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। सरकार के इस कदम से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों का कहना है कि यह निर्णय उनकी मेहनत का सम्मान है और सरकार ने सच में किसानों के हित में कार्य किया है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन चौधरी ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि योगी सरकार ने गन्ना मूल्य बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल कर किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कटिबद्ध है और लगातार उनके जीवन स्तर को सुधारने के प्रयास कर रही है। नितिन चौधरी ने बताया कि पिछली सरकारों की नीतियों से चीनी उद्योग को भारी नुकसान हुआ था, लेकिन भाजपा सरकार ने न केवल 4 नई चीनी मिलें स्थापित कीं बल्कि 6 बंद मिलों को फिर से चालू कराया। इसके साथ 42 चीनी मिलों की पेराई क्षमता भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एथेनॉल उत्पादन और चीनी निर्माण दोनों में देशभर में नंबर एक राज्य बन गया है। इस मौके पर पवन शर्मा, योगेश गुर्जर, आत्माराम मौर्य, अमित उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

फोटो परिचय 2-- भाजपा कार्यालय पर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए नितिन चौधरी

# डीजल-खाद महंगी, गन्ना सस्ता, किसानों ने कहा- अब हक का दाम चाहिए

**समाज जागरण बागपत।**

किसान यूनियन के कार्यकताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी अस्मिता लाल को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने गन्ने का मूल्य ₹400 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर ₹450 करने और चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों ने बताया कि बढ़ती महंगाई और खेती की लागत में लगातार वृद्धि के कारण मौजूदा दर पर गन्ना उत्पादन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। डीजल, खाद, बीज और मजदूरी के दाम बढ़ने से उत्पादन लागत काफी बढ़ गई है, जिसके चलते गन्ने का उचित मूल्य तय किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी मिलों द्वारा गन्ने का भुगतान समय पर न किए जाने से किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें महीनों तक बकाया भुगतान का इंतजार करना पड़ता है, जिससे अगले कृषि सीजन की तैयारी करना मुश्किल हो जाता है। किसानों ने शासन स्तर से निर्देश जारी कर मिलों को निर्धारित समय सीमा में भुगतान करने के लिए बाध्य करने की मांग की। किसान यूनियन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया और भुगतान व्यवस्था में सुधार नहीं किया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि ज्ञापन शासन को भेजा जाएगा तथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने तमंचे संग एक आरोपी को दबोचा, भेजा जेल

**कांधला।(फुरकान जंग)**




खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह

पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में खंद्रावली चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह रावल पुलिस टीम के साथ गाव मीमला मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने किस देख दे युवा को पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजन उर्फ रजनीश पुत्र सत्यप्रकाश निवासी मिमला बताया.पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी को थाने ले आई। बुधवार को पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है.

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर विवाहिता से मारपीट

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे की एक विवाहिता ने अपने पति पर भाभी के साथ अवैध संबंध रखने और विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर पति सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी सोनिया पुत्री संतराम ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी जनपद शामली के थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के मोहल्ला सती मंदिर निवासी युवक के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति के अपनी भाभी के साथ अवैध संबंध हैं, जिसका उसने कई बार विरोध किया। विरोध करने पर पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता था। महिला ने बताया कि बुधवार को भी जब उसने पति के अवैध संबंधों का विरोध किया, तो आरोपी पति ने अपनी मां और भाभी के साथ मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की और अपशब्द कहते हुए घर से निकाल दिया। किसी तरह जान बचाकर वह मायके पहुंची और बाद में थाने जाकर पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में गरजे योगी, बोले- अपराध की फैक्ट्री और विकास का बैरियर है राजद- कांग्रेस गठबंधन

सीएम योगी ने रघुनाथपुर से विकास कुमार सिंह व दरौली से विष्णुदेव पासवान के लिए मांगा वोट शाहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राकेश रंजन ओझा के पक्ष में कमल खिलाने की अपील सीएम योगी ने तीसरी रैली में बक्सर, डुमरांव और ब्रह्मपुर के एनडीए प्रत्याशियों पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा, राहुल सिंह और हुलास पांडेय के समर्थन में की जनसभा रघुनाथपुर में गरजे योगी- खानदानी आपराधिक पृष्ठभूमि के लिए केवल बिहार नहीं, बल्कि देश-दुनिया में कुख्यात है राजद प्रत्याशी शाहपुर में बोले योगी- जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है बक्सर में योगी का प्रहार- लालटेन बुझाकर जनता के हक पर डकैती डालती थी राजद व कांग्रेस योगी का विपक्ष पर हमला, ये लोग बाबर-औरंगजेब की मजार पर सजदा करते हैं, लेकिन राम भक्तों पर गोलियां चलवाते हैं मार्च 2026 तक नक्सलवाद-माओवाद को पूरी तरह खत्म करने के लिए डबल इंजन जरूरी-मुख्यमंत्री बिहार में राजद और कांग्रेस का कार्यकाल कलंक से कम नहीं: सीएम योगी 2005 से पहले बिहार अराजकता, गुंडागर्दी व माफियाराज का शिकार हो गया था, 20 वर्ष में अथक परिश्रम कर नीतीश सरकार ने उससे उभारा: मुख्यमंत्री सीएम योगी का कटाक्ष- यूपी में माफिया की छाती पर जब बुलडोजर दौड़ता है तो सपा वाले फातिहा पढ़ने चले जाते हैं अपराध की फैक्ट्री और विकास का बैरियर है राजद- कांग्रेस गठबंधन: योगी सीवान/भोजपुर/बक्सर, 29 अक्टूबर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'बिहार के रण' में बुधवार को तीन रैली कर राजद व कांग्रेस को खूब धोया। उन्होंने पहली रैली रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी विकास कुमार सिंह, दरौली से विष्णुदेव पासवान, दूसरी रैली शाहपुर से भाजपा उम्मीदवार राकेश रंजन ओझा के लिए की। तीसरी रैली सीएम योगी ने बक्सर, डुमरांव और ब्रह्मपुर के एनडीए प्रत्याशियों पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा, राहुल सिंह और हुलास पांडेय के समर्थन में की। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि अब बिहार को जंगलराज की ओर नहीं जाने देना है

# उप सभापति व समिति सदस्य ने किया चीनी मिल का निरीक्षण

--तीन नवम्बर को होगा बागपत चीनी मिल का शुभारंभ

--मंत्री, सांसद और विधायक होंगे कार्यक्रम में शामिल

**समाज जागरण बागपत।**

बुधवार को बागपत को-आपरेटिव शुगर मिल्स लिमिटेड का स्थलीय निरीक्षण उप सभापति कृष्णपाल सिंह एवं प्रबंध समिति के सदस्य रामनिवास द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान चीनी मिल में चल रहे रिपेयर और मेंटेनेंस कार्य को संतोषजनक पाया गया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि मिल आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए पूरी तरह तैयार है। कृष्णपाल सिंह एवं रामनिवास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 30



रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने जानकारी दी कि बागपत चीनी मिल का शुभारंभ तीन नवम्बर को किया जाएगा। इस अवसर पर गन्ना एवं चीनी उद्योग मंत्री, सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, राज्य मंत्री के.पी. मलिक, विधायक योगेश धामा तथा विधायक अजय कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। मिल प्रबंधन ने बताया कि 3 नवम्बर हेतु गन्ने का इंडेंट जारी कर दिया गया है, और जैसे ही गन्ने की आवक शुरू होगी, मिल का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे गन्ना पर्ची के अनुसार साफ-सुथरा और ताजा गन्ना समय से आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य समय से प्रारंभ हो सके।

# जयंत चौधरी ने गन्ना मूल्य में 30 रुपए की वृद्धि कराकर अपना वायदा निभाया - डॉ. अनिल आर्य

**समाज जागरण बागपत।**

प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में 30 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि किए जाने पर क्षेत्रीय महासचिव राष्ट्रीय लोकदल डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि यह निर्णय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उम्मीद है कि



भविष्य में भी सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता देती रहेगी। डॉ. आर्य ने कहा कि किसान बिरादरी सरकार और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने लगातार किसानों की आवाज को बुलंद किया और गन्ना मूल्य में वृद्धि कराकर अपने वायदे को निभाया। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी ने किसानों के हित में लगातार संघर्ष कर यह साबित किया है कि रालोद ही सच्चे अर्थों में किसानों की आवाज है। राष्ट्रीय लोकदल सदैव किसानों के साथ रहा है और आगे भी उनके अधिकारों व हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा।

# तीन लोगों पर जान से मारने की नीयत से घर में घुसकर हमला करने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी एक युवक ने मोहल्ले के ही तीन लोगों पर घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए थाने पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि वह विगत मंगलवार की देर शाम अपने घर में सोया हुआ था। तभी रंजिश के चलते मोहल्ले के तीन लोग हाथों में लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर घुस गए और पीड़ित पर जान से मारने की नीयत से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शौर-शराबा होने पर आरोपी पीड़ित को अधमरा कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन की अध्यक्षता में एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक

बालको के विरुद्ध हो रहे अपराध के रोकथाम के संबंध मे बनायी गई कार्ययोजना

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ उ0प्र0 (लखनऊ) के आदेश के क्रम में एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में आज दिनांक-29.10.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क,जनपद सोनभद्र के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की



अध्यक्षता में एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित गई।

उक्त बैठक में कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के बारें में, जे0जे0एक्ट0 ,पॉक्सों एक्ट के मुकदमों में पीड़िता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने व पॉस्को के मामलों में प्रारूप (क) व प्रारूप (ख) भरने तथा किशोर न्याय बोर्ड से निर्गत सम्मन तमिला, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही समस्याएं इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला विद्यालय निरीक्षक, अभियोजन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, बाल गृह बालिका के प्रभारी, वन स्टॉप सेन्टर, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना R.P.F., थाना एएचटीयू, एसजेपीयू व सभी थानो के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक तरक्की की रीढ़ हैं एक्सप्रेसवे: मुख्यमंत्री

गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण दिसम्बर तक पूरा करने का लक्ष्य, मुख्यमंत्री ने दिए गति बढ़ाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने की यूपीडा के परियोजनाओं की समीक्षा, कहा समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो

मेरठ-हरिद्वार, नोएडा-जेवर, चित्रकूट-रीवा और विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के रूट पर हुई गहन चर्चा, मुख्यमंत्री ने एनएचएआई के साथ रूट समन्वय पर दिया बल

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के सभी नोड्स पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित होंगे: मुख्यमंत्री

भूमि आवंटन के तीन वर्ष में निवेश न होने पर आवंटन रद्द किया जाए: मुख्यमंत्री

**समाज जागरण लखनऊ, :-**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल एक्सप्रेसवे डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि एक्सप्रेसवे केवल सड़कों का जाल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक भविष्य की रीढ़ हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दिसम्बर तक हर हाल में पूरा कराने के लक्ष्य के साथ तेज गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि राज्य के पश्चिमी और पूर्वी अंचलों के बीच सहज कनेक्टिविटी स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक परियोजना की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा हो और कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का समझौता न हो। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार स्वरूप प्रस्तावित मेरठ-हरिद्वार लिंक एक्सप्रेसवे, नोएडा-जेवर लिंक एक्सप्रेसवे, चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे तथा प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली और सोनभद्र तक प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे व विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के रूट पर विस्तृत चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए एक्सप्रेसवे की योजना बनाते समय भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित एक्सप्रेसवे और हाइवे नेटवर्क का पूरा ध्यान रखा जाए, ताकि दोहराव से बचते हुए राज्य में एकीकृत और समन्वित सड़क तंत्र विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जुड़े सभी नोड्स (लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रक्षा उद्योग से जोड़ना चाहिए, जिससे रोजगार सृजन के साथ ही क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा। बैठक में बताया गया कि डिफेंस कॉरिडोर के लिए अब तक लगभग 30,819 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। 5039 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कार्य प्रारंभ भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने भूमि आवंटन नीति पर विशेष बल देते हुए कहा कि भूमि आवंटन के तीन वर्ष के भीतर यदि निवेशक द्वारा यथोचित उपयोग नहीं किया जाता है तो ऐसा आवंटन स्वतः निरस्त किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि उपयोग की निगरानी की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए और निवेशक को केवल वास्तविक प्रगति की स्थिति में ही आगे की सुविधाएँ दी जाएँ। बैठक में यह भी बताया गया कि एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टर और लॉजिस्टिक पार्कों में निवेश आकर्षित करने के लिए यूपीडा ने बिजली, जलापूर्ति, ट्रक टर्मिनल और हेल्थ-इमरजेंसी सुविधाओं की व्यवस्था हेतु समयबद्ध योजना बनाई है।

# होम किचन गार्डन के तहत गमलों में भी उगा सकते हैं ऑर्गेनिक सब्जियां : ऋषि शर्मा

- एक ही पौधे पर उगाई चार (लाल, हरी, पीली, बैंगनी) रंग की मिर्च बनी विशेष आकर्षण
- कहा- सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के जहर मुक्त गाय आधारित ऑर्गेनिक खेती अभियान से मिली प्रेरणा



**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल- भिवानी, 29 अक्तूबर। आज फल सब्जियों के साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट एक बहुत बड़ी चुनौती बन गई है। अधिक उत्पादन की होड़ में हम विभिन्न प्रकार की फल सब्जियों पर अत्यधिक कीटनाशकों एवं केमिकल फर्टिलाइजर्स का प्रयोग करते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रहे हैं और अनेक प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही हैं। यह कहना है पीआरओ ऋषि शर्मा का। उन्होंने बताया कि उन्हें होम किचन गार्डन का शौक है और इसी शौक में उन्होंने घर की छत पर विभिन्न प्रकार की सब्जियों और हर्बल पौधों को होम किचन गार्डन के तहत उगाते रहते है इसी कड़ी में उन्होंने एक ही पौधे पर चार रंग की मिर्च उगाई हैं जो बेहत अद्भुत एवं आकर्षक हैं। उन्होंने बताया कि होम किचन गार्डन की प्रेरणा उन्हें भिवानी महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के बिना किसी कीटनाशक एवं केमिकल के जहर मुक्त, गाय आधारित जैविक खेती के अभियान से मिली है जोकि अत्यंत प्रशंसनीय कदम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जैविक खेती पद्धति अपनाना किसान के लिए वरदान साबित हो सकता है और किसान की आय में भी बढ़ोतरी हो सकती है जिससे किसान की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि हर व्यक्ति इस होम किचन गार्डन के जैविक खेती पद्धति से अपने लिए शुद्ध सब्जी उगा ले तो उसके परिवार के स्वास्थ्य में बहुत सुधार तो होगा ही साथ ही आर्थिक बचत भी होगी और इससे आम जनता में भी जैविक खेती के प्रति जागरूकता आएगी। ऋषि शर्मा ने होम किचन गार्डन के तहत अपने घर की छत पर मिर्च,शिमला मिर्च,बैंगन, धनिया, पालक,मेथी, चना, पुदीना,टमाटर, अजवायन, तुलसी, गिलोय,आदि लगा रखी हैं। कोई भी आम नागरिक जिसके पास यदि किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है तो वह अपनी छत पर जरूरत के मुताबिक होम किचन गार्डनिंग कर जैविक सब्जी उगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें कीटनाशकों एवं केमिकल,विदेशी फर्टिलाइजर्स का प्रयोग बंद करने की आवश्यकता है। इनके अंधाधुंध प्रयोग से भूमि जल अत्यधिक प्रदूषित एवं जहरीले हो रहे हैं तथा यही जहर फल, सब्जियों एवं खाद्य पदार्थों के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर रहा है। हमें अधिक से अधिक लोगों को होम किचन गार्डनिंग और जहर मुक्त गाय आधारित जैविक खेती के प्रति प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जैविक खेती पद्धति प्रोत्साहित करने की दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है जिसका पात्र आम जन मानस को लाभ उठाना चाहिए।

# गोपाष्टमी पर्व के दिन गौमाता की पूजा व सेवा मात्र से इंसान के सारे कष्ट दूर और कामनाएं पूरी होती हैं : महंत बाबा विकास गिरी महाराज

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 29, अक्टूबर। सनातन परंपरा में कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी को गौमाता व गोवंश की पूजा करने का दिन होता है तथा गौपूजा और गौसेवा के लिए अत्यंत ही शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। हिंदू शास्त्रों की मान्यता के अनुसार गोमाता के शरीर में 33 कोटि देवी-देवता का वास रहता है। गोपाष्टमी पर्व के दिन गौमाता की पूजा व सेवा मात्र से इंसान के सारे कष्ट दूर और कामनाएं पूरी होती हैं। सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। यह सद्विचार श्रीअलख आश्रम के महंत बाबा विकास गिरी महाराज ने श्रीअलख वृद्धाश्रम स्थित गौशाला की गोवंश की पूजा करने उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता साध्वी गौसिका गिरी महंत बलवीर गिरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हिंदू मान्यता के अनुसार गोपाष्टमी के दिन गाय और उसके बछड़े की पूजा करना अत्यंत ही शुभ और फलदायी माना गया है। ऐसे में गोसेवा करने के लिए व्यक्ति को इस दिन स्नान-ध्यान करने के बाद सबसे पहले गोमाता को प्रणाम करके आशीर्वाद लेना चाहिए। इसके बाद गोमाता और गोवंश को स्नान कराकर उनकी सफाई करनी चाहिए।
इसके बाद गोमाता के शरीर को सुखाकर उनके सींग पर काले रंग का रंग लगाना चाहिए। साध्वी गोसिका गिरी ने भी बताया कि गोमाता हल्दी, चंदन, रोली आदि से तिलक करें तथा उन्हें फल-फूल, धूप-दीप आदि अर्पित करके उनकी ॐ नमो देव्यै महादेव्यै सुरभ्यै च नमो नमः मंत्र का उच्चारण कर पूजा करने का महत्व बनता है। गोपूजा करने के बाद गौमाता आरती कर आशीर्वाद का पुण्य प्राप्त करें। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों के लोग साधु संत व महिलाएं भी इस माहत्म्य दिन पर पूजा कर पुण्य कमाया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पहुंचे लोहारू।

## चौ देवीलाल विचार मंच के संयोजक विजय सिंह गोठड़ा को दिया कांग्रेस पार्टी में आने का न्योता

**समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-लोहारू, 29 अक्टूबर । कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह डुमरखा लोहारू सूरजगढ़ रोड पर चौ देवीलाल विचार मंच के संयोजक विजय सिंह गोठड़ा के पेट्रोल पंप पर पहुंच कर उनको कांग्रेस पार्टी शामिल होने ओर उनके बेटे पूर्व सांसद ब्रिजेंद्र सिंह द्वारा आयोजित सद्भभावना यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। चौधरी वीरेंद्र



सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा ओर संघ द्वारा समाज ओर देश को धर्म ओर जाती के नाम पर बांटने का भरसक प्रयास किया जा है। पर हमारे देश सांस्कृतिक जड़े इतनी गहरी ओर मजबूत है कि बीजेपी ओर संघ के लाख प्रयासों को बावजूद भी हमारा सामाजिक ताना बाना दृढ़ता से उसी तरह बरकरार है।इस यात्रा का मकसद समाज की एकजुटता ओर सदभाव को बढ़ावा देना ओर संघर्षशील , ऊजार्वान और सर्वधर्म, सर्व जाति से सदभाव रखने वाले लोगों को एक मंच पर लाना है इसी कड़ी में आज हम विजय सिंह गोठड़ा को निमंत्रण देने आए है। विजय सिंह गोठड़ा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि चौ देवीलाल विचार मंच की मासिक बैठक 25 नवंबर को होनी है जिसमें इस प्रस्ताव बारे मंच के साथियों से चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

# कस्बे के संस्कृति माडल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय समावेशी शिक्षा अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 अक्टूबर। कस्बे के संस्कृति माडल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय समावेशी शिक्षा अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य संसाधन समावेश शिक्षा शिक्षक कृष्ण कुमार यादव द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के अभिभावक एसएमसी मेंबर तथा खंड बहल के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों का आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। मास्टर ट्रेन प्रवक्ता अनिल कुमार ने दिव्यांग बच्चों के समावेशन सहायक उपकरण, समावेशी कक्षा व्यवस्था में सामान्य शिक्षकों की भूमिका तथा दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेन प्रवक्ता सवींद्र कुमार ने दिव्यांग छात्रों के लिए पुनर्वास पेशेवर की भूमिका व्यवसायिक शिक्षा तथा विभिन्न राज्य व केंद्रीय योजनाओं के बारे में तथा बोर्ड परीक्षा में दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इसी तरह संसाधन अध्यापक मघाराम तथा एसएमसी मेंबर मनीष कुमार, सूबे सिंह,करण सिंह गोकलपुर, राकेश बहल, अनिल गोकलपुरा, बलबीर गोकलपुरा, नरेंद्र सुरपुरा, राकेश बिधनोई, सुनील पातवान, भारती, निशा, संजू, किशोर, सोमवीर, नरेश, ममता ओबरा, रोशनी, रामावतार सलेमपुर उपस्थित रहे। इस मौके पर खंड बहल के अध्यापक बाबूलाल लांबा, राजेश कुमार, मुनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, राजेश कुमार, विजय कुमार, सुरेश, दर्शन, प्रदीप, अजीत सिंह, भगवान दास, प्रताप सिंह, नरेश कुमार, राजबाला, यासीन खान, प्राचार्य नरेंद्र पाल, सुरेश, विशाल सिंह व अरविंद सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



बहल के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित समावेशी शिक्षा पर जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

# बहल कस्बे के पटवार कार्यालय क्षेत्र में गंदगी का लगा अंबार, इसके चलते आम राहगिर व क्षेत्रवासी हुए मुहाल

## लोगों ने पहले की भांति डस्टबिन ट्राली खड़ा करने व मौजूदा गंदगी से निजात दिलाने की कि मांग

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29, अक्टूबर। बहल कस्बे के पटवार कार्यालय क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और इसके चलते आम राहगिर व क्षेत्रवासी मुहाल हो रहे हैं। यहां के बाशिंदों का कहना है कि दीपावली त्योहार पर भी उनकी गली में बिखरी पड़ी गंदगी को सफाई करने की ग्राम पंचायत ने जरूरत नहीं समझी। लोगों ने पहले की भांति डस्टबिन ट्राली खड़ा करने व मौजूदा गंदगी से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों ने साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं करवाने को लेकर नाराजगी जताई है। मानसून का वक्त बीत चुका है और इसके बाद मच्छर मक्खियों का कुनबा बढ रहा है। डेंगू व मलेरिया के रोगियों की संख्या अस्पतालों में तेजी से बढ़ रही है। आवारा कुत्ते व पशु यहां गंदगी में मुंह मार रहते हैं। जहां ज्यादा लोगों की आवाजाही व एक आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। बावजूद सफाई नहीं करवाई जा रही है। वहीं लोग भी स्वच्छता के लिए जागरूक होने के बजाय ऐसे स्थानों पर गंदगी फैलाने में भी गुरेज नहीं करते हैं। जिसके चलते गंदगी का ढेर लगा है। गंदगी प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने ग्राम पंचायत से अविलंब गंदगी उठाने की मांग की है। इस बारे में बहल के सरपंच साधूराम पणिहार से फोन पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



बहल के पटवार कार्यालय क्षेत्र की गली में पसरी गंदगी का दृश्य।

# गुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई में संत सम्मेलन संपन्न

**समाज जागरण**

कालांवाली 29 अक्तूबर (सुरेश जोरासिया) कालांवाली से रोड़ी रोड़, गांव तारूआना मे शिवपुरी आश्राम मे मैं धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई में संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में गुरवाणी कीर्तन, एवं गुरमत विचारों से संगत को निहाल किया गया। इस संत सम्मेलन कि



मुख्य अध्यक्षता बाबा गोरखपुरी के द्वारा कि गई। डेरा संत बाबा सरवदियाल महाराज जी के पवित्र स्थान पर सुबह से ही संगतों की लम्बी लाईन लगी रही। कार्यक्रम में दूरराज से संत महापुरुषों ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के हुजूरी में नतमस्तक हुए और गुरु साहब का आशीर्वाद प्राप्त किया इस मौके पर बाबा गोरखपुरी जी ने संतो के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर बरताया गया' इस मौक पर बाबा देवदास मंड़ाला, बाबा सेवादास, प्रतिम दास कोट फत्ता, बाबा पूर्णदास बुढ़लाड़ा,बाबा शिशनाभ रतिया, बाबा फूमनदास बंगी,मलकित गिरी दादू प्रधान महेश झोरड, मंगत नागर पार्षद अन्य संत महापुरुष एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाशोत्सव मनाने के लिए 1796 सिख तीर्थयात्रियों का एक जत्था 4 नवंबर को पाकिस्तान रवाना होगा

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो ,29 अक्टूबर :प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर पाकिस्तान के गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सिख तीर्थयात्रियों का एक जत्था 4 नवंबर, 2025 को पाकिस्तान रवाना होगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव श्री प्रताप सिंह ने बताया कि हर साल श्री गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सिख तीर्थयात्रियों के एक जत्थे को पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि एसजीपीसी ने 1802 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट वीजा के लिए पाकिस्तान दूतावास भेजे थे, जिनमें से 1796 श्रद्धालुओं को वीजा मिल गए हैं। उन्होंने गुरु साहिब के प्रकाश पर्व पर जाने वाले श्रद्धालुओं को वीजा प्रदान करने के लिए भारत और पाकिस्तान सरकारों का भी आभार व्यक्त किया। सचिव एस. प्रताप सिंह ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं ने वीजा के लिए आवेदन किया है, वे 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को एसजीपीसी कार्यालय से अपने पासपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, यह जत्था 4 नवंबर को वाघा बॉर्डर होते हुए पाकिस्तान के श्री ननकाना साहिब जाएगा, जहाँ श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद, यह जत्था विभिन्न गुरुद्वारों के दर्शन करेगा और 13 नवंबर को भारत लौटेगा।

# टीम यूथ विंग क्लब ने सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो में गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया

**(मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,29 अक्टूबर : क्षेत्र की टीम यूथ विंग क्लब जैतो की तरह से आज सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो में गोपाष्टमी पर्व बड़ी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।गोपाष्टमी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है, जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष गगन सिंगला गीजीवाला ने कहा कि यह पर्व गौ माता और भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है।
उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी का संबंध भगवान कृष्ण के गौ चारण लीला से है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, बालकृष्ण ने अपने पिता नंद बाबा से गायों को चराने की अनुमति मांगी थी। नंद बाबा ने इसके लिए पंडितों से शुभ मुहूर्त निकलवाया, जो कार्तिक शुक्ल अष्टमी का दिन था । कामधेनु का वरदान ऐसा माना जाता है कि इस दिन नंद बाबा ने कृष्ण को बछड़ों की जगह गायों की देखभाल का जिम्मा सौंपा था, और भगवान कृष्ण ने अपनी गौ चारण लीला शुरू की। इस कारण इस तिथि को गोपाष्टमी के रूप में मनाया जाता है।
कथाओं के अनुसार, राधा रानी भी गायों को चराने के लिए उत्सुक थीं। इसलिए वह गोपाष्टमी के दिन ग्वाले का वेश धारण कर कृष्ण के साथ गौ चारण के लिए गईं थीं। गगन सिंगला ने लोगों से आग्रह किया कि वह पहले रोटी गौमाता के लिए हर रोज निकाले। सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो के अध्यक्ष व समाज सेवी राकेश रोमाना ने कहा कि सनातन धर्म में गोपाष्टमी का बहुत धार्मिक महत्व माना गया है। उन्होंने कहा कि इस दिन गौ माता की विशेष पूजा की जाती है, क्योंकि हिंदू धर्म में गाय को 'कामधेनु' यानी मनोकामना पूरी करने वाली माना जाता है। सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो की प्रिंसिपल कुसुम कालडा ने कहा कि गोपाष्टमी के दिन गाय और बछड़ों की सेवा और पूजा करने से सुख, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए गौ माता की पूजा से सभी देवता प्रसन्न होते हैं।जो व्यक्ति गोपाष्टमी पर गौ माता की सेवा और पूजा करता है, उसे भगवान श्रीकृष्ण का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर सतीश गोयल लंबावाली, अंकुश सिंगला, लविश सिंगला,नरेश गोयल, साहिल गर्ग, योगेश बांसल व रिंकू बिंदल आदि मौजूद थे।




टीम यूथ क्लब जैतो द्वारा आयोजित गोपाष्टमी पर्व मनाने का दृश्य।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देश, दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार

## टीआई और आरक्षक को किया लाइन अटैच

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कटनी जिले के कैमोर में हुई घटना पर पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कटनी जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने बुधवार की सुबह दोनों आरोपियों को कजरवारा गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रभारी मंत्री श्री सिंह पहुँचे कैमोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कटनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को कैमोर पहुँच कर मृतक स्व. श्री नीलेश रजक के परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देश है कि मध्यप्रदेश में किसी भी आपराधिक गतिविधि को सरकार बर्दाश्त नहीं करेंगी। अनैतिक गतिविधियों में शामिल लोगों को दण्डित किया जायेगा। पुलिस अपना कार्य कर रही है, गुनहगारों का जीवन सलाखों के पीछे बीतेगा।
कैमोर में हुई हत्या की वजह से जनहानि और लोकपरिशांति भंग होने की संभावना के मद्देनजर थाना विजयराघवगढ़ एवं थाना कैमोर के संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था की दृष्टि से निषेधात्मक आदेश लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने विजयराघवगढ़ व कैमोर दोनों स्थानों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की।

# 78 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम पर अबोहर व फिरोजपुर से स्पैशल ट्रेनों का संचालन

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,29 अक्टूबर : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने आज बताया कि 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम को देखते हुए श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन निम्नानुसार किया जाएगा। ट्रेन 04670/04669 अबोहरझदिल्लीझअबोहर स्पेशल चलाई जा रही है।स्पेशल ट्रेन 04670 अबोहर से दिल्ली के लिए दिनांक 30.10.2025 (एक ट्रिप) को खुलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04670 अबोहर से सुबह 08:10 बजे प्रस्थान करके शाम 19:30 बजे दिल्ली पहुँचेगी। स्पेशल ट्रेन 04669 दिल्ली से अबोहर के लिए 4.11.2025 (एक ट्रिप) को खुलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04669 दिल्ली से रात्रि 20:15 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 10:30 बजे अबोहर पहुंचेगी। मार्ग में यह स्पेशल रेलगाड़ी फाजिल्का, लाधुका, जलालाबाद, गुरुहरसहाय, फिरोजपुर छावनी, तलवंडी, मोगा, जगराओं, मुल्लांपुर, लुधियाना, गोविन्दगढ़, अंबाला छावनी, करनाल, पानीपत, समालखा और भोडवाल माजरी रेलवे स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। वहीं, ट्रेन 04650/04649 फिरोजपुरझनई दिल्लीझफिरोजपुर स्पेशल चलाई जा रही हैं।स्पेशल ट्रेन 04650 फिरोजपुर छावनी से नई दिल्ली के लिए 30.10.2025 (एक ट्रिप) को खुलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04650 फिरोजपुर छावनी से सुबह 10:35 बजे प्रस्थान करके रात्रि 21:30 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी। स्पेशल ट्रेन 04649 नई दिल्ली से फिरोजपुर छावनी के लिए दिनांक 04.11.2025 (एक ट्रिप) को खुलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04649 नई दिल्ली से रात्रि 22:30 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 09:15 बजे फिरोजपुर छावनी पहुंचेगी। मार्ग में यह स्पेशल रेलगाड़ी फरीदकोट, कोटकपूरा, गंगसर जैतो, बठिंडा, मानसा, बुढलाडा, बरेटा, जाखल, जींद, पानीपत, समालखा और भोडवाल माजरी रेलवे स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# बीडा में होगा एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास: मुख्यमंत्री

**- मुख्यमंत्री ने की बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रगति की समीक्षा**
**- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे बनाएंः मुख्यमंत्री**
**- आगराझग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को झांसी/बीडा तक बढ़ाने की मुख्यमंत्री ने जताई जरूरत**
**- अधिकतम छह माह में पूरी की जाए बीडा में भूमि अधिग्रहण की सभी कार्यवाहियांः मुख्यमंत्री**
**- मुख्यमंत्री का निर्देश, एक सप्ताह में रजिस्ट्री और राजस्व के अतिरिक्त कार्मिक, 15 दिनों में इंजीनियर व टाउन प्लानर की तैनाती सुनिश्चित करें**
**- बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि प्रगति का प्रतीक बनेगाः मुख्यमंत्री**
**- पारदर्शी अधिग्रहण व समयबद्ध अवसंरचना विकास से निवेशकों में बढ़ेगा विश्वास, युवाओं को मिलेगा रोजगारः मुख्यमंत्री**

लखनऊ, 29 अक्टूबरः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में एयरपोर्ट निर्माण के निर्देश दिए हैं। बीडा के समुचित विकास के लिए कनेक्टिविटी को और बेहतर करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का बीडा/झांसी तक विस्तारीकरण किया जाना चाहिए। इसके लिए एनएचएआई से संवाद किया जाए। इसी प्रकार, दिल्ली-चेन्नई की चतुर्थ रेलवे लाइन तथा बीडा क्षेत्र में रेलवे स्टेशन निर्मित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। उन्होंने दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरीडोर का एक नोड बीडा में विकसित करने की जरूरत बताते हुए बीडा क्षेत्र में एक मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क के निर्माण के भी निर्देश दिए, साथ ही, यूपीडा को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को बीडा से जोड़ने के लिए लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए एलाइनमेंट की प्रक्रिया तेजी से पूरी करने भी निर्देश दिए हैं।
बुधवार को बीडा के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बीडा के कार्यों की अद्यतन प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, निमार्णाधीन परियोजनाओं तथा भावी औद्योगिक योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की परिभाषा नहीं, बल्कि प्रगति के प्रतीक के रूप में उभरेगा। बीडा की सफलता से न केवल झांसी, बल्कि पूरे क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 06 माह में अधिग्रहण की सारी कार्यवाही पूरी कर ली जाए। इसके लिए एक सप्ताह के भीतर रजिस्ट्री व राजस्व से जुड़े अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती की जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास और सीईओ बीडा को यह निर्देश दिए कि अगले 15 दिवसों के भीतर बीडा में योग्य सिविल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, टाउन प्लानर और आर्किटेक्ट की तैनाती कर दी जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडा को प्रदेश के औद्योगिक विकास का नया ग्रोथ इंजन बनाते हुए इसे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और रोजगार सृजन का आदर्श मॉडल बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की औद्योगिक प्रगति, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के दृष्टिकोण को सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री ने बीडा प्रशासन को एयरपोर्ट निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए।
बैठक में बताया गया कि बीडा के गठन हेतु कुल 56,662 एकड़ क्षेत्रफल अनुमोदित किया गया है, जिसमें से अब तक 22,028 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

# जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है: सीएम योगी

भोजपुर, 29 अक्टूबरः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दूसरी रैली शाहपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राकेश रंजन ओझा के पक्ष में की। सीएम ने स्थानीय भाषा में संवाद की शुरूआत की और मतदाताओं से कमल खिलाने की अपील की। यहां उन्होंने विपक्षी दलों (राजद, कांग्रेस) को खूब धोया। सीएम ने कहा कि इंद्रदेव के आशीर्वाद से यह तय हो गया है कि फिर से एनडीए सरकार बिहार में बनेगी।

### योगी के निशाने पर रही कांग्रेस व राजद

सीएम योगी ने कांग्रेस व राजद को निशाने पर रखा। बोले कि इन लोगों ने विकास कार्यों को पूरा नहीं किया, क्योंकि जो पशुओं का चारा खा जाए, वह मनुष्य का हक भी डकार जाता है। आज मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के भाव के साथ हर नौजवान, गरीब, किसान, माता-बहन को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मोदी जी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उबरकर स्वावलंबन के पथ पर आगे बढ़े हैं। अब बिहार से पलायन नहीं होता, बल्कि यहां से निकले इंजीनियर बिहार को प्रगति पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। सीएम ने बिहार की प्रतिभा की सराहना की।बोले कि यहां के नौजवानों में ईश्वर प्रदत्त बुद्धि है। थोड़ा सा प्लेटफॉर्म मिले तो बिहार का नौजवान दुनिया को अपनी बुद्धि से आकर्षित रखने का सामर्थ्य रखता है। देश में जहां भी बिहार के युवाओं ने कार्य किया, अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।
राजद व कांग्रेस के समय भगवान भरोसे हो गई थी बेटी-बहन की सुरक्षा
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार पर भारत का हर नागरिक गौरव की अनुभूति करता है। सीएम ने बिहार की धरती के महापुरुषों, लोकतंत्र सेनानियों का जिक्र किया और कहा कि यहां का अतीत गौरवशाली रहा, लेकिन राजद का 15 वर्ष और उससे पहले कांग्रेस का कार्यकाल कलंक से कम नहीं है। इस दौरान बिहार के नागरिकों को पहचान के संकट से गुजरना पड़ता था।

# गन्ना किसानों को योगी सरकार का बड़ा उपहार, गन्ना मूल्य 30 प्रति कुन्तल बढ़ा

लखनऊ, 29 अक्टूबर। योगी सरकार ने एक बार फिर गन्ना किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना मूल्य में ट्ट30 प्रति कुन्तल की वृद्धि की गई है। उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी के अनुसार अब अगेती गन्ना प्रजाति का मूल्य 400 प्रति कुन्तल तथा सामान्य प्रजाति का मूल्य 390 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इस वृद्धि से गन्ना किसानों को लगभग 3,000 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान होगा। योगी सरकार के कार्यकाल में यह चौथी बार है जब गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई है। यह निर्णय न केवल गन्ना किसानों की आमदनी में वृद्धि करेगा, बल्कि प्रदेश के ग्रामीण अर्थतंत्र में नई ऊर्जा भी भरेगा।
मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि किसानों के परिश्रम का सम्मान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गन्ना किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं। गन्ना हमारे ग्रामीण जीवन और अर्थव्यवस्था का आधार है और हर किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य सही समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।
उन्होंने बताया कि गन्ना किसानों को अब तक 2,90,225 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो वर्ष 2007 से 2017 के बीच सपा और बसपा सरकारों में किसानों को कुल मात्र 1,47,346 करोड़ का भुगतान हुआ था।

# गोमाता में देवो के दर्शन के साथ सभी जरुरते पूरी होती हैं

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।काशी जीवदया विस्तारिणी गोशाला एवं पशुशाला रामेश्वर में आयोजित गोपाष्टमी समारोह में गोपूजन के बाद बतौर मुख्य अतिथि रमेश बंसल ने कहा कि -जन्म देने वाली माँ के बाद गोमाता ही हमारे सुख, समृद्धि ,वैभव व आरोग्य प्रदान करने वाली हैं।आज के दिन हर घर में गो पूजन हो तथा घर में गाय का गोबर ०मूत्र का लेपन हो। विशिष्ट अतिथि सुधा टेकरीवाल व शिवानी टेकरीवाल ने कहा कि- गाय हमारी माता के साथ-साथ हमारी संस्कृति का आधार है।शास्त्र के अनुसार गौ परिक्रमा से पृथ्वी की परिक्रमा, गौ पूजन से समस्त देवताओं का पूजन हो जाता है।



एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव व गोशाला प्रबंधक रामनारायण सिंह ने कहा कि- गाय एक पुत्र की माँ नहीं हजारों लोगों की माँ हैं जो सबका पेट भरती हैं।उनके संरक्षण,संवर्धन के लिए सेवा भावना से पूजा करें। महिलाओं को साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी।

अन्य अतिथियों में एस ओ जंसा अनिल शर्मा , चौकी प्रभारी जगदम्बा सिंह ,डॉ0 आर0 के0 सिंह ,वरिष्ठ पत्रकार के .एल. पथिक,प्रधान जगापट्टी घनश्याम सिंह यादव व पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह, गोसेवक सुदर्शन सहित अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से अतिथियों संग गोमाता की पूजा की।

प्रबंधक रामप्रकाश यादव, पशु चिकित्सक ओमप्रकाश नारायण ,प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह व गोपालकों समेत गौ माता का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर आरती के साथ पूजन प0 अभय कुमार त्रिपाठी द्वारा कराया गया।

इस मौके पर सेठ किशोरी लाल जालान सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों( बच्चों )द्वारा प्रधानाचार्य व शिक्षकों के नेतृत्व में गोपाष्टमी रैली निकाली गई।साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित झांकी निकाल कर विविध प्रस्तुति की गई। बच्चों को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह दी गई।

इस अवसर पर प्रबन्धक रामनारायण सिंह, सहप्रबन्धक रामप्रकाश , ओमप्रकाश नारायण,रामबली तिवारी ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रमुख रूप से अजय ओझा, बीरबल सिंह, रमाशंकर, हरेंद्र सिंह, अरुण सिंह,अशोक यादव, कमालू यादव ,मन्नर , रामनवल,आशुतोष,शंकर यादव, शिवशंकर यादव सहित कई गाँवो के गोपालक उपस्थित रहे। धन्यवाद आर0 एन0 सिंह व आर0 पी0 यादव व संचालन डॉ0ओ0 पी0 नारायण ने किया।

# सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करना जरूरी होता है उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-2 (MCLF V-2) विषय पर चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।




उन्होंने कहा कि यदि हमें सफलता प्राप्त करनी है तो हम किसी भी कार्य को करने के लिए सबसे पहले उसकी प्राथमिकता तय कर लें और एक निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित करके उस दिशा में कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के इन तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय व नीलू श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षुओं को तीन दिवसों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ के प्रस्तावित दृष्टि वाक्य का निर्धारण कराया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड पिंडरा के प्रगति सीएलएफ ने तय किया कि 'प्रगति आजीविका प्रेरणा महिला संकुल समिति का है सपना, स्वस्थ दीदी, खुशहाल परिवार, हरा-भरा आदर्श गांव हो अपना।' इसी के साथ सीएलएफ की दीदियों ने अपने-अपने ग्राम संगठन से आए हुए आयामों पर सामुदायिक सहभागिता के आधार पर सीएलएफ की प्राथमिकताओं को तय किया जिसके अन्तर्गत उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों में संगठन की मजबूती, स्वास्थ्य और आजीविका मुद्दे को रखा। इसी कड़ी में दल बल गतिविधि के अंतर्गत गुब्बारे का खेल के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित करने के महत्व को जाना तथा दिमाग के बोतल को दूर करने का खेल के माध्यम से परिवर्तन को प्रभावित करने वाले आंतरिक और बाह्य कारकों को समझा।

समापन अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रशिक्षुओं एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, अनुराधा भारद्वाज, पूनम वर्मा, मनीषा, कोमल, मीनू, सुशीला, सोनी, प्रियंका, रुचि, बिन्दु, सुमन, माला, श्वेता, अर्चना, शशिकला, प्रतिभा, सीमा, जलेबी देवी, पार्वती, सरिता, रेखा, कविता, गीता, प्रमिला, राधिका आदि सहित 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# गोमाता का संरक्षण, संवर्धन सेवा भावना से पूजा करते हुए करें बी0पी0 वर्मा, बीडीओ

**समाज जागरण**

हरहुआ। गाय हमारी माता के साथ-साथ हमारी संस्कृति का आधार है,गौ परिक्रमा से पृथ्वी की परिक्रमा,गौ पूजन से समस्त देवताओं का पूजन होता



है। उनके संरक्षण,संवर्धन के लिए सेवा भावना से घर -घर पूजा करने से सुख,समृद्धि,वैभव व आरोग्य जीवन होता है।

उक्त बातें हरहुआ विकास खण्ड के कुरौली ग्राम पंचायत स्थित गोशाला में गोपाष्टमी समारोह में गोपूजन के बाद बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की।

पशु चिकित्साधकारी डॉ0 आशीष वर्मा ने गोपूजन के बाद पशुपालकों,पशुसेवको से कहा कि गाय एक पुत्र की माँ नहीं पूरे समाज की माँ हैं जो सबका पेट भरती हैं ,सेवा भावना के साथ गाय की सेवा करें और पुण्य की प्राप्ति करें।

गोपूजन अवसर पर एडीओ पंचायत रवि सिंह, एडीओ आइएसबी रवि प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान सुभाष कुमार ,सचिव सौरभ कुमार श्रीवास्तव गोपालक सियाराम, सन्तोष गिरी,सुरेंद्र कुमार सहित अन्य गोपालकों ने गोमाता को माला पहनाकर पूजन करते हुए आरती उतारी। गोमाता की जय का उद्घोष किया।

# स्वतंत्रता सेनानी बाबा रामरतन दास की स्मृति में रचनात्मक आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। ब्लॉक के ग्रामसभा कनियर में स्वतंत्रता सेनानी बाबा रामरतन दास जी की स्मृति में इस वर्ष का रामलीला आयोजन विशेष रूप से ऐतिहासिक रहा। स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत बाबा रामरतन दास ने सन्यास लेकर अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आजादी की अलख जगाई थी। उनके त्याग और राष्ट्रसेवा का उल्लेख स्वतंत्रता आंदोलन और बनारस जैसी कृतियों में भी मिलता है।



ग्रामवासियों ने अपने इस महानायक की स्मृति को सजीव बनाए रखने हेतु प्राचीन रामलीला समिति का नाम बदलकर स्वतंत्रता सेनानी बाबा रामरतन दास रामलीला समिति रखा है। समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष कार्तिक माह की लाभ पंचमी से रामलीला का शुभारंभ और विजयदशमी को रावण दहन के साथ समापन होता है।

समिति न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों में भी सक्रिय है। पिछले 14 वर्षों से स्व. राम अवलंब मिश्र की स्मृति में वार्षिक शैक्षिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस वर्ष की परीक्षा 28झ 29 अक्टूबर को हुई,जिसमें लगभग कुल 240 बच्चों ने भाग लिया सभी बच्चों को नोटबुक वितरित की गई। आयोजन की सफलता में विवेक मिश्र का योगदान सराहनीय रहा। समिति के अध्यक्ष आनंद दीक्षित सहित अनेक ग्रामवासी मिठ्ठे सिंह, ग्रिजेश मिश्र,विजय दीक्षित,हितेश मिश्र,सुभाष दूबे आदि ने अपनी निष्ठा और परिश्रम से आयोजन को गरिमा प्रदान की।

ग्राम कनियर आज भी शिक्षा, सौहार्द और संस्कार की धरती है, जहाँ हर परिवार में शिक्षक या शिक्षार्थी हैं। यहां की मिट्टी आज भी बाबा रामरतन दास जी के आदर्शों और राष्ट्रभक्ति की सुगंध से महक रही है।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने सरकारी ट्रामा सेंटर में लापरवाही व दलाली का लगाया आरोप, दिया ज्ञापन !

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। राष्ट्रीय युवा वाहिनी ने सरकारी ट्रामा सेंटर में मरीजो के साथ इलाज के दौरान हो रही लापरवाही को लेकर सीएमएस को ज्ञापन दिया है। उन्होंने वहा दलाली का भी आरोप लगाया है।



राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्रीकांत उपाध्याय की अध्यक्षता कार्यकताओं ने बुधवार को एक ज्ञापन सीएमएस डा, नवीन जैन को दिया।

उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि सरकारी ट्रामा सेंटर के कर्मचारी मरीजों के तीमारदारों से अभद्र व्यवहार करते हैं। जिसकी शिकायतें संगठन को सोशल मीडिया व व्यक्तिगत रूप से मिलती है।

सरकारी ट्रामा सेंटर में एक्सीडेंट या घटना में आए हुए मरीजों को उक्त उपचार के लिए संबंधित डॉक्टर न होना, या मशीनरी का खराब होना बताकर आगरा रेफर कर दिया जाता है। मरीज का उपचार नहीं किया जाता है। वहा मरीज को अच्छा उपचार नहीं मिलता। और इससे विवश होकर प्राइवेट अस्पताल से इलाज करवाना पड़ता है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है सरकारी ट्रामा सेंटर के बाहर तमाम दलाल इधरउधर घूमते हुए नजर आते है। जो छोटी छोटी घटना में मेडिकल करवाने आए पीड़ित आरोपियों के परिजनों से साठ गांठ कर मेडिकल में बड़ी धाराएं बनाने के नाम पर धन वसूली करते है। धन प्राप्ति के बाद हॉस्पिटल के कर्मचारियों से मिलकर मेडिकल में हेरा फेरी करते है। जिससे आम जनमानस का भविष्य खराब होता है। इस विषय पर संज्ञान लेकर ऐसे दलालों व कर्मचारियों की शिनाख्त कराकर इन पर कार्यवाही करवाने का कष्ट करे।

ज्ञापन देते समय आनंद शर्मा, प्रदेश कुमार गुप्ता, गौरव शर्मा, सर्वेश कुमार, अटल शर्मा, विवेक शर्मा, विपिन शर्मा राहुल शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दो वाहन चोर पकड़े, तीन बाइक बरामद

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा पुलिस ने 02 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने चोरी की 03 बाइक बरामद की है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को




उनके बारे में पता चला था। पुलिस ने तुरंत कार्यवाही कर उनकी घेराबंदी कर दी।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तो का नाम अम्बुज पुत्र गिरीश चन्द्र तथा कलुआ उर्फ विनय प्रताप पुत्र शंकर लाल निवासी कस्बा नारखी थाना नारखी बताए है।

पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों केबीपीएस से तीन चोरी को बाइक बरामद की है। उन्होंने बाइक विभिन्न स्थानों से चोरी की है। जिनमें दो मोटर साइकिल थाना उत्तर से चोरी की है।

बरामदगी के आधार पर थाना पचोखरा पर उनके खिलाफ धारा 35, 106 बीएनएसएस व 317(2), 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

# एम जी कॉलेज में महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन !

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद महात्मा गांधी बालिका पी.जी. कॉलेज, फि रोजाबाद में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ह्लमहिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर्स जागरूकता कार्यक्रमह्व का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. प्रियदर्शिनी उपाध्याय के कुशल निर्देशन में किया गया । कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रिया सिंह एवं डॉ. निशा द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. प्रिया सिंह और डॉ. निशा ने महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में हर लड़की और महिला को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को बताया कि 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (बाल सहायता लाइन) तथा 102 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा याद रखने चाहिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। डॉ. प्रिया सिंह ने अपने संबोधन में यह भी बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना विकसित करना भी है। उन्होंने छात्राओं को यह संदेश दिया कि किसी भी तरह की उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में चुप रहने के बजाय इन हेल्पलाइन नंबर्स का तुरंत उपयोग करें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सवाल पूछे और महिला सुरक्षा से जुड़ी परिस्थितियों पर चर्चा की। छात्राओं ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में भी इस जागरूकता को फैलाएँगी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निशा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं में आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करते हैं। अतः ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर छात्राओं के बीच होना आवश्यक है। कार्यक्रम में 48 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



# जिलाधिकारी ने 4 नवंबर से शुरू हो रहे हाउस टू हाउस सर्वे के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया !

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साथ ई आर ओ एवं एईआरओ के साथ 4 नवंबर से शुरू हो रहे हाउस टू हाउस सर्वे के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी ने इस बैठक में सख्त शब्दों में निर्देशित किया कि कोई भी ई आर ओ एवं एइआरओ तथा बीएलओ बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेगा, अगर कोई बिना अनुमति के अवकाश पर जाएगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी,



जिलाधिकारी ने उपस्थित ई आर ओ एवं एइआरओ (ERO/AERO) से एस आई आर (रक्फ़) के संबंध में जानकारी चाहि, उन्होंने कहा कि सभी ई आर ओ एवं एइआरओ ध्यान पूर्वक एस आई आर की गाइडलाइन को भली भांति अध्ययन कर लें, जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से भी अपील की कि वह अपने-अपने बी एल ए तत्काल नियुक्त करें, जिलाधिकारी ने कहा कि 4 नवंबर से शुरू हो रहे हाउस टू हाउस सही तरीके से किए जाएं, इसके लिए सभी ई आर ओ अपने बीएलओ के साथ बैठक अवश्य कर ले, साथ ही साथ बी एल ओ के द्वारा जो प्रतिदिन हाउस टू हाउस सर्वे किया जाए, उसकी प्रतिदिन की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, साथ ही साथ बी एल ओ के साथ स्वयं भी हाउस टू हाउस सर्वे जाकर मतदाताओं की पहचान अवश्य करें, साथ ही साथ यह भी ध्यान रखें की बी एल ओ के द्वारा सही से सर्वे किया जाए, बी एल ओ अपने स्थान पर किसी अन्य को सर्वे के कार्य में न लगाए, अन्यथा की स्थिति में निलंबन की कार्रवाई की जाएगी, सभी सुपरवाइजर का प्रशिक्षण मुख्यालय पर करा दिया जाए, जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए की कोई भी बी एल ओ राजनीतिक दबाव में कार्य न करें, इस सर्वे का खास उद्देश्य है कि किसी मतदाता की जगह किसी अन्य मतदाता का निर्वाचन सूची में नाम न हो, साथ ही कोई गैर भारतीय निर्वाचक सूची में शामिल न हो, जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता के तौर पर करना है, कोई भी पात्र नागरिक इस सर्वे में छूटने न पाए, बी एल ओ हाउस टू हाउस सर्वे के दौरान अपने फोटोग्राफ अवश्य अपलोड करते रहेंगे,

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, सभी उप जिलाधिकारी, राजनीतिक दलों में समाजवादी पार्टी से सुनील सीटू, कांग्रेस पार्टी से शैलेंद्र शुक्ला, बसपा से डॉक्टर जितेंद्र बघेल इत्यादि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क साईकिल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे में आयी मुस्कुराहट(स्कूल का सफर हुआ आसान)

**समाज जागरण**

कटनी /उपनगरीय क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक शाला न्यू कटनी जंक्सन में प्रवेश लेकर अध्ययन करने आने वाले ग्राम खिरवा निवासी15 छात्र-छात्राओं को नियमित अध्ययन हेतु विद्यालय आने जाने हेतु निःशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया।एन.के.जे. विद्यालय से चार किलोमीटर दूर से शाला आने वाले विद्याथीयों को नियमित समय पर विद्यालय पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं था।राज्य शासन की इन्हीं सारगर्भित और बालकेंद्रित सोच के तहत कक्षा छठवीं और नवमी में नियमित अध्ययन हेतु आने वाले दूरदराज के छात्र -छात्राओं को सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निःशुल्क साईकिल देकर उनके पढ़ाई को प्रोत्साहित किया जाता है। इसी कड़ी में एन. के. जे. विद्यालय में कक्षा छठवीं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में राज चौधरी,पल्लवी भूमिया, उपासना कोल,ईसा कोल, आर्यन सिँह, रघुनंदनी कुशवाहा,अमृता पटेल, ज्योति पटेल,



आर्यन पटेल, अर्जित पटेल, ऋषीकेश पटेल,योगिता पटेल, मानसी पटेल,सरिता पटेलऔरअनन्या पटेल को क्षेत्रीय बाबू जगजीवनराम वार्ड पार्षद श्रीमती फमीदा आफताब चोखेभाई जान औरअधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता मार्तण्ड सिँह राजपूत के कर कमलों से खिरवा ग्राम के दस छात्राओं और पांच छात्रों को साईकल प्रदान की गयी।साईकल पाकर बच्चों के चेहरे की मुस्कान किसी त्योहार से कम नहीं थी,सभी विद्यार्थी गण खुशी से झूमते नजर आये। वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रधान श्रीमती कविता जैन और संचालन श्रीमती निधि पटेरिया द्वारा किया गया। उपस्थित जनों का आभार शाला प्रबंध कार्यकारणी के अध्यक्ष अखिलेश मौर्य ने किया। इस अवसर पर शालेय शिक्षक जितेंद्र दुबे, अजय पटेल,अनिल पाण्डेय, श्रीमती मनीषा कांबले, रश्मि विश्वकर्मा, मोहना जरगर सोनी, राजेन्द्र सिँह,फूला बाई, मंजू पटेल,धीरज कुशवाहा,सुग्रीव पटेल, निर्मलचंद्र,खूबचंद्र पटेल, विजय कुमार पटेल रघुकेश पटेल सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों और शाला प्रबंध कार्यकारणी के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# कोतमा में खुलेआम ठेकेदार द्वारा शराब तस्करी

## सोशल मीडिया लाईव के बावजूद कार्रवाई न होने पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण**

अनूपपुर ।कोतमा बुधवार की सुबह कोतमा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर ले जा रही अवैध शराब की पेटी को स्थानीय लोगों ने रोक लिया और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर लाईव कर दिया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि बाइक पर नंबर-प्लेट नहीं है और साथ में किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं था। युवक ने खुद का नाम रमेश सेन बताया और कहा कि वह यह शराब बदरा क्षेत्र में किसी व्यक्ति को पहुंचा रहा था।



### ठेकेदारों की दखलअंदाजी

लाईव के दौरान कुछ ही क्षण में काले रंग की कार में शराब ठेकेदार के मैनेजर और उनके साथी वहां पहुंच गए। वीडियो में देखा गया कि ठेकेदार के लोग युवक से शराब की पेटी जबरन छुड़ा कर कार में लाद कर ले गए और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह केवल एक अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रहे अवैध कारोबार की एक झलक है।

### पुलिस पर संरक्षण के आरोप

घटना की जानकारी मिलने के बाद बाइक सवार और पेटी की जब्ती तथा संबंधित लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई न होने से लोग आशंकित हैं। भाजपा युवा मोर्चा कोतमा मंडल के उपाध्यक्ष अमन सिंह परिहार ने बताया कि उन्होंने तुरंत कोतमा थाना प्रभारी को सूचित किया, फिर भी कई घंटे बाद भी किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही नहीं हुई। इससे यह आशंका बढ़ जाती है कि शराब माफियाओं को किसी न किसी रूप में संरक्षण मिल रहा है पुलिस या आबकारी विभाग के भीतर से।

### स्थानीय लोगों की चिंता

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब विक्रय और तस्करी का कारोबार दिनोंदिन बढ़ रहा है। बदरा रोड, बरगवां और कोतमा नगर के कई हिस्सों में बिना रोक-टोक शराब की पैकारी होते देखी जा सकती है। इसके चलते व्यभिचार, झगड़े और सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि जैसी समस्याएँ भी देखने को मिल रही हैं। जनता का भरोसा प्रशासन पर कम होता जा रहा है क्योंकि नियमित शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठता।

### पिछले मामलों की पृष्ठभूमि

कुछ ही दिनों पहले भालूमाड़ा में न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पथराव और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया था। उस घटना के साए अब भी ठंडे नहीं पड़े थे कि कोतमा में यह नया मामला सामने आया – जिससे स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया और आगे के कदम

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) आरती शाक्य ने कहा कि उन्हें वायरल वीडियो प्राप्त हुआ है और वे कोतमा टीआई से बात कराकर कार्रवाई करवाएंगी। हालांकि जनता चाहती है कि बयान से आगे बढ़ कर त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी कार्रवाई दिखाई जाए – जिसमें बाइक और शराब जब्त, आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज और जिन ठेकेदारों पर संदेह हो उनके विरुद्ध गहन जांच शामिल हो।

# सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के मोहम्मद सईद अध्यक्ष नियुक्त

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पिछले 25 वर्षों से सक्रिय पत्रकारों की सर्वमान्य संस्था सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब (पब्लिक ट्रस्ट) द्वारा मध्य प्रदेश के 55 जिलों में गत दिवस नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

शहडोल के वरिष्ठ पत्रकार व प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई-भाषा) के संवादाता मोहम्मद सईद को सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब का शहडोल जिला अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें शहडोल जिले में प्रेस क्लब की गतिविधियां संचालित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय दास और राष्ट्रीय समन्वयक श्री राजेश भाटिया की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद गुर्जर द्वारा की गई है।

वरिष्ठ पत्रकार श्री सईद की इस नियुक्ति पर जिले भर के पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### यहां यह भी उल्लेखनीय है कि

सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब (पब्लिक) ट्रस्ट हिंदी भाषी राज्यों में एक प्रमुख और सक्रिय प्रेस क्लब है, जो पत्रकारों, लेखकों, संपादकों और मीडिया से जुड़े पेशेवरों को एक साझा मंच प्रदान करता है। यह संस्था मीडिया कर्मियों के हितों की रक्षा, उनके प्रशिक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन और समसामयिक विषयों पर विमर्श के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है।

प्रेस क्लब न सिर्फ पत्रकारों को एकजुट करता है, बल्कि यह बौद्धिक संवाद हस्तियों से बात- सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब के साथ, मीडिया संवाद श्रृंखलाएँ, पुस्तक विमोचन, मीडिया कार्यशालाएँ , पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कैंप और सामाजिक गतिविधियाँ भी आयोजित करता है। यह मंच युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन, वरिष्ठ संपादकों से संवाद और मीडिया की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करता है, लेकिन अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए धरना, प्रदर्शन और आंदोलन जैसे माध्यमों का उपयोग नहीं करता, बल्कि मिशन के रूप में सेंटर फॉर जर्नलिस्ट वेलफेयर के लिए ही काम करता है

## दबंगो ने सगे भाईयों को पीटकर किया लहूलुहान

**समाज जागरण**

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम उरौली में दबंगो ने पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर सगे भाईयों को लाठी डन्डा व धारदार हथियार व बन्दूक की बट मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार उरौली गांव निवासी राम बहादुर का 55 वर्षीय पुत्र राजकिशोर व भाई राममिलन 45 वर्ष को विगत अक्टूबर को पडोसी विशम्भर सिंह, लाखन, अजय प्रताप उर्फ मोटू एवं शिवप्रताप ने घर के अन्दर घुसकर पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डन्डा व धारदार हथियान तथा बन्दूक की बट से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा धमकी देते हुये मौके से फरार हो गये। उधर परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुये सदर अस्पताल में भर्ती करावाया। जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान राजकिशोर ने बताया कि 26 अक्टूबर को उसका छोटा भाई जितेन्द्र अपनी पत्नी को डांट डपट रहा था। वहीं पड़ोस के रहने वाले विशम्भर सहित अन्य लोगो ने यह समझा की हम लोगो को गाली गलौज कर रहा है। इसी बात को लेकर सभी लोगो घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया। घायल का कहना है कि पुलिस एक दिन आरोपियों के घर गयी उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। जिसको लेकर आरोपी सुलह न करने को लेकर जान से मारने की धमकी दे रहे है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की हुई मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम केशवपुर में संदिग्ध परिस्थितियों 73 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार केशवपुर गांव निवासी स्व0 दुर्गा प्रसाद का पुत्र गुलाब चन्द्र मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं अज्ञात कारणों द्वारा हुयी मौत के शव पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में विच्छेदन हेतु भेजा है।

## चार दिन से लापता युवक का शव फांसी पर लटका मिला

### मृतक के पिता ने चार लोगो पर जताई हत्या करने की आशंका

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गा डेरा मजरे सरहन बुजुर्ग में चार दिन पूर्व घर से निकला 24 वर्षीय युवक का शव बुधवार की सुबह गांव से एक किलोमीटर दूर खेत में पेड़ से फांसी पर लटका मिला। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। वहीं मृतक के पिता ने चार लोगो पर हत्या करने की आशंका व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार दुर्गा का डेरा मजरे सरहन बुजुर्ग गांव निवासी शिवनरायन का पुत्र ललित कुमार 26 अक्टूबर को घर से निकला था। काफी देर बीत जाने पर जब वह निकलता तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन कोई सुराग न लगा। जिस पर 27 अक्टूबर को परिजनों ने गुमसूदगी की रिर्पोट दर्ज करायी। उधर परिजन खोजबीन कर ही रहे थे। आज गांव से किलोमीटर दूर ललित कुमार शव मिला। जिसे देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के पिता ने संतोष राजकुमार अनिल एवं संजय पर हत्या करने का शव जाहिर करते हुये बताया कि वह दूध डेरी का काम करता था। जब राजकुमार ने दूध डेरी खोल ली तो जिस पर उसने यह काम बन्द कर दिया। कुछ दिन पूर्व राजकुमार ने शिव नरायन से दूध डेरी में काम करने के लिए कहा था। उसने मना कर दिया। मृतक के पिता कहना है कि इसी खुन्नस को लेकर उसके पुत्र की हत्या की है। ऐसी उसने आशंका जाहिर की है।

## कन्नौजः दो प्रभारी निरीक्षक समेत 11 पुलिस कर्मियों का एसपी ने किया तबादला

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने देर रात 9 दरोगा और 2 इंस्पेक्टर सहित कुल 11 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। यह प्रशासनिक फेरबदल तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। नई तबादला सूची के अनुसार, ठठिया थाना इंचार्ज जेपी शर्मा को एसओजी टीम की कमान सौंपी गई है। वहीं, एसओजी प्रभारी एसआई देवेश कुमार को ठठिया थाना इंचार्ज का पदभार दिया गया है। एसपी विनोद कुमार ने कन्नौज कोतवाली क्षेत्र की हाजी शरीफ चौकी में तैनात दरोगा भागमल को विशुनगढ़ का थाना प्रभारी नियुक्त किया है। विशुनगढ़ थाना प्रभारी रहे राधेश्याम को सदर कोतवाली में अतिरिक्त निरीक्षक के पद पर भेजा गया है। तालग्राम थाने में तैनात दीपक चंद्र को विशुनगढ़ थाने का एसएसआई बनाया गया है। पुलिस लाइन से एसआई अकरम को सदर का एसएसआई और संजीव कटारा को सौरिख थाना क्षेत्र की भावलपुर चौकी का इंचार्ज नियुक्त किया गया है।
भावलपुर चौकी प्रभारी राजकुमार गौतम को पचोर चौकी का प्रभार दिया गया है। एसआई प्रशांत सिंह भदौरिया को पुलिस लाइन से सरायमीरा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। एसआई विकल्प चतुवेर्दी को सरायमीरा चौकी से हाजी शरीफ चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, एसआई नन्हेलाल यादव को गुरसहायगंज थाने से हटाकर सकरावा थाना क्षेत्र की दौलताबाद चौकी का इंचार्ज बनाया गया है।

## कन्नौजः पीएम यशस्वी टॉप क्लास एजुकेशन योजना के आवेदन मांगे

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया है कि अन्य पिछडे वर्ग के छात्र/छात्राओ हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सचालित पीएम यशस्वी टॉप क्लास स्कूल एजुकेशन फॉर ओबीसी, ईबीसी एंड डीएंटी योजनान्तर्गत छात्रों द्वारा आवेदन करने, शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारी द्वारा आवेदनों के सत्यापन एवं स्टेट नोडल आफीसर द्वारा आवेदनों के सत्यापन हेतु समय सीमा को संशोधित किया गया है जिसमें छात्रों के द्वारा आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15.11.2025 तक है, शिक्षण संस्थानों के नोडल अधिकारी द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अन्तिम तिथि 25.112025 है, स्टेट नोडल आफीसर द्वारा आवेदनों के सत्यापन की अन्तिम तिथि 05.12.2025 है।
उक्तानुसार इच्छुक छात्र/छात्राओं के द्वारा उक्त योजनान्तर्गत ऑनलाईन आवदेन https://scholarships.gov.in पर किया जा सकता है।

# फरार चल रहे चार पुलिसकर्मियों को ढूंढ रहीं पुलिस की सात टीमें !

### 25 -25 हजार का इनामिया घोषित हैं फरार पुलिसकर्मी।

**समाज जागरण**




सिद्धार्थनगर। जनपद के मोहाना थाने पर तैनात चार पुलिसकर्मियों ने बीते 22 तारीख को थाना क्षेत्र के रहने वाले बेगुनाह युवक रजनीश पटेल की तो वर्दी की रौब में जमकर पिटाई कर दिया, लेकिन आरोपी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध जब संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ तो ऐसा लगता है कि वे आरोपी पुलिसकर्मी पाताल लोक में चले गए, बताते चलें कि रजनीश पिटाई का प्रकरण इन दिनों जिस तरह से जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है, इससे पहले जनपद में ऐसी घटना कत्तई नहीं घटित हुई थी, रजनीश पटेल के परिजनों की माने तो मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के दौरान बाइक आगे पीछे करने को लेकर रजनीश पटेल का विवाद उन बहुचर्चित पुलिस कर्मियों से हुआ था, मात्र मामूली सी विवाद को लेकर वे बहुचर्चित पुलिसकर्मी वर्दी की हनक दिखाते हुए बेगुनाह रजनीश पटेल को अपने बाइक पर बैठाकर कहीं सुनसान जगह पर लेकर चले गए, और चारों पुलिसकर्मियों ने बेगुनाह रजनीश पटेल की पिटाई करते-करते उसे मौत की आखिरी दहलीज तक पहुंचा दिया, उसके बाद रजनीश पटेल को सड़क के किनारे फेंक दिए, बताया जाता है कि प्रतिमा विसर्जित कर लौट रहे लोगों की नजरें जब रजनीश पटेल पर पड़ी, पहले तो लोग उसे पहचान तक नहीं पा रहे थे, लेकिन जब उसके नजदीक गए तब देखे कि यह वही रजनीश पटेल है जो विसर्जन की यात्रा में शामिल था, सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मरणासन्न की हालत में देखकर रजनीश पटेल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन वहां से भी उसको रेफर कर दिया गया, बताते चलें कि वर्तमान में रजनीश पटेल का इलाज लखनऊ अस्पताल में चल रहा है, सबसे अफसोस की बात यह है कि रजनीश पटेल के परिजनों ने न्याय की उम्मीद में पहले दर-दर की ठोकरें खाई,मामला मीडिया में आने के बाद आईजी गोरखपुर मोथा अशोक जैन, डीआईजी बस्ती रेंज संजीव त्यागी,ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात किया,और
डीआईजी बस्ती रेंज संजीव त्यागी के आदेश पर मोहाना थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय सहित 5 पुलिस कर्मियों, जिनका नाम- राजन सिंह,मनोज यादव,अभिषेक गुप्ता और मंजीत सिंह,को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया, बताते चलें कि आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 7 टीमें गठित की गई हैं, और पुलिस कप्तान ने आरोपी पुलिसकर्मियों पर 25 -25 हजार रुपये का इनाम भी रखा गया है,भरोसेमंद सूत्रों की माने तो वे चारो पुलिसकर्मी थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय के चहेते होने के नाते बेगुनाह पर भी कहर बनकर टूट पड़े, विशेष सूत्रों की माने तो आईजी गोरखपुर,डीआईजी बस्ती रेंज,के आदेश से पहले ही
यदि आरोपी फरार पुलिसकर्मियों पर कर्यवाही हो जाती तो वे पुलिसकर्मी शायद अब तक सलाखों के पीछे होते, लेकिन विभागीय लचर कार्यवाही की वजह से आरोपी पुलिसकर्मी मौके का फायदा उठाकर फरार चल रहें हैं।

## कन्नौजः देवेंद्र सिंह नए एडीएम एफआर, विजय मिश्रा एडीएम न्यायिक बने

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। जिले में कल देर शाम राजस्व प्रशासन ने अचानक एक बड़ा फेरबदल हुआ। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आशीष कुमार सिंह को मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाकर स्थानांतरित कर दिया गया। अभी तक जिले में एडीएम न्यायिक के रूप में काम कर रहे देवेंद्र सिंह को जिले का नया एडीएम वित्त एवं राजस्व बनाया गया है। छिबरामऊ के एसडीएम न्यायिक 2019 बैच के प्रोन्नत पीसीएस अफसर विजय कुमार मिश्रा को जिले का नया अपर जिलाधिकारी न्यायिक बनाया गया है। नियुकित अनुभाग दो से कल देर शाम जारी अप्रत्याशित स्थानांतरण सूची से कई अफसर स्तब्ध रह गए। बहरहाल जिले के दोनों अफसरों ने अपने नए पदों पर योगदान आख्या दे दी और मथुरा के लिए स्थानान्तरित अफसर आशीष कुमार सिंह आज पूर्वान्ह जिले से कार्यमुक्त होकर प्रस्थान कर गए। समझा जाता है कि कल के अप्रत्याशित तबादले भारत निर्वाचन आयोग द्वारा परसो शाम घोषित विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान की घोषणा के कारण हुई। अब प्रदेश में तबादलो पर रोक लग गयी है और फरवरी 2026 से पूर्व आदर्श आचार संहिता की समाप्ति के बाद ही तबादले हो सकेंगे। विशेष परिस्थितयो में राज्य सरकार निर्वाचन आयोग की अनुमति लेकर ही तबादले कर सकेगी।

## कथित रूप से ओयो होटलों के दुरुपयोग की शिकायतें तेज

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**




कन्नौज। जनपद के तिर्वा, छिबरा मऊ, सौरिख मार्ग, पाल चौराहा - रौनी रोड सहित कई इलाकों में ओयो ब्रांड के नाम पर संचालित कुछ होटलों के दुरुपयोग की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन होटलों में संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जा रही हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में असहजता का वातावरण बन गया है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से निगरानी बढ़ाने और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने बताया कि पूर्व में भी ऐसी शिकायतों पर जांच के बाद कुछ होटलों को बंद कराया गया था। उन्होंने कहा कि अब पुनः शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई होटल नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो तत्काल बंद कराया जाएगा। विधायक ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को भी अवगत कराया है ताकि सभी होटलों की समीक्षा की जा सके। जिला प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई औपचारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, ओयो सहित अन्य बजट होटलों की गतिविधियों की जांच के लिए विशेष अभियान शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

## कन्नौजः विशेष गहन पुनरीक्षण में कोई पात्र मतदाता न छूटे, कोई अयोग्य सम्मिलित न होः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिलाध्यक्षों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण की सम्पूर्ण कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर, 2025 तक किया जाएगा। घर-घर गणना प्रपत्र वितरण एवं संकलन बी.एल.ओ. द्वारा 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2025 तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 09 दिसम्बर, 2025 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 09 दिसम्बर, 2025 से 08 जनवरी, 2026 तक रहेगी तथा दावे-आपत्तियों की सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण 09 दिसम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 के मध्य किया जाएगा और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बी.एल.ओ. गणना अवधि के दौरान प्रत्येक मतदाता के घर तीन बार भ्रमण करेगा और दो प्रतियों में गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएगा। एक प्रति भरकर बी.एल.ओ. को लौटाने के पश्चात मतदाता को प्राप्ति रसीद दी जाएगी। मतदाता चाहें तो अपना गणना प्रपत्र ऑनलाइन पोर्टलhttp s://voters.eci.gov.in/ पर भी भर सकते हैं।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि गणना के दौरान किसी अन्य अभिलेख की आवश्यकता नहीं होगी। आलेख्य नामावली में उन्हीं मतदाताओं के नाम सम्मिलित होंगे जिनके गणना प्रपत्र बी.एल.ओ. को प्राप्त हो चुके होंगे। जिन नामों का मिलान अंतिम विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 से नहीं हो सकेगा, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित अथवा डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची, जिन्हें आलेख्य में सम्मिलित नहीं किया गया है, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र., लखनऊ की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। पात्रता के सत्यापन हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 सांकेतिक दस्तावेजों में से किसी एक के आधार पर जांच की जाएगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या उप जिलाधिकारी के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तथा उनके निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के समक्ष की जा सकेगी।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अपने-अपने बूथों पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करेंगे, जो बी.एल.ओ. से समन्वय स्थापित करेंगे। ये एजेंट मतदाताओं से विधिवत भरे हुए अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रतिदिन एकत्र कर बी.एल.ओ. को प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और कोई अयोग्य व्यक्ति सम्मिलित न हो। अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी नवयुवक मतदाता प्रपत्र-6 (घोषणापत्र सहित) बी.एल.ओ. को प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि Enumeration Periodदिनांक 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2025 तक जब बी.एल.ओ. आपके घर आएं, तो उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करें और अपनी मतदाता जानकारी अद्यतन अवश्य कराएं।
इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत कटियार सहित भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, अपना दल पार्टी के जिलाध्यक्ष/प्रतिनिधिगण सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## कन्नौजः आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा महिला मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कन्नौज द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानह्व के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आज जिला मुख्यालय पर सम्पन्न हुई।
कार्यक्रम की संयोजक डॉ प्राची गुप्ता ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य अंजू सिंह का माला पहना कर स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महामंत्री पुष्पा तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महिला मोर्चा की पदाधिकारी संगीता शर्मा तथा कन्नौज जिले के महिला मोर्चा पदाधिकारी बबीता सिंह, गीता पाठक, विनीता चतुवेर्दी, अर्चना गुप्ता, विमला शुक्ला, रजनी पाल मौजूद रही। भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला संयोजक जीतू तिवारी जी, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने भी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर अपने महत्वपूर्ण विचार रक्खे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को जन-जन तक पहुँचाने तथा महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई साथ ही सभी कार्यकताओं को स्वदेशी अपनाने के लिए शपथ ग्रहण करवाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## कन्नौजः पेट्रोल पंप अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द जारी करेंः डीएम

**समाज जागरण**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विभिन्न ऑयल कंपनियों से प्राप्त पेट्रोल पंप अनापत्ति प्रमाण पत्रों के निर्गमन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अब तक प्राप्त कुल लंबित 26 प्रकरणों में से 8 का निस्तारण किया जा चुका है तथा 18 प्रकरण शेष हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों का समाधान जनपद स्तर पर संभव नहीं है, उन्हें संबंधित तेल कंपनियों को तत्काल सूचित कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।
जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्धारित समयावधि में सभी आपत्तियों का निष्पादन किया जाए तथा अनावश्यक कारणों से किसी भी आवेदन को लंबित न रखा जाए। वास्तविक आपत्तियों का त्वरित निराकरण करते हुए पात्र आवेदकों को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किए जाएं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंपों की स्थापना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ऊर्जा आपूर्ति को सुदृढ़ करने के साथ-साथ रोजगार सृजन से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है, अतः इसमें पारदर्शिता और गति दोनों अनिवार्य हैं। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा, विभिन्न तेल कंपनियों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्नौजः जिले में सिविल डिफेंस की इकाई गठित, प्रवीण टण्डन बने चीफ वार्डेन

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट / नियंत्रक नागरिक सुरक्षा आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में नागरिक सुरक्षा संगठन से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान नागरिक सुरक्षा संगठन के तहत प्रवीण कुमार टण्डन, तथा नीरज दुबे एवं नितीष चन्द्र श्रीवास्तव को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चरित्र प्रमाण पत्र के आधार पर 44 सदस्यों की नियुक्त प्रक्रिया गतिमान हैं।
बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश के 60 जनपदों में संचालित है और इसका उद्देश्य आपदा, त्यौहारों तथा जनसमूह से जुड़े अवसरों पर जनता एवं प्रशासन के बीच मजबूत समन्वय स्थापित करना है।
उन्होंने कहा कि हर त्यौहार, आपात स्थिति अथवा प्रशासनिक आयोजन में नागरिक सुरक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। सिविल डिफेंस स्वयंसेवक प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, जनजागरूकता तथा आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कहा कि नागरिक सुरक्षा संगठन जनता और प्रशासन के बीच की एक कड़ी हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर उसका तत्परता से निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उ०प्र० शासन, नागरिक सुरक्षा अनुभाग लखनऊ के शासनादेश के अंतर्गत तथा अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति के अनुक्रम में जनपद कन्नौज में सिविल डिफेंस संचालन हेतु प्रवीण कुमार टण्डन पुत्र स्व० कैलाश नारायण टण्डन निवासी रिमझिम, अशोक नगर, तहसील व जनपद कन्नौज को चीफ वार्डेन, तथा नीरज दुबे पुत्र स्व० रामप्रकाश दुबे निवासी ग्राम अतिराजपुर, पोस्ट बहवलपुर, तहसील छिबरामऊ को डिप्टी चीफ वार्डेन एवं नितीष चन्द्र श्रीवास्तव पुत्र स्व० जगदीश चन्द्र श्रीवास्तव निवासी कानून गोयान, नियर गुरुकुल अकादमी, तहसील सदर को डिवीजनल वार्डेन पद पर नियुक्ति की घोषणा की गई है। कहा कि सिविल डिफेंस जनपद कन्नौज की उक्त इकाई के इन पदाधिकारियों की सेवाएं अवैतनिक होंगी तथा ये नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 एवं उत्तर प्रदेश शासन के संबंधित शासनादेशों के अधीन कार्य करेंगे।
बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः स्व. रामप्रकाश त्रिपाठी और उनकी पत्नी की विधायक बेटी ने स्थापित की मूर्तियां

### समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने किया अनावरण

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। छिबरामऊ निवासी भाजपा विधायक के पिता और माता की मूर्तियों का बुधवार को अनावरण किया गया। ये कार्यक्रम उधरनपुर गांव स्थित एक डिग्री कॉलेज में किया गया। भाजपा विधायक के पिता भी यूपी सरकार में मंत्री रहे चुके । छिबरामऊ की भाजपा विधायक अर्चना पांडेय के पिता व पूर्व मंत्री राम प्रकाश त्रिपाठी और मां विद्या देवी त्रिपाठी की मूर्तियों का अनावरण किया गया। ये कार्यक्रम उधरनपुर गांव स्थित विद्या प्रकाश महाविद्यालय में किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में कन्नौज के भाजपा विधायक व यूपी सरकार के



समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण रहे। उन्होंने दोनों मूर्तियों का अनावरण किया। यहां संगीतमय भजन-कीर्तन और आरती का भी भव्य आयोजन हुआ।
समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहाकि राम प्रकाश त्रिपाठी ने छिबरामऊ में राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा का जो वीणा उठाया था, उसका निर्वहन उनकी बेटी अर्चना पांडेय अच्छे से कर रही हैं। पिता के नक्श-ए- कदम पर चलते हुए वह भी भाजपा से विधायक हैं। इससे पहले वह यूपी सरकार में मंत्री भी रहे चुकीं है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा के कद्दावर नेता थे रामप्रकाश त्रिपाठी

छिबरामऊ निवासी राम प्रकाश त्रिपाठी भाजपा के कद्दावर नेता रहे। उन्होंने छिबरामऊ विधानसभा का पहली बार चुनाव सन1993 में जीता था। इसके बाद वर्ष 2002 में भी भाजपा से राम प्रकाश त्रिपाठी विधायक चुने गए थे। रामप्रकाश त्रिपाठी भाजपा व बसपा गठबंधन की सरकार में सहकारिता मंत्री रहे थे। इससे पहले राम प्रकाश त्रिपाठी ने 1967 में जनसंघ से चुनाव लड़ा था और जीत भी हासिल की थी। 1974 में भी जनसंघ से राम प्रकाश त्रिपाठी विधायक बने थे। 1975 में आपातकाल की छाया में हुए

लोकसभा चुनाव में श्री त्रिपाठी तत्कालीन सरकार के परिवहन मंत्री बलराम सिंह यादव को भारी अंतर से हराकर लोकसभा पहुंचे थे।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

# हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से आठ मवेशियों की मौत, एक व्यक्ति भी झुलसा

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पड़री खुर्द गांव में हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से आठ मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना में सोमारु यादव नामक एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर विधायक भूपेश चौबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के तुरंत बाद गुस्साए ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह घटना बिजली विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले भी दो बार बिजली का तार टूट चुका था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बिजली विभाग को सूचना देकर जाली लगाने की मांग की गई थी, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी रणधीर मिश्रा और रॉबर्ट्सगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

# ओबरा नगर पंचायत पर भ्रष्टाचार एवं छठ घाट पर अव्यवस्था को लेकर सरकार की छवि बिगाड़ने का आरोप

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। आस्था के महापर्व छठ के सफल आयोजन के दावे के बीच, सोनभद्र की ओबरा नगर पंचायत पर बजट दुरुपयोग और गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। नगर विकास मंत्री को भेजी गई एक शिकायत में कहा गया है कि छठ घाटों पर घोर अव्यवस्था के कारण लगातार तीन घंटे की भारी बारिश में व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को सुरक्षा नहीं मिल पाई, जिसके परिणामस्वरूप कई बच्चे और बुजुर्ग बीमार पड़ गए। शिकायतकर्ता ने पर्व की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए ओबरा नगर पंचायत द्वारा बरती गई लापरवाही पर तीखा हमला किया है। शिकायत के अनुसार, छठ कार्यक्रम के दौरान मौसम विभाग ने 4 दिनों से भारी बारिश की चेतावनी दी थी और बूंदाबांदी भी हुई थी। इन चेतावनियों के बावजूद, ओबरा नगर पंचायत द्वारा बनाए गए कुल 16 छठ घाटों पर न तो त्रिपाल की व्यवस्था की गई और न ही बरसात से बचाव का कोई उपाय किया गया। तेज बारिश के दौरान व्रती महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे अपने साथ लाई गई चटाई या घाटों पर टंगे बैनर-पोस्टर के सहारे खुद को और अपने परिवार को बचाने का नाकाम प्रयास करते रहे, जो अत्यंत कष्टदायी क्षण था। शिकायत में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि नगर पंचायत की लापरवाही का सीधा खामियाजा श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ा। पानी में भीगने से कई बच्चे और कई बुजुर्ग बीमार पड़ गए, इसकी कौन है ज़िम्मेदार। शिकायतकर्ता ने सवाल



उठाया है कि छठ घाटों पर सुरक्षा की व्यवस्था न करना सीधे तौर पर व्रतियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है, जिसकी ज़िम्मेदारी ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (EO) पर आती है। अव्यवस्था और बजट दुरुपयोग के आरोपों के साथ ही, शिकायतकर्ता ने ओबरा नगर पंचायत के अध्यक्ष और ईओ पर राजनीतिक दुर्भावना से कार्य करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ओबरा नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी समाजवादी पार्टी की मानसिकता से ग्रसित हैं और जानबूझकर लापरवाही बरतकर सरकार की छवि बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस अव्यवस्था से जनता में यह संदेश जा रहा है कि नगर विकास मंत्रालय भी इस भ्रष्टाचार में सम्मिलित है, जिससे प्रदेश सरकार की छवि पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ओबरा नगर पंचायत के अधिकारी झूठी रिपोर्ट पेश कर विभिन्न सरकारी योजनाओं में प्रथम स्थान पाने का कार्य करते हैं, जबकि सत्यता कुछ और है और वे सरकार को मूर्ख बना रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अंत में नगर विकास मंत्री से आग्रह किया है कि उचित से उचित कार्यवाही की जाए, जिससे सरकार और मंत्री की छवि पर लगे भ्रष्ट आरोपों को मिथ्या साबित किया जा सके और भ्रष्टाचार को रोका जा सके। यह शिकायत ओबरा नगर पंचायत में छठ पर्व के नाम पर हुए खर्चों और व्यवस्थाओं पर एक गहन जांच की मांग करती है। चूंकि यह शिकायत सीधे तौर पर बजट दुरुपयोग और गंभीर स्वास्थ्य लापरवाही का संकेत देती है, क्या आप चाहेंगे कि मैं ओबरा नगर पंचायत को छठ पर्व के लिए आवंटित बजट के संबंध में कोई जानकारी खोजूँ।

# अनपरा नगर पंचायत भ्रष्टाचार के पुराने आरोप, छठ घाट विवाद ने दी नई हवा

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। नगर पंचायत अनपरा में छठ घाटों पर बैनर विवाद और टेंडर अनियमितताओं के आरोपों की पृष्ठभूमि में, यह बात सामने आई है कि यह नगर पंचायत पहले से ही व्यापक भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चा में रही है। नागरिकों और राजनीतिक दलों ने अतीत में भी बार-बार उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की है। सोनभद्र के सबसे बड़े नगर पंचायतों में शामिल अनपरा में विकास कार्यों में अनियमितता के कई पुराने आरोप हैं, जो वर्तमान विवाद की जड़ें दिखाते हैं। सितंबर 2024 में जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया था कि प्रशासकीय काल में रोके गए अधूरे कार्यों का भुगतान नए बोर्ड के गठन के बाद तथ्यों में हेराफेरी कर पूरा करा लिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया था कि बिना अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के हस्ताक्षर के ही लगभग 80 लाख रुपये का सामान डायरेक्ट खरीद लिया गया, जिसे निविदा के माध्यम से लिया जाना था। आरोप था कि 15 करोड़ रुपये की लाइटों की आपूर्ति और 15 हजार डस्टबीन की खरीददारी सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई। साफ-सफाई के नाम पर आने वाले लगभग 16 लाख रुपये के व्यय भार को बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दिया गया, जबकि स्थिति में सुधार नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी (सपा) के नगर अध्यक्ष मोहम्मद हफीज फुलील के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कार्यालय पर प्रदर्शन कर भ्रष्टाचार फैला रहे बड़े बाबू को हटाने की मांग (अगस्त 2024) को की थी।

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी जुलाई 2024 में सड़कों पर उतरकर भ्रष्टाचार की जांच आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) से कराने और मानकों की अनदेखी पर नगर पंचायत अध्यक्ष का वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की थी। वर्तमान छठ घाट विवाद में, जहां ईओ ने टेंडर के संबंध में कहा कि इस्टीमेट जेई ने बनाया है और जेई ने जितना कार्य हुआ, उतना ही भुगतान होगा' कहकर पल्ला झाड़ लिया, वहीं ये पुराने आरोप इस आशंका को बल देते हैं कि भुगतान का सही आंकलन कैसे किया जाएगा वाला यक्ष प्रश्न गंभीर अनिय मितताओं की ओर इशारा कर रहा है।नगर पंचायत अनपरा में छठ घाट पर प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की तस्वीर नीचे लगाना और टेंडर में अनियमितता का आरोप, दशकों पुराने भ्रष्टाचार की उसी कड़ी का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसके चलते यह नगर पंचायत पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रही है।

# जर्जर सड़क बनी हादसों का सबब, मरम्मत ना होने से ग्रामीणों की बड़ी परेशानी

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**



म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड ग्राम पंचायत पड़री में कमरीडांड़ - कैमहवां मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है। लंबे समय से मरम्मत न होने के कारण सड़क गढ्ढो में तब्दील हो गई है। जिससे स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बदहाली के कारण अवागमन में लगातार मुश्किल आ रही है। स्थानीय समाज सेवक रामअवध यादव कहना है कि खराब सड़क के चलते आए दिन छोटे बड़े हदसे हो रहे हैं। जिससे लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह सड़क कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है, इसकी मरम्मत के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं।

छोटे लाल भारती, सत्यदेव, अत्रि लाल, उदित चरो, देवकिशुन , विकास विश्वकर्मा, शंभू नाथ सहित अन्य ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा करती है, परंतु यहां की वास्तविक स्थिति इसके विपरीत है।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बेसिक शिक्षा विभाग घोरावल के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बुधवार को केवली स्थित परिषदीय विद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य एवं ब्लॉक प्रमुख दीपक पटेल ने संयुक्त रूप से किया।



प्रतियोगिता के शुभारंभ से पूर्व मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त किया और उनके उत्साहवर्धन के लिए हाथ मिलाया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल ने मुख्य अतिथियों का बैज अलंकरण, माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी एवं सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक दीनबंधु त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय विसुंधरी एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कड़ियां की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

विधायक डॉ. मौर्य ने कहा कि स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पटेल ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर चयनित प्रतिभागी इस ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। यहाँ सफल प्रतिभागी आगे जनपद स्तरीय प्रतियोगिता, जो डायट परिसर में आयोजित होगी, में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं के बीच कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन, खो-खो सहित कई प्रतिस्पधाएँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी, महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय, महिला उपाध्यक्ष ममता, महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कौसर जहां सिद्दीकी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बेस, राजेश सिंह, पूर्व एआरपी अखिलेश सिंह, एआरपी मयंक द्विवेदी, अनिल कुमार, दिनेश दुबे, उदय लहरी, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# उचित दर विक्रेता लाभांश के लिए हलकान, मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया शिकायत

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत पीपरखाड़ उचित दर विक्रेता अलख नारायण ने अपने लाभांश मार्च 2025 से लेकर अब तक का नहीं मिलने से क्षुब्ध होकर उन्होंने दूसरी बार शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा सिर्फ कोरा अश्वासन दिया जा रहा है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गया है और उनके लिखे गये शिकायती पत्र में कहा गया कि उचित दर विक्रेता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिससे उसकी सारी व्यवस्थाएं ठप पड़ गयी है। उन्होंने चेतवानी देते हुए कहा है कि अगर तत्काल लाभांश का भुगतान नहीं होता है तो दिसंबर 2025 का राशन नहीं उठाया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस बावत पूर्ति निरीक्षक निर्मल सिंह ने कहा कि कुछ तकनीकि कारणों से दिक्कतें आ रही है जिससे शासन द्वारा हरसंभव प्रयास कर लाभांश का भुगतान करा दिया जायेगा।



Applicant name - अलखनारायण शुक्ला
Father / Husband name - स्व रामकेशुर
Mobile number 1 - 9005617309
Address - ग्राम- पीपरखाड़ , ग्राम पंचायत - पीपरखाड़ , ब्लाक - कोन , तहसील - ओबरा , जिला - सोनभद्र
Application details
Complaint No - 40020025015152
Complaint Type - शिकायत
Complaint Date - 25-10-2025
Complaint Status - लंबित
Application details
सविनयनिवेदन है कि मै प्रार्थी अलखनारायण शुक्ला ग्राम पीपरखाड पोस्ट केवाल थाना कोन जिला सोनभद्र का मूल निवासी हु / महोदय हम ग्राम पीपरखाड मे सरकारी सस्ते गल्ले दुकान संख्या 20700147 का दुकानदार हु / मेरा मार्च 2025 से कमीशन बंद है जिसकी शिकायत...
View More
SEND REMINDER

# अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ की गयी बैठक

**समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार की अध्यक्षता में आज दिनांक 29. 10.2025 को पुलिस कार्यालय चुर्क, जनपद सोनभद्र में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के सम्बंन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मौजूद रहे जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ घटित अपराधिक घटनाओं एवं उनकी सुरक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने-अपने दुकानों/संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग करने हेतु बताया गया, साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी की गयी तथा उनके सुरक्षा के सम्बंध मे व्यापारी बंधुओं द्वारा पुलिस से जो भी सहयोग मांगा जायेगा उसमे पुलिस द्वारा मदद का भरोसा दिलाया गया।

# भाजपा ओबरा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में सौंपा गया ज्ञापन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिव नाथ जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गजराज नगर चौराहे पर बने स्मृति चिन्ह को हटाए जाने के सम्बन्ध में आज ओबरा नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी और नगर के



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और उसे तत्काल हटाए जाने की मांग की। इस सन्दर्भ में ओबरा नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी और उप जिलाधिकारी दोनों अधिकारियों ने उचित कार्यवाही हेतु आश्वाशन दिया। इस अवसर पर सुख नन्दन चौरसिया, आलोक भाटिया, अनुज त्रिपाठी, नित्यानंद दूबे, विकास सिंह, उमाशंकर जायसवाल, विजय पटेल, डी के शर्मा, विरेंद्र यादव, सुशील कुशवाहा, रोहित यादव सूर्या, विभाष घटक, भोला साहनी और मीडिया प्रभारी शिशिर शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# देव हॉस्पिटल में जच्चा बच्चा दोनों की मौत पर हंगामा, हंगामें के बाद पुलिस अग्रिम कार्यवाही जुटी।

**समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय नगर में संचालित देव हॉस्पिटल फ्रैक्चर सेंटर में मंगलवार की रात थाना विंढमगंज मेदनी खाड निवासी एक विवाहिता की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। साथ ही पैदा हुआ नवजात शिशु की मृत्यु होने की समाचार मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गई है। बताया जाता है कि सोनी देवी(22) पत्नी नीरज कुमार की पेट में दर्द होने लगा जिसको लेकर परिजनों द्वारा आनन फानन में रात्रि करीब 11 बजें स्थानीय दुद्धी कस्बा के रामनगर में स्थित देव हॉस्पिटल में भर्ती कराया हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा छोटी ऑपरेशन कराने की बात कही गई जिसको लेकर परिजनों ने हामी भर दी ऑपरेशन होते ही नवजात की मौत हो गई। वही कुछ देर बाद उक्त महिला की हालत बिगड़ते देख निजी अस्पताल के संचालकों व स्टाफों में अफरातफरी मच गई आनन फानन में हॉस्पिटल के संचालन द्वारा एक निजी अस्पताल में दिखाया गया जहां पर निजी अस्पताल के स्टाफ द्वारा देखने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने की बात कही गई। तथा परिजनों द्वारा उक्त महिला को लेकर सीएचसी दुद्धी पर लेकर पहुँचे जहाँ पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।वही से स्थानीय पुलिस को जरिये मेमो के माध्यम से सूचना दी गई।




**जच्चा बच्चा दोनों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाऊस भेज दी।**

क्षेत्रों में इस तरह के अस्पतालों का भरमार हो गई है जो बड़े-बड़े इलाज कर बड़ी बीमारियों का शर्तिया इलाज करने का लंबा चौड़ा बोर्ड लगाकर आदिवासी जनता को गुमराह कर अपने दलालों के माध्यम से लोग भर्ती कराकर उनके स्वास्थ्य विश्वास से खिलवाड़ कर रहे हैं इसके लिए कई बार जांच करने की मांग विभिन्न समाचार पत्र के माध्यम से की जाती है मगर पता नहीं कि कर्म से स्वास्थ्य विभाग के लोग आकर जांच करते हैं सील किए हुए अस्पतालों को फिर से चालू कर दिया जाता हैं क्या प्रक्रिया होती है इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। दलाल इतने सक्रिय है कि सरकारी अस्पताल की अगल-बगल भी यह घूमते रहते हैं तथा प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करने के नाम पर ले जाते हैं उसके बाद घर का लोटा बकरा मुर्गा तक बिक जाती है। आखिर उसका जिम्मेदार कौन कभी-कभार जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यवाही तो की जाती हैं मगर कार्रवाई के नाम पर कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता है अस्पताल सील की जाती है उनके जाते ही पुनः धड़ल्ले से चालू हो जाती है आखिर इसमें राज क्या है आम जनता समझ नहीं पा रही है आए दिन लोगों को मौत का सामना करना पड़ता है लेकिन अस्पताल संचालकों के ऊपर कोई असर नहीं पड़ता है जिससे उनका मनोबल काफी बढ़ जाता है जिलाधिकारी महोदय से इस सम्बन्ध में ध्यान दिलाकर अवैध अस्पताल संचालको के खिलाफ एक कारगर तरीके से कार्रवाई करने की बात की आवश्यकता है ताकि दलित आदिवासी दलित लूटपाट से बच सके तथा लोगों को आकाल मौत का सामना न करना पड़े।

# रन फॉर यूनिटी - राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ दौड़ेगा सोनभद्र

**सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु जनपद सोनभद्र में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 08:00 बजे से शीतला चौक रॉबर्ट्सगंज से बढ़ौली चौक रॉबर्ट्सगंज तक आयोजित किया जायेगा इस अवसर पर जनपद के पुलिस अधिकारीगण, कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षी, शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं सहित जनसामान्य के लोग उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करेंगे। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर भी रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय अधिकारीगण, पुलिसकर्मी एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे, ताकि एकता का यह संदेश जनपद के प्रत्येक कोने तक पहुँच सके। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारंभिक भाग में दो आरक्षी बैनर लेकर अग्रणी भूमिका में रहेंगे, जबकि पीछे विद्यालय के छात्र-छात्राएं तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति एवं एकता के जोश के साथ दौड़ में सम्मिलित होंगे। दौड़ के अंतिम हिस्से में पुलिस पीआरवी वाहन, फायर सर्विस वाहन, पिंक स्कूटी दल आदि सम्मिलित रहेंगे, जो पुलिस की तत्परता, सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की भावना को प्रदर्शित करेंगे। प्रतिभागियों हेतु पेयजल, ग्लूकोज, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं मेडिकल टीम/एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था की गई है। संपूर्ण कार्यक्रम का एरियल कवरेज ड्रोन कैमरे के माध्यम से किया जाएगा, जिससे आयोजन की प्रत्येक झलक को संरक्षित किया जा सके। जनपद के पत्रकार बंधुओं, समाजसेवियों, खेल प्रेमियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से आग्रह है कि वे इस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करें एवं राष्ट्रीय एकता, सद्भावना व देशभक्ति के संदेश को जन-जन तक प्रसारित करने में सहभागी बनें।

# कोयले से लदी मालगाड़ी का इंजन हुआ डीरेल, मचा हड़कंप

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। शक्तिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल खड़िया परियोजना के कोयला लोडिंग पॉइंट सीएचपी के पास अनपरा तापीय परियोजना के लिए कोयला लोडिंग कर जाने वाली मालगाड़ी का इंजन 005 अचानक तकरीबन 9 बजे



डिरेल होकर पटरी से उतर गईं। जिससे अफरातफरी मच गई। मामले की जानकारी एनसीएल खड़िया परियोजना से लेकर अनपरा तापीय परियोजना के उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद अनपरा तापीय परियोजना द्वारा ब्रेक डाउन वाहन और दूसरी इंजन को मंगवाकर डिरेल इंजन को पटरी पर लाने का प्रयास जारी है। खबर लिखने के दौरान तकरीबन एक घंटे से ज्यादा समय बीत चुके थे हालांकि पटरी पर इंजन लाने को लेकर प्रयास जारी है। घटना के बाद से ही अनपरा तापीय परियोजना समेत एनसीएल खड़िया परियोजना के अधिकारी मौके पर मौजूद है।

# ऊर्जा उत्पादन, सुदृढ़ीकरण, आपूर्ति के क्षेत्र में उ0प्र0 ने उठाये है ठोस कदम

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ऊर्जा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। बिना ऊर्जा के आज विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कल-कारखाने, व्यापारिक गतिविधियां, मैट्रो का संचालन, विद्युत रेल हो या अस्पताल, शिक्षण संस्थान, परिवहन सेवायें, घरेलू एवं व्यावसायिक उपयोग में विद्युत के बिना मनुष्य का वर्तमान जीवन रूक सा जाएगा। एक समय था जब गर्मी लगने पर हाथ से पंखे झेले जाते थे, रोशनी के लिए कुप्पी व लालटेन में केरोसिन का तेल डालकर बाती जलायी जाती थी। आज उनका स्थान तरह-तरह के इलेक्ट्रिक बल्ब, पंखों, कूलर व ए.सी. ने ले लिया है। रंग-बिरंगी एल.ई.डी. लाईट्स आज रात में भी दिन जैसा प्रकाश फैला रही है। आज विद्युत शहरी जीवन के साथ-साथ ग्रामीण जीवन में भी पूरी तरह से आवश्यक हो गई है। खेतों में सिंचाई के लिए विद्युत पम्पों का प्रयोग बहुत बढ़ा है, जिससे किसानों को फसल सिंचाई हेतु कम दर पर विद्युत उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विद्युत को घरेलू विद्युत से अलग किया गया है। विद्युत की अनिवार्यता के दृष्टिगत उसकी माँग भी बढ़ी है। आज के औद्योगीकरण व्यावसायिक एवं नगरीकरण की गति जैसे-जैसे बढ़ रही है, वैसे-वैसे विद्युत की मांग भी बढ़ती जा रही है। इसी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम अब दिखाई देने लगा है। आज प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश का विद्युत उत्पादन एवं आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर ठोस कदम बढ़ाया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण क्षेत्र में किये गये कार्यों में स्थापित पारेषण तंत्र की क्षमता (ट्रांसमिशन कैपेबिलिटी) में वृद्धि की गई है। प्रदेश के पारेषण क्षमता (ट्रांसमिशन कंपेबिलिटी) जो वर्ष 2016-17 में 17890 मेगावाट थी, वहीं 2024-25 में बढ़ाकर 31500 मेगावाट किया गया। पारेषण क्षमता को वर्ष 2025-26 में बढ़ा कर 32500 मेगावाट किया जाना लक्षित किया गया है। प्रदेश में पारेषण तंत्र की विद्युत आयात क्षमता (टी०टी०सी०) में वृद्धि की गई है। पारेषण तंत्र की विद्युत आयात क्षमता जो वर्ष 2016-17 में 7800 मेगावाट थी वही वर्ष 2024-25 में बढ़ाकर 16,700 मेगावाट किया गया। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025-26 में विद्युत आयात क्षमता को बढ़ा कर 17500 मेगावाट किये जाने का लक्ष्य रखा है। उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 11 जून, 2025 को 31,486 मेगावाट की उच्चतम विद्युत मांग को सफलतापूर्वक वहन करते हुए आपूर्ति की है। वर्ष 2025-26 में 12 जून, 2025 को अधिकतम विद्युत आपूर्ति 655.90 मिलियन यूनिट की गयी। उसी तरह वर्ष 2024-25 में 17 जून, 2024 को अधिकतम विद्युत आपूर्ति 659.40 मिलियन यूनिट थी, जिसे सफलता पूर्वक आपूर्ति की गयी। प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 13 नग विद्युत उपकेन्द्रों का ऊर्जीकरण किया गया है तथा परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि सहित ग्रिड में 10,176 एम0वी0ए0 परिवर्तक क्षमता का सृजन एवं 1630 सर्किट किलोमीटर लाइनों का ऊर्जीकरण किया गया है। वर्ष 2025-26 में माह अगस्त, 2025 तक 03 नग उपकेन्द्रों का ऊर्जीकरण 946 ए0वी0ए परिवर्तक क्षमता का सृजन व 321 सर्किट कि0मी0 पारेषण लाइनों का ऊर्जीकरण किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में 8,613 पावर ट्रांसफार्मर एवं 2,51,998 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर एवं वर्ष 2025-26 में माह अगस्त, 2025 तक 8,832 पावर ट्रांसफार्मर एवं 2,63,940 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की स्थापना की गयी है। बिजनेस प्लान के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में 71 लक्ष्य के विरूद्ध 12 नये 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, 123 नई लाइनों का निर्माण, 651 के सापेक्ष 448 नई 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गयी है। प्रदेश में अप्रेल, 2022 से विभिन्न योजनाओं में कुल 47 नए 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र ऊर्जीकृत किये गये एवं 1006 विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता बढ़ाई गयी है। किसानों के हित में वर्ष 2017-18 से अब तक 4,07,911 से अधिक निजी नलकूपों का विद्युत संयोजन किया गया है।

# पटना में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई गोलीबारी, दो घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ मंगलवार की रात जिले के मोकामा विधानसभा क्षेत्र में छठ महापर्व के मौके पर पंडारक थाना क्षेत्र के कोंदी पंचायत में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान अचानक गोलियां चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मंच पर कार्यक्रम चल ही रहा था कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए, जिससे मौके पर भगदड़ की स्थिति बन गई। घायलों की पहचान नंदन सिंह और अमित कुमार के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नंदन सिंह को कमर में जबकि अमित कुमार को पैर में गोली लगी है। दोनों घायलों को तुरंत अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फायरिंग इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। परिवार के लोग और श्रद्धालु अपनी जान बचाने के लिए चारों ओर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ के एएसपी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने रातभर आसपास के इलाकों में सघन सर्च अभियान चलाया लेकिन हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। एएसपी ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# महा गठबंधन के नेता कर रहे हैं जुमलेबाजी ,वोट चोरों का हवा निकल गई- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

देश के 12 राज्यों में मंगलवार से शुरू हुए विशेष गहन संशोधन (SIR) अभियान को लेकर बिहार की सियासत तेज हो गई है। जहां एक ओर INDIA गठबंधन के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव इस अभियान का विरोध कर रहे हैं, वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने उन पर कड़ा प्रहार किया है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर कहा की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगाने वालों का टायर पंक्चर हो चुका है, उनकी सारी हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि राहुल-तेजस्वी का वोट अधिकार यात्रा अभियान पूरी तरह फ्लॉप शो साबित हुआ है।बिहार के लोगों ने उनकी अपील को ठुकरा दिया और निर्वाचन आयोग के निदेशों का समर्थन किया।

भाजपा नेता जयसवाल ने बताया कि रक्फ़यानी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है। इसमें मृत मतदाताओं के नाम हटाना और डुप्लीकेट एंट्रीज साफ करना शामिल है। उन्होंने कहा, यह कोई नया कदम नहीं,बल्कि आजादी के बाद से चल रही प्रक्रिया है जो चुनावी पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।

जायसवाल ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि INDIA गठबंधन वोट चोरी के झूठे आरोप लगाकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है।उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की राजनीतिक चालें समझ चुकी है। वोटर अब भावनाओं में नहीं सच्चाई के साथ खड़ा है।

# आदिम कुम्हार महासंघ का बांदना मिलन समारोह संपन्न

## छोटालाखा में समाज सशक्तिकरण को लेकर हुई चर्चा

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : आदिम कुम्हार महासंघ का बांदना मिलन समारोह महासंघ के अध्यक्ष श्री सुधीर कुम्हार के आमंत्रण पर उनके छोटालाखा स्थित आवास पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महासंघ के मुख्य सलाहकार श्री सरोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष जागरण पाल, पूर्व जिला परिषद सदस्या



श्रीमती अनिता पारित, द्विज पद पारित, बुद्धेश्वर कुम्हार, कृष्णपद कुमार, दीनबंधु कुमार, शरत कुमार, गणेश कुमार, लक्ष्मीचरण कुमार, परेश कुमार समेत सैकड़ों समाजसेवी और विभिन्न गांवों से आए समाज के सदस्य उपस्थित हुए।बैठक में समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत करने की दिशा में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि महासंघ की बैठकें हर माह विभिन्न गांवों में आयोजित की जाएंगी, ताकि जमीनी स्तर पर समाज की समस्याओं की पहचान और समाधान सुनिश्चित हो सके।

साथ ही, सदस्यों की संख्या बढ़ाने, सामाजिक फंड निर्माण और युवाओं व महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य सलाहकार श्री सरोज कुमार चौधरी ने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है। वहीं अध्यक्ष श्री सुधीर कुम्हार ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महासंघ समाज के हर वर्ग को जोड़ने और उनकी आवाज बुलंद करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

# झोलाछाप डॉक्टर के लापरवाही ने छीन ली एक ओर ज़िन्दगी

**लक्ष्मी नर्सिंग होम ने तीन महीने के भीतर दो मरीजों को सुलाया मौत की नींद।**

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।विष्णुगढ़ के हॉस्पिटल चौक स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में झोलाछाप डॉक्टर के लापरवाही से मरीज की मौत।मृतक के भाई रामू सिंह ने बताया वह अपने बड़े भाई पवन सिंह को इलाज के लिए विष्णुगढ़ लक्ष्मी नर्सिंग होम लाया था जहां नर्सिंग होम के संचालक नारायण प्रसाद के द्वारा मरीज



को गलत दावा दे दिया गया जिससे मरीज की मौत हो गई।जिससे परिजन काफी आक्रोशित हो गए।मौत की खबर आग की तरह आस पास के ग्रामीणों में फैल गई।ग्रामीणों का आरोप है इसके पहले भी लक्ष्मी नर्सिंग होम में झोलाछाप डॉक्टर के लापरवाही से महिला की मौत हो चुकी है।जिससे ग्रामीण भी आक्रोशित हो गए।मृतक के भाई ने विष्णुगढ़ थाने में आवेदन देकर करवाई कि मांग की है।खबर लिखे जाने तक प्रशासन के द्वारा लक्ष्मी नर्सिंग होम को शील किया जा चुका था।

# पटना में जन सुराज के प्रचार वाहन पर हमला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के मनेर विधानसभा क्षेत्र में जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी गोपाल उर्फ संदीप सिंह की प्रचार गाड़ी पर मंगलवार की देर रात हमला किया गया। बताया जा रहा है कि प्रचार वाहन ब्रह्मचारी गांव के पास पहुंचा था इसी दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने गाड़ी को रोककर ड्राइवर पर दबाव बनाया कि वह एक विशेष राजनीतिक दल का गाना बजाए। जब ड्राइवर बिट्टू ने ऐसा करने से इनकार किया, तो स्थिति अचानक हिंसक हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों की संख्या करीब दर्जनभर थी। उन्होंने पहले प्रचार गाड़ी को घेर लिया और वाहन चालक से जबरन गाना बजाने की मांग की। बिट्टू के बार-बार मना करने पर भीड़ उग्र हो गई और गाड़ी पर लगे पोस्टर और बैनर फाड़ दिए। इसके बाद गाड़ी में तोड़फोड़ की गई और ड्राइवर के साथ गाली-गलौज के साथ मारपीट भी की गई। घटना इतनी अचानक हुई कि ड्राइवर को समझ नहीं आया कि वे क्या करें, लेकिन किसी तरह से वह वाहन को निकालकर मनेर थाने पहुंचने में सफल रहे। ड्राइवर बिट्टू ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार को दी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और रात में ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने बताया कि ड्राइवर की लिखित शिकायत के आधार पर मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है और संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच के अनुसार विवाद गाने बजाने को लेकर शुरू हुआ था, जिसे कुछ लोगों ने राजनीतिक रंग देकर हिंसा का रूप दे दिया। जनसुराज पार्टी के प्रत्याशी गोपाल उर्फ संदीप सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ उनके प्रचार वाहन पर नहीं बल्कि बिहार की शांतिपूर्ण राजनीति पर हमला है। उनका कहना है कि कुछ लोग चुनावी वातावरण को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं ताकि जनता का ध्यान मुद्दों से हट जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह हमला सोच-समझकर किया गया है ताकि जनसुराज पार्टी की छवि खराब की जा सके और लोगों में डर का माहौल बनाया जा सके। उन्होंने जनता से अपील की कि वे शांति बनाए रखें और भयभीत न हों। उन्होंने भरोसा व्यक्त किया कि पुलिस निष्पक्ष जांच करेगी और अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करेगी।

# चकला में उपद्रवी तत्वों के द्वारा छठ घाट को किया तोड़फोड़ , जांच में जुटी पुलिस

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज सदर थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत चकला में सोमवार की रात्रि में उपद्रवी तत्वों के द्वारा छठ घाट कि सजावट एवं केला गाछ को तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले के बाद स्थानीय क्षेत्र के छठ व्रतियों एवं जनता को ठेस पहुंची है। लोगों ने अज्ञात उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की मांग किया है। चकला पंचायत के बड़ी संख्या में आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को सुबह लहरा चौक पर आगजनी कर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। घंटों सड़क आवागमन बाधित रहा।

सूचना मिलते ही घटना की गंभीरता को देखते किशनगंज एसपी सागर कुमार, एसडीपीओ गौतम कुमार,सीओ, बीडीओ, सदर थाना अध्यक्ष सहित दलबल टीम के साथ लहर चौक एवं घटनास्थल पर पहुंचे। ग्राम पंचायत चकला के मुखिया तनवीर आलम एवं आक्रोशित लोगों से बातचीत के बाद आश्वत दिया कि शीघ्र ही अज्ञात उपद्रवी तत्वों को चिन्हित कर गिरफ्तारी होगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मामला शांत हुआ।

मौके पर उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री संजय सिंह ने कहा कि बार-बार इस जिले में उपद्रवी तत्वों के द्वारा हिन्दुओं के आस्था पर हमला अत्यंत दुख:द है।यह कोई पहली घटना नहीं है। उन्होंने कहा गत रात्रि में चकला पंचायत के छठ घाट को क्षति पहुंचाने में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करता हूं। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं का पुनरावृत्ति न हो। विहिप जिला मंत्री ने बताया कि स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां छठ घाट के अलावें हिन्दुओं के श्मशान घाट एवं क्रबगाह भी है। लेकिन एएमयू सेंटर को आवंटित जमीन के बाद से यहा के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए भी मुश्किल खड़ी कर दी गई। क्योंकि एएमयू सेंटर के लिए बिहार सरकार द्वारा आवंटित जमीन की घेरा बंदी के बाद से रास्ते भी बंद हो गयी है।जब किसी का अंतिम संस्कार के लिए जाना हो तो प्रस्तावित एएमयू सेंटर का गेट खोलवाने के बाद ही श्मशान घाट तक जाना संभव हो सकता है।यहां के लोगों द्वारा कई बार रास्ते की मांग की गयी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है।यहां एएमयू सेंटर बने हमलोग को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन चकला पंचायत के हिन्दुओं के लिए महानंदा नदी का छठ घाट एवं श्मशान घाट पौराणिक स्थल है। इतना ही नहीं इस महानंदा नदी के छठ घाट पर सदियों से माघी पूर्णिमा पर एक दिवसीय मेला भी लगता है। जिसमें जिले भर से लोग यहां माघी पूर्णिमा स्नान के लिए आते हैं। लेकिन रास्ते के अभाव में यहां के पौराणिक स्थल पर माघी पूर्णिमा मेला लगाना मुश्किल हो गया है। इसलिए यहां के लोगों की मांग है कि महानंदा नदी के घाट तक आवागमन सुगम हो इसलिए जिला प्रशासन से मात्र रास्ता को मांग भी उठाई जा रही है । यह मांग उचित भी है।

बता दें कि यहां के लोगों के मुताबिक गत सोमवार को यहां के लोगों ने महानंदा नदी किनारे छठ घाट को केला थम और फुल पत्तियों से सजावट के बाद संध्या में महापर्व छठ पर्व पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर सभी श्रद्धालु एवं सैकड़ों छठव्रती अपने -अपने घर लोट गए ।फिर सुबह में वापस छठ घाट पर पहुंचे तो घाट को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा गया। लोगों ने बताया कि किसी अज्ञात उपद्रवी तत्वों द्वारों छठ घाट को क्षति पहुंचाई गयी है। जिसके कारण आक्रोशित छठ व्रती एवं स्थानीय लोगों ने लहरा चौक पर घेराव कर आगजनी कर दी और अज्ञात उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी की मांग किया है। वही मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# श्री श्री हनुमान मंदिर पूजा समिति द्वारा आयोजित छठ पूजा में बड़ी संख्या में व्रतियों ने भगवान सूर्य को दिया अर्घ्य

## छठ व्रतियों के बीच चाय, नारियल पानी हुआ वितरण

**समाज जागरण, संवाददाता**



आदित्यपुर : श्री श्री हनुमान मंदिर समिति रोड नंबर 18 आदित्यपुर 2 में सूर्य उपासना का पावन पर्व छठ महापर्व हर्षोल्लास और आस्था के माहौल में मनाया गया। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में श्रद्धालुओं ने सूर्य देव और छठी मइया की उपासना कर परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। छठ पूजा को लेकर समिति की ओर से व्रतियों की सुविधा के लिए मिट्टी के चूल्हे, फल और राशन का वितरण किया गया। समिति की ओर से जेसीबी से मंदिर प्रांगण में ही तालाब खुदवाई गई।

संध्या पहले अर्घ्य के दिन श्रद्धालुओं की बहुत भीड़ उमड़ी। इससे पहले महिला व्रतियों ने निर्जला उपवास किया और संध्या व उषा अर्घ्य देकर विधिवत पूजा-अर्चना की। पहले दिन नहाय-खाय की शुरूआत के साथ पर्व का शुभारंभ हुआ। दूसरे दिन खरना की रस्म में व्रती महिलाओं ने गुड़ और चावल की खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण किया। तीसरे दिन संध्या अर्घ्य के अवसर पर असंख्य श्रद्धालु जलाशयों में खड़े होकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। चारों ओर छठी मइया के गीतों की गूंज सुनाई दी और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। अंतिम दिन प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ व्रत संपन्न हुआ। समिति द्वारा सुबह अर्घ्य के दिन व्रतियों के लिए चाय, नारियल पानी की व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर समिति के दशरथ उपाध्याय,भगवान सिंह, अवध बिहारी सिंह, कृष्णा पांडे, रवि सिंह ,विनय गिरी, रेखा भारती ,रॉकी, सुमित, संजय,हरि, विक्की, मनीष समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

# कसमार में नाबालिग के साथ हुए गैंगरेप में पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला समेत कुल 4 आरोपी को किया गिरफ्तार

- कसमार में आदिवासी नाबालिग बच्ची के साथ तीन युवकों ने किया गैंगरैप
- महापर्व छठ के पहले अर्घ्य के दिन सोमवार को बोकारो के लिए रहा बेहद शर्मनाक

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : बेरमो अनुमण्डल के कसमार थाना क्षेत्र में हवस के दरिंदो ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। एक आदिवासी नाबालिग बच्ची के साथ तीन युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत दारिद पंचायत के खुंटाहारा निवासी 28 वर्षीय सफीक अंसारी,19 वर्षीय रंजीत तुरी एवं 18 वर्षीय राहुल कुमार तुरी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं इस घटना की मास्टरमाइंड महिला बरईकला पंचायत की कुसुम देवी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। घटना 27 अक्टूबर की देर रात की है।

पीड़िता की मां के अनुसार 27 अक्टूबर की शाम छठ महापर्व के पहले अर्घ्य दिन उसकी 14 वर्षीय पुत्री अचानक घर से गायब हो गई। पूछताछ करने पर कुछ लोगों ने बताया कि उसकी पुत्री बरईकला स्थित बरईपोखर छठ घाट, गांव की महिला कुसुम कुमारी के साथ गई है। घाट पहुंचने पर पता चला की उक्त महिला ने उसकी पुत्री को तीन युवकों के साथ बाईक में घुमाने के बहाने कहीं ले गई है। देर शाम जब उसकी पुत्री घर लौटी तो पता चला कि उसकी पुत्री के साथ तीनों ने सामुहिक दुष्कर्म किया है।

# पटना के झोपड़ी में घुसी अनियंत्रित पुलिस वाहन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना सिटी के बाइपास थाना क्षेत्र के कदमतल मोहल्ले में मंगलवार की रात पुलिस की एक गश्ती गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी एक झोपड़ी में जा घुसी। हादसे में झोपड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से टूट गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और देर रात तक हंगामे का माहौल बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा रात करीब 11 बजे के आसपास हुआ, जब इलाके में छठ पर्व को लेकर लोग अपने-अपने घरों के पास सजावट और तैयारियों में जुटे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आती हुई पुलिस गश्ती वाहन अनियंत्रित होकर झोपड़ी में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में बाहर निकल आए। कई लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर पुलिस की गाड़ी झोपड़ी में कैसे जा टकराई। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद गश्ती दल में शामिल कुछ पुलिसकर्मी मौके से हट गए। इस बीच, भीड़ ने गाड़ी में मौजूद एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जो सिविल वर्दी में था और गाड़ी चला रहा था। लोगों ने उसका घेराव किया और मौके पर कड़ी नाराजगी जताई। हादसे की जानकारी मिलते ही बाइपास थाना प्रभारी राजेश कुमार झा मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी बेगमपुर टीओपी (टाउन आउट पोस्ट) की थी, जो छठ पर्व को लेकर पूरे दिन और रात गश्त पर थी। देर रात गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी झोपड़ी में घुस गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी ने कहा, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन राहत की बात यह है कि कोई जान-माल की क्षति नहीं हुई है। झोपड़ी को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

# उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

36 घंटे की निर्जला तपस्या के बाद छठ व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व छठ संपन्न किया।

महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन यानी मंगलवार सुबह छठ व्रतियों ने पूरी आस्था के साथ उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर आराधना की और परिवार के साथ-साथ सृष्टि के लिए सुख और समृद्धि की कामना की।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए आधी रात के बाद से ही जलाशयों के आसपास मेला जैसा नजारा देखने को मिला। कई व्रतियों ने दंड प्रणाम करते हुए दौरा सजाकर और कई व्रती गाजे बाजे के साथ छठ घाट पहुंची और घंटों पानी में खड़ी होकर भगवान में लीन होते देखी गई।छोटे-बड़े सभी छठ घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में जलाशयों के भीतर खड़े होकर सूर्यदेव की आराधना की।वही परिजन और श्रद्धालु जय छठी मइया के गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा।



**छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया**

किशनगंज जिले के ओद्रा ,खगड़ा देवघाट,धोबी पट्टी, रमजान पुल छठ घाट, घोड़ा मारा छठ घाट, कर्बला धोबीघाट, मोतीबाग छठ घाट, ढेकसरा जिले के विभिन्न तालाबों, नदी तट के साथ-साथ बने जलाशयों में छठव्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और सृष्टि के कल्याण की कामना भगवान सूर्य से की।

महापर्व छठ को लेकर में प्रशासनिक व्यवस्था कुल मिलाकर चुस्त दुरुस्त दिखी, जहां छठ पूजा समितियां लोक आस्था के इस महापर्व का पूरा ख्याल रखा कि छठ व्रतियों को कोई परेशानी न हो।सुबह के अर्घ्य के दौरान भी विशेष व्यवस्था रही।

घाट तक जाने वाले मार्गों को भी फूलों और लाइटिंग से विशेष रूप से सजाया गया था। प्रशासन और नगर परिषद की ओर से घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

**मंगलवार सुबह व्रतियों ने उदयीमान भगवान भास्कर**

सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर भगवान भास्कर से परिवार की सुख-समृद्धि और मनोवांछित फल की कामना की।इसके साथ ही चार दिनों से चल रहा यह महापर्व विधिवत रूप से पूर्ण हुआ। चार दिनों तक चले इस पर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और प्रातः अर्घ्य की परंपराओं के साथ सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा आस्था और श्रद्धा के साथ संपन्न हो गया।

# अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गई सख्त कार्रवाई

**ईचागढ़ में सात लाख पचास हजार सीएफटी अवैध बालू जब्त,बालू माफियाओं में मचा हड़कंप**

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़: सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निदेशांनुसार बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम द्वारा ईचागढ़ थाना एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ईचागढ़ थाना अंतर्गत मौजा बीरडीह एवं जारगोडीह में अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उक्त स्थल बीरडीह में दो लाख पचास हजार सीएफटी तथा जारगोडीह में पांच लाख सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया। दोनों जगहों पर कुल सात लाख पचास हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया।सभी जब्त खनिज को विधिवत जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। इस पर डीएमओ ज्योति शंकर सतपति ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा तथा किसी भी हालत में अवैध खनन एवं परिवहन नहीं करने दिया जाएगा। मामले की अग्रेतर कारवाई किया जाएगा। मौके पर जिला खनन निरिक्षक समीर ओझा,ईचागढ़ थाना के एसआई विश्वजीत तिवारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत मृतक के परिजनों को दिया दो लाख की बीमा राशि

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना गरीबों के लिए एक वरदान साबित हो रही है।इस योजना ने उन लाखों परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हाल में ही रणजीत कुमार पिता नंदन महतो चिल्गो,थाना चतरोचट्टी निवासी ने अपनी मां सरस्वती देवी का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक सीएसपी से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना करवाया था।सरस्वती देवी के मृत्यु के बाद योजना की बीमा राशि दो लाख उनके परिजनों को मिले। जिससे उन्होंने बैंक का आभार व्यक्त किया।

# नई कोयला बिक्री नीति वापस, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की रही अहम भूमिका

**कोल व्यवसाईयो एवं इससे जुडे सभी लोगो के दिल मे रहेंगे गिरिडीह सांसद : सुरेश**

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / डुमरी : कोल इंडिया ने नई कोयला बिक्री नीति को वापस लेने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की अहम भूमिका रही है। सूत्रों के अनुसार, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी लंबे समय से इस नीति का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि नई नीति से कोयला मजदूरों, ट्रांसपोर्टरों और स्थानीय व्यापारियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने इस मुद्दे को न केवल संसद में उठाया, बल्कि मंत्रालय के स्तर पर भी कई बार चर्चा की और जनहित को सर्वोपरि रखा। सांसद के सतत प्रयासों और जनदबाव के चलते सरकार को अंततः नीति वापस लेनी पड़ी। इस निर्णय के बाद पूरे झारखंड के कोयला क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वही सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो, जलेश्व महतो उर्फ जद्दू, जितेंद्र यादव,दीपक महतो,सोनू चौधरी , मिथलेश कुमार सहित स्थानीय लोगों ने सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के नेतृत्व और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक बार फिर साबित किया है कि वे जनता के सच्चे प्रतिनिधि हैं। साथ ही सुरेश महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद कोल व्यवसाईयो एवं इससे जुडे सभी लोगो के दिल मे रहेंगे। वही जनता की आवाज और सांसद का संघर्ष कोयला क्षेत्र को मिली बड़ी राहत ।